

बंगाल में भाजपा दुर्गा स्क्वाड बनाएगी, सातवां वेतन आयोग लागू करेगी : राजनाथ
-12



कोर सेक्टर का उत्पादन मार्च में 0.4 प्रतिशत गिरा पांच महीने की बढ़त पर लगी रोक
-12



प्रधानमंत्री के हाथों उद्घाटन से ऐन पहले राजस्थान की रिफाइनरी में भीषण आग
-13



दिल्ली के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का लाभ लेना चाहेगा सनराइजर्स हैदराबाद
-14

आज का मौसम
42.0⁰ अधिकतम तापमान
24.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.41
सूर्यास्त 06.34

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी 01:20 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 21 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 240, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये

# किसानों को बड़ी राहत, अब बिना फार्मर रजिस्ट्री भी बेच सकेंगे गेहूं

## मुख्यमंत्री योगी का बड़ा फैसला, जिलाधिकारियों को तत्काल व्यवस्था लागू करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लाखों किसानों को बड़ी राहत देते हुए गेहूं खरीद की प्रक्रिया में एक बड़ा बदलाव किया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को निर्देश दिया कि अब किसान बिना 'फार्मर रजिस्ट्री' के भी सरकारी क्रय केंद्रों पर अपनी उपज (गेहूं) बेच सकेंगे। कृषि विभाग और प्रशासन के सख्त निर्देशों के बीच आए मुख्यमंत्री के इस फैसले ने उन किसानों की चिंता दूर कर दी है, जो तकनीकी कारणों से अपनी रजिस्ट्री नहीं करा पाए थे।

पिछले कुछ समय से कृषि मंत्री, मुख्य सचिव और कृषि विभाग की ओर से यह अनिवार्य किया गया था कि बिना फार्मर रजिस्ट्री के गेहूं की खरीद नहीं की जाएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के कई किसानों को असुविधा हो रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि किसी भी किसान को केवल रजिस्ट्री के अभाव में क्रय केंद्रों से वापस नहीं लौटाया जाएगा। किसान अब पहले की तरह ही अपनी उपज बेच सकेंगे।



- किसी भी किसान को केवल रजिस्ट्री के अभाव में क्रय केंद्रों से अब नहीं लौटाया जाएगा वापस



### भीषण गर्मी में सुविधाओं के विशेष निर्देश

मुख्यमंत्री ने केवल खरीद प्रक्रिया ही नहीं, बल्कि किसानों की सुविधा पर भी जोर दिया है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी सरकारी क्रय केंद्रों पर पीने के पानी, पंखों और छाया (छाजन) की उचित व्यवस्था हो। किसानों को केंद्रों पर बैठने और सम्मानजनक वातावरण में अपनी फसल बेचने का अवसर मिले।

### अब तक खरीद

खाद्य एवं रसद विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार सोमवार सुबह तक प्रदेश में खरीद की स्थिति इस प्रकार है।

**कुल खरीद** : 2.38 लाख मीट्रिक टन।

**लाभान्वित किसान** : 42 हजार से अधिक।

**कुल पंजीकरण** : अब तक 4.77 लाख से अधिक किसानों ने गेहूं बिक्री के लिए अपना पंजीकरण करा लिया है।

**क्रय केंद्र** : पूरे प्रदेश में 5400 से अधिक केंद्रों पर खरीद की जा रही है।

### अतिरिक्त 25 लाख टन निर्यात की मंजूरी

नई दिल्ली। सरकार ने मजबूत उत्पादन की संभावना और पर्याप्त भंडार को देखते हुए सोमवार को गेहूं के अतिरिक्त 25 लाख टन निर्यात की अनुमति दे दी, जिससे कुल स्वी वापस कृत निर्यात मात्रा बढ़कर 50 लाख टन हो गई है। खाद्य मंत्रालय ने बयान में कहा कि गेहूं उत्पादन के अनुकूल अनुमान और उच्च भंडार उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त निर्यात की अनुमति देना उचित समझा गया।

# अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की वार्ता पर मंडराया संकट

इस्लामाबाद/वाशिंगटन, एजेंसी



- इस्लामाबाद में वार्ता से पहले मुनीर बोले- होर्मुज पर अमेरिकी नाकाबंदी रही तो बातचीत मुश्किल
- अमेरिका ने ईरानी जहाज को कब्जे में लेने का जारी किया वीडियो
- ट्रंप बोले- ईरान ने सीजफायर तोड़ा तो बहुत सारे बम फूटेंगे

अमेरिका और ईरान के एक दूसरे को लेकर कड़े तेवर अपनाए जाने के बीच मंगलवार को होने वाली बहुचर्चित शांति वार्ता के दूसरे दौर पर एकदिन पहले सोमवार को अनिश्चितता छाई रही। सोमवार को ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा कि उनके देश ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह अमेरिका के साथ वार्ता के अगले दौर में भाग लेगा या नहीं। इस्लामाबाद में वार्ता से पहले मुनीर बोले- होर्मुज पर अमेरिकी नाकाबंदी रही तो बातचीत मुश्किल

इससे पहले, ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालीबाफ ने कहा था कि तेहरान अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखे हुए है, लेकिन नए सिरे से तनाव बढ़ने की आशंकाओं के बीच आवश्यक उपाय करने के लिए तैयार है। दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नौसेना ने होर्मुज की नाकाबंदी से बचने की कोशिश कर रहे एक ईरानी जहाज को निशाना बनाया। सोमवार को तेहरान में बकाई ने कहा, फिलहाल, जब तक मैं आपकी सेवा में हूं, हमारे पास बातचीत के अगले दौर के लिए कोई योजना नहीं है, और इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि अमेरिका कूटनीति को आगे बढ़ाने के बारे में गंभीर नहीं था और उन्होंने दो सप्ताह के युद्धविराम के उल्लंघनों का हवाला दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सोमवार तड़के ईरानी मालवाहक जहाज पर अमेरिकी हमला, ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी ये सभी युद्धविराम का स्पष्ट उल्लंघन थे। इसी बीच ट्रंप ने कहा कि ईरान ने अगर सीजफायर तोड़ा तो बहुत सारे बम फूटने शुरू हो जाएंगे।

### ईरान-अमेरिका तनाव और होर्मुज संकट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

**न्यूयॉर्क।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी गतिरोध के कारण टैंकरों को होर्मुज से गुजरने से रोके जाने के बाद रविवार को शुरुआती कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह फारस की खाड़ी का वह महत्वपूर्ण जलमार्ग है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत अहम माना जाता है। शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज में कारोबार शुरू होने के बाद अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 6.4 प्रतिशत बढ़कर 87.88 डॉलर प्रति बैरल हो गई। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 6.5 प्रतिशत बढ़कर 96.25 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई।

## न्यूज ब्रीफ

### बैंक धोखाधड़ी: आरकॉम के दो वरिष्ठ अधिकारियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने सोमवार को बताया कि एजेंसी ने अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के दो वरिष्ठ अधिकारियों को कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने गिरफ्तार अधिकारियों की पहचान आरकॉम के उपाध्यक्ष अनिल कालिया और संयुक्त अध्यक्ष डी. विश्वनाथ के रूप में की है। केंद्रीय एजेंसी अदालत से आरोपियों की रिमांड का अनुरोध करेगी। यह जांच आरकॉम, अनिल अंबानी और अन्य आरोपियों से संबंधित है, जो भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शिकायत के आधार पर दर्ज की गई है।

### उपराष्ट्रपति ने श्रीलंका दौरा के दौरान समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**कोलंबो।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने श्रीलंका की अपनी दो दिवसीय यात्रा का सोमवार को समापन किया। इस दौरान उन्होंने द्वीपीय राष्ट्र के शीर्ष नेतृत्व के साथ वार्ता की और दोनों देशों ने द्विपक्षीय सहयोग को प्रगाढ़ करने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। राधाकृष्णन श्रीलंका का दौरा करने वाले पहले उपराष्ट्रपति हैं। वह रविवार को कोलंबो पहुंचे और राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ बातचीत की। राधाकृष्णन ने भारत की पड़ोस पहले नीति और विकासात्मक द्विपक्षीय सहयोग पर जोर दिया।

### दिल्ली दंगे मामले में उमर खालिद की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने कार्यकर्ता उमर खालिद की उस याचिका को ठुकरा दिया है जिसमें उसने फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले में उसकी जमानत अर्जी को खारिज किए जाने के फैसले पर पुनर्विचार का अनुरोध किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि दिल्ली दंगों के पीछे की साजिश के सिलसिले में खालिद के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर भरोसा करने के लिए उचित आधार हैं। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने पुनर्विचार याचिका पर मौखिक सुनवाई के आग्रह वाली याचिका भी खारिज कर दी।

### एमसीएक्स को कोयला एक्सचेंज गठित करने के लिए सेबी की मंजूरी

**नई दिल्ली।** अब सोना-चांदी की तरह निवेशक आने वाले समय में कोयले में भी ट्रेडिंग कर सकेंगे। सेबी ने इसको लेकर मंजूरी दे दी है। एमसीएक्स ने सोमवार को कहा कि उसे 17 अप्रैल को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से निवेश की मंजूरी मिली। शेयर बाजार को दी गयी सूचना के अनुसार, जिंस बाजार एक नई पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बनाने की योजना बना रहा है। उसका नाम संभवत: एमसीएक्स कोल एक्सचेंज लि. या एमसीएक्स कोल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. होगा। एमसीएक्स ने कहा कि वह कोयला एक्सचेंज नियमों के मसौदे के तहत न्यूनतम नेटवर्थ आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नई अनुषंगी कंपनी में 100 करोड़ तक की पूंजी लगाएगा और शुरू में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेगा।

# उधमपुर में 100 मीटर गहरी खाई में गिरी बस, 21 की मौत, 51 घायल

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सोमवार को एक बस के पहाड़ी मार्ग से गिरने के कारण 21 लोगों की मौत हो गई और 51 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि बस ने एक ऑटो-रिक्शा को भी अपनी चपेट में ले लिया जिससे तीपहिया वाहन में सवार लोग घायल हो गए। यह हादसा सुबह करीब 10 बजे रामनगर में एक तीखे मोड़ पर उस वक्त हुआ जब निजी बस का चालक नियंत्रण खो बैठा।

पहाड़ी मार्ग से गुजर रहे सेना के एक काफिले ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। बस में करीब 70 यात्री सवार थे जिनमें अधिकांश अपने दैनिक कामकाज के लिए रामनगर से उधमपुर जा रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसका ऊपरी हिस्सा लगभग पूरी तरह उखड़ गया जिससे बचाव अभियान बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया। उधमपुर-रियासी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक शिव कुमार शर्मा ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा, रामनगर से उधमपुर जा रही बस पहाड़ी रास्ते पर नियंत्रण खो बैठी और ढलान से नीचे गिरकर सड़क पर पलट गई तथा एक ऑटो-रिक्शा भी इसकी चपेट में आ गया। मौके पर 15 यात्रियों को मृत पाया गया जबकि चार अन्य ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि उधमपुर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल दो और लोगों की मौत हो गई जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 21 हो गई।

शर्मा ने कहा कि स्थानीय निवासियों ने बचाव कार्य में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उधमपुर में हुआ यह दुखद सड़क हादसा दिल दहला देने वाला है। मेरी गहरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। सिन्हा ने कहा कि उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग को प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है।



- सेना के एक काफिले ने तत्काल बचाव अभियान चलाया
- बस में सवार थे 70 से भी अधिक यात्री, कई गंभीर

### रामनगर क्षेत्र में तीखे मोड़ पर हुआ था हादसा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रामनगर के थाना प्रभारी और अन्य अधिकारी समेत पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर सेना के जवानों के साथ संयुक्त बचाव अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि हादसा रामनगर क्षेत्र में तीखे मोड़ पर हुआ था। हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से वाहन को सीधा किया गया। पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात और जम्मू जोन के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी फोन पर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। उधमपुर से रामनगर जा रहे एक सैन्य काफिले का नेतृत्व कर रहे एक जवान ने बताया कि बस को पहाड़ी से नीचे लुढ़कते देख उन्होंने तुरंत कार्रवाई की। उसने कहा, मैं काफिले का नेतृत्व कर रहा था, तभी यह हादसा हुआ। वाहन करीब 100 मीटर की ऊंचाई से गिरा। हमने तुरंत क्षेत्र की घेराबंदी कर बचाव अभियान शुरू किया और कड़ी मशक्कत से यात्रियों को निकाला।

## महिला आरक्षण पर यूपी विस का विशेष सत्र 30 अप्रैल को

अमृत विचार, लखनऊ। योगी सरकार ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर सियासी घमासान के बीच 30 अप्रैल को विधानमंडल का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाने का फैसला लिया है। रविवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। विशेष सत्र का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति वंदन अधिनियम का संसद से पारित न होने के खिलाफ चर्चा कराना है।

बिल पर 528 सांसदों ने वोट किया। इसका दो तिहाई 352 होता है, लेकिन बिल के समर्थन में 298 वोट ही मिले। एनडीए के पास 293 सांसद हैं। भाजपा सिर्फ पांच अन्य सांसदों को जोड़ पाई। बाकी विपक्ष को विश्वास में लेने में सफल नहीं हुई, इसलिए बिल पास नहीं करा पाई। अब यूपी के सत्र में सरकार विपक्ष के रुख के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की भी तैयारी कर रही है। विपक्ष पर महिला विरोधी रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए भाजपा सरकार सदन में अपना पक्ष रखेगी। सत्र बुलाने के लिए सदस्यों को कम से कम सात दिन पहले सूचना देने का प्रावधान होने के कारण कैबिनेट ने तत्काल बाई सर्कुलेशन से मंजूरी ली।

### भव्य सजावट



उत्तराखंड की चार धाम यात्रा शुरू हो चुकी है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट विधि विधान से खोले जा चुके हैं। केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल सुबह 8:00 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। इसको लेकर तैयारी जोरों-शोरों से चल रही है। खासकर केदारनाथ मंदिर को फूलों से सजाया जा रहा है।

## जापान में 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप सुनामी की चेतावनी

**तोक्यो।** उत्तरी जापान के तटीय क्षेत्र के पास 7.4 तीव्रता का एक शक्तिशाली भूकंप आया और जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने स्थिति को देखते हुए सुनामी का अलर्ट जारी किया है। इस भूकंप का केंद्र उत्तरी जापान के सनरिकु तट के पास समुद्र की सतह से लगभग 10 किलोमीटर की गहराई में था। कुजी बंदरगाह पर करीब 80 सेंटीमीटर (2.6 फुट) ऊंची लहरे उठीं, जबकि इसी प्रांत के एक अन्य बंदरगाह पर लगभग 40 सेंटीमीटर (1.3 फुट) ऊंची लहर दर्ज की गई।

# आजम-अब्दुल्ला की सजा बरकरार

### दो पैनकार्ड का मामला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर





- एमपी-एमएलए कोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर की गई थी याचिका
- सेशन कोर्ट ने खारिज की अपील दोनों को सात-सात साल की सजा

**अमृत विचारः** दो पैन कार्ड मामले में सेशन कोर्ट ने सोमवार को सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की सात-सात साल की सजा को बरकरार रखा है। अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट की सात साल की सजा के खिलाफ आजम और उनके बेटे ने सेशन कोर्ट में अपील की थी।

कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। नगर विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में सिविल लाइंस थाने में अब्दुल्ला पर अलग-अलग जन्मतिथि से दो पैन कार्ड बनवाने की शिकायत की थी। जांच में आजम खां की भूमिका भी सामने आई, इसके बाद उन्हें भी आरोपी बनाया। शिकायतकर्ता के अनुसार अब्दुल्ला ने फर्जी दस्तावेजों से दो अलग-अलग जन्मतिथि वाले पैन कार्ड बनवाए थे। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 17 नवंबर 2025 को दोनों को दोषी ठहराते हुए 7-7 साल की सजा व 50 हजार का जुर्माना भी लगाया था। सजा के बाद से दोनों जेल में बंद हैं। आजम और अब्दुल्ला ने 25 नवंबर 2025 को निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए सेशन कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिला शासकीय अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि कोर्ट ने दलीलों को अपर्याप्त माना और अपील खारिज कर दी।

# वोटरों से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा अनुमानों के आधार पर जांच नहीं करा सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

### बंगाल एसआईआर



- मतदाता सूची में पांच से सात लाख मतदाताओं के नाम जोड़े जाने का मामला

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में पांच से सात लाख मतदाताओं के नाम जोड़े जाने का उल्लेख किए जाने पर सोमवार को कहा, हम अनुमानों के आधार पर जांच नहीं करा सकते। वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया।

गुरुस्वामी ने मीडिया में आईं खबरों का हवाला देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में फॉर्म-6 का उपयोग करके पांच से सात लाख मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। पहली बार किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जोड़ने या फिर किसी मतदाता का नाम एक निर्वाचन क्षेत्र से दूसरे निर्वाचन क्षेत्र में स्थानातंरित करने के लिए फॉर्म-6 का उपयोग किया जाता है। गुरुस्वामी ने कहा कि कट-ऑफ तिथि के बाद मतदाता सूची में फॉर्म-6 के जरिए किसी मतदाता का नाम जोड़ने की अनुमति नहीं है।

उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम जोड़े जाने से राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव में प्रभाव पड़ सकता है। सीजेआई ने कहा, आप इसे चुनौती दें, हम गौर करेंगे। गुरुस्वामी ने कहा कि उनके पास पर्याप्त जानकारी नहीं है और अंतिम मतदाता सूची अभी जारी नहीं हुई है। सीजेआई ने कहा, हम अनुमान के आधार पर जांच नहीं करा सकते।

### जनता दर्शन

**मुख्यमंत्री ने आवास, इलाज और शिक्षा से जुड़े मामलों में तुरंत कार्रवाई के दिए आदेश**

# जनसेवा सरकार का कर्तव्य, सभी को मिलेगा न्याय : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित जनता दर्शन में प्रदेश भर से आए फरियादियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसेवा सरकार का कर्तव्य है और सरकार इसी पथ पर चलते हुए प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा कर रही है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। लखनऊ में सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर जनता दर्शन में पहुंचे लोगों ने आवास, इलाज, शिक्षा, अवैध कब्जे और पुलिस से जुड़े मामलों को उठाया, जिन पर सीएम ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। बरेली की दीप्ति ने आर्थिक तंगी और बच्चों के पालन-पोषण की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि उन्हें पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिलाकर समस्या का समाधान कराया जाए। मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता से भावुक दीप्ति ने आभार व्यक्त किया। आवास की मांग लेकर पहुंचे लोगों को आश्वस्त करते हुए सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत हर पात्र व्यक्ति को पक्का मकान दिया जा रहा है। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्रता के आधार पर आवेदकों को शीघ्र लाभ दिलाया जाए। इलाज के लिए सहायता मांगने वालों के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल एस्टिमेट तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए।



लखनऊ में जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी।


### अवैध कब्जे, पुलिस से जुड़े मामलों पर सख्त निर्देश

मुख्यमंत्री योगी ने अवैध कब्जे और पुलिस से जुड़े मामलों में लापरवाही का भी संज्ञान लिया। ऐसे प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई कराने का निर्देश देते हुए कहा कि स्थानीय पुलिस-प्रशासन समस्या का समाधान कराकर पीड़ितों को संतुष्ट करे।

# राम का नाम लेने से चिढ़ती हैं ममता दीदी : योगी

## पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री बोले -यूपी में अब न सड़कों पर इफ्तारी-नमाज, न सुनाई देती मस्जिद से अजान की आवाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ पश्चिम बंगाल






पश्चिम बंगाल में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उपस्थित जनसमूह।

**अमृत विचारः** पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को ताबड़तोड़ सभाएं करके ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बंगाल में नौजवान परेशान हैं, किसान हताश हैं और उद्योग-धंधे चौपट हो चुके हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में उलझी हुई है। आरोप लगाया कि ममता दीदी बंगाल में राम का नाम लेने पर चिढ़ती हैं। जबकि अब यूपी में सड़कों पर इफ्तारी और नमाज नहीं होती है। मस्जिद से अजान भी नहीं सुनाई देती।

मुख्यमंत्री योगी ने ने पिंगला से भाजपा प्रत्याशी स्वागता मन्ना, जॉयपुर (पुरुलिया) से विश्वजीत महतो और गारबेटा से प्रदीप लोढ़ा के समर्थन आयोजित जनसभाओं कहा कि यूपी में विधर्मियों के हौसले पस्त हुए हैं। आज न कर्फ्यू है, न दंगे। अब एक ही नारा गूंजता है 'न गौ माता को कटने देंगे, न हिंदुओं को बंटने देंगे'। हर जाति का हिंदू सुरक्षित और समृद्ध है। यूपी का यह मॉडल साबित करता है कि डबल इंजन सरकार आने से विकास होता है और बंगाल में भी यही बदलाव लाना है। योगी ने कहा कि अयोध्या में आसमान को छूता भव्य राम मंदिर का निर्माण हो गया है। हर भारतीय को सीना तानकर खड़े होने और मर्यादा की प्रेरणा देने वाला राम मंदिर बताता है कि आस्था झुकती, रुकती, टूटती नहीं है। बस चुनौती का सामना करने की इच्छाशक्ति हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल में आज जो अराजकता, गुंडागर्दी और तुष्टिकरण की स्थिति है, यही स्थिति वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश में थी। उस समय यूपी में पर्व-त्योहार से पहले दंगे होते थे, कर्फ्यू लगा रहता था, लव जिहाद-लैंड जिहाद आम थे और गौ-हत्या सरेआम होती थी। लेकिन जब डबल इंजन की भाजपा सरकार बनी, तो सब बदल गया।

### यूपी में माफिया पर चलता है बुलडोजर

सीएम योगी ने कहा कि यूपी में गोहत्या, लवजेहाद, लैंडजेहाद नहीं हो सकता। माफिया व गुंडों ने हिमाकत की तो बुलडोजर उसकी हड्डी-पसली को चकनाचूर कर देता है। टीएमसी का मतलब टेरर, माफियाराज व करप्शन है। इसे केवल भाजपा सरकार ही समाप्त कर सकती है।

### उद्योग और रोजगार को लेकर लगाए आरोप

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि बंगाल में बीते वर्षों में हजारों उद्योग बंद हुए और लाखों युवा बेरोजगार हो गए। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टिकरण की राजनीति के कारण अवैध गतिविधियों और माफियाओं पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है।

# राहुल मामले में जज ने खुद को सुनवाई से किया अलग

विधि संवाददाता, लखनऊ

- याची की ओर से सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों को माना अदालत पर प्रतिकूल टिप्पणी

**अमृत विचारः** राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता विवाद मामले में सुनवाई कर रहे हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया है। न्यायालय ने मामले के रिकॉर्ड को मुख्य न्यायमूर्ति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है ताकि नई बेंच को मामले को आवंटित किया जा सके।

सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने याची एस. विग्नेश शिशिर द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए कई विवादित पोस्ट का जिक्र किया। उक्त पोस्ट्स में न्यायालय पर गंभीर आरोप लगाए गए थे, पोस्ट्स में 'फाउल प्ले', 'बैक रूम एक्सरसाइज' और 'डीप स्टेट' जैसे शब्दों का उपयोग किया गया, जिससे न्यायालय की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगा। न्यायालय ने इन टिप्पणियों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि याची ने अदालत के प्रति विश्वास खो दिया है और सार्वजनिक रूप से इसकी गरिमा को ठेस पहुंचाई है। एकल पीठ ने अपने आदेश में आगे कहा कि इस प्रकार के आरोप न्यायालय के विरुद्ध आक्षेप लगाने के समान हैं और ऐसी स्थिति में उनके लिए इस मामले की सुनवाई इसी पीठ द्वारा जारी रखना उचित नहीं है। इसके अतिरिक्त, न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि याची एवं अन्य अधिवक्ताओं द्वारा कानून की सही स्थिति कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं की गई, जिससे न्यायिक समय की अनावश्यक हानि हुई। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व निर्णयों का हवाला देते हुए न्यायालय ने कहा कि अधिवक्ताओं का कर्तव्य है कि वे न्यायालय की निष्पक्ष सहायता करें और सही कानूनी स्थिति प्रस्तुत करें।

## न्यूज ब्रीफ

### झोलाछाप और अनधिकृत चिकित्सा पर सख्ती की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पदाधिकारियों ने सोमवार को योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर प्रदेश में झोलाछाप और अनधिकृत चिकित्सा गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की। आईएमए के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार अस्थाना और सचिव डॉ. श्वेता श्रीवास्तव ने कहा कि झोलाछाप चिकित्सक गैरकानूनी तरीके से इलाज कर मरीजों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि समस्या के समाधान के लिए एक समन्वित कमेटी गठित की जाए, जो ऐसे अवैध चिकित्सकों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करे। प्रतिनिधिमंडल ने जनस्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में आईएमए की भूमिका बढ़ाने का प्रस्ताव भी रखा। साथ ही संगठन के नए भवन निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि आवंटन की मांग की गई। मुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं को सुनकर जनहित से जुड़े मामलों में आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान आईएमए के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक पुनर्जागरण पर जोर, 'रश्मिरथी पर्व' 24 से 26 तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकास के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में 24 से 26 अप्रैल तक लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'रश्मिरथी पर्व' का आयोजन प्रस्तावित है। यह कार्यक्रम रामधारी सिंह दिनकर की कृति 'रश्मिरथी' के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री के अनुसार, कार्यक्रम में साहित्यिक परिचर्चा, नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। इसमें मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेंगे। सरकार का कहना है कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को साहित्य और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को मुख्य सचिव ने दी नसीहत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने वर्ष 2024 बैच के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट के दौरान कहा कि प्रशासनिक सेवा का मूल आधार ईमानदारी, समर्पण और जनता से सतत संवाद है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपनी कार्यशैली में संवेदनशीलता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। साथ ही, जनप्रतिनिधियों से तालमेल जरूरी है। मुख्य सचिव ने सोमवार को प्रशिक्षु अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें राष्ट्र सेवा का महत्वपूर्ण अवसर मिला है। उन्होंने जोर दिया कि सभी अधिकारी पूर्ण ईमानदारी, समर्पण और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा उत्तर प्रदेश की सकारात्मक छवि को सुदृढ़ बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपने प्रशिक्षण अनुभव साझा किए, जिस पर मुख्य सचिव ने विस्तार से चर्चा की।

# नासा के 'वर्ल्ड नाइट मैप' में चमका यूपी, ऊर्जा नीति को वैश्विक पहचान

## हर घर रोशनी मॉडल को मिली अंतरराष्ट्रीय मान्यता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उत्पादन से वितरण तक सुधारों का असर

**अमृत विचारः** प्रदेश की ऊर्जा व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। नासा द्वारा जारी 'वर्ल्ड नाइट मैप' में उत्तर प्रदेश दुनिया के सबसे अधिक रोशन क्षेत्रों में प्रमुखता से उभरा है। यह उपलब्धि राज्य में बिजली आपूर्ति और ऊर्जा प्रबंधन में हुए व्यापक सुधारों का संकेत मानी जा रही है।

नासा के इस मैप में 2014 से 2022 के बीच पृथ्वी पर रात के समय रोशनी में हुए बदलाव को दर्शाया गया है। वैज्ञानिकों ने नौ वर्षों में एकत्रित 16 लाख से अधिक सैटेलाइट तस्वीरों के विश्लेषण के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला कि उत्तरी भारत, खासकर उत्तर प्रदेश में रोशनी का स्तर तेजी से बढ़ा है।



सैटेलाइट से लिया गया चित्र।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में "सबको बिजली, पर्याप्त बिजली और गुणवत्तापूर्ण बिजली" के लक्ष्य को लेकर लगातार काम किया गया। इसके तहत गांव से शहर तक बिजली आपूर्ति को मजबूत किया गया और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की सक्रियता से उत्पादन क्षमता बढ़ाने, ट्रांसमिशन नेटवर्क मजबूत करने और वितरण प्रणाली को सुधारने के लिए कई कदम उठाए गए। नए उपकेंद्रों की स्थापना, जर्जर लाइनों के आधुनिकीकरण और स्मार्ट तकनीकों के उपयोग से बिजली आपूर्ति अधिक स्थिर हुई है। डिजिटल तकनीकों के इस्तेमाल से उपभोक्ताओं को रियल-टाइम जानकारी और ऑनलाइन सेवाएं मिल रही हैं, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है। वहीं निर्बाध बिजली आपूर्ति से कृषि, उद्योग और निवेश को भी नई गति मिली है। नासा के इस वैश्विक आकलन ने उत्तर प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में किए गए सुधारों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित कर दिया है, जिससे आने वाले समय में निवेश और नवाचार को और गति मिलने की उम्मीद है।

# 10 डीएम समेत 24 आईएएस अफसरों के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शशांक त्रिपाठी अयोध्या, ईशा प्रिया अंबेडकरनगर और ईशान प्रताप सिंह बाराबंकी के डीएम बने
- शासन से लेकर जिलों तक व्यापक फेरबदल, विकास प्राधिकरण भी प्रभावित

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने सोमवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 10 जिलाधिकारियों समेत 24 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। शशांक त्रिपाठी को अयोध्या, ईशान प्रताप सिंह को बाराबंकी और ईशा प्रिया को अंबेडकरनगर का डीएम बनाया गया है। इससे पहले रविवार देर रात 15 जिलाधिकारियों समेत 40 आईएएस अफसरों के स्थानांतरण किए गए थे। लगातार दो दिनों में हुए इन बड़े बदलावों से शासन-प्रशासन में हलचल तेज हो गई है।

प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक मशीनरी में बड़ा बदलाव करते हुए 24 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। खास बात यह है कि इस सूची में 10 जिलों के जिलाधिकारी बदले गए हैं, जिससे जिला प्रशासन की कमान नए हाथों में सौंपी गई है। आदेश के अनुसार, अविनाश कुमार को अलीगढ़, अरविंद सिंह को एटा, अमित आसेरी को बांदा, डॉ. अंकुर लाठर को फर्रुखाबाद, कविता मीना को हापुड़ और ईशा प्रिया को अंबेडकर नगर का जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं, चर्चित गौड़ को सोनभद्र, अनुपम शुक्ला को गाजीपुर, बाराबंकी के डीएम शशांक त्रिपाठी को अयोध्या और ईशान प्रताप सिंह को बाराबंकी के नए डीएम की जिम्मेदारी दी गई है।

आठ आईएएस अधिकारियों को शासन में विशेष सचिव स्तर पर नई जिम्मेदारी मिली। इसमें अयोध्या के डीएम निखिल टीकाराम फुंडे को मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष सचिव बनाया गया है। एटा के डीएम प्रेम रंजन सिंह को अपर राज्य परियोजना निदेशक (सर्व शिक्षा अभियान) व निदेशक, मध्यान्ह भोजन अधिकरण की जिम्मेदारी दी गई है। हापुड़ के डीएम अभिषेक पाण्डेय को अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त (राजस्व परिषद) बनाया गया, जबकि अलीगढ़ के डीएम संजीव रंजन को कृषि विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। बांदा की डीएम जे. रीभा को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है, वहीं इस विभाग में तैनात अरुण कुमार को इस प्रभार से मुक्त किया गया। फर्रुखाबाद के डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी को लोक निर्माण विभाग में विशेष सचिव और सोनभद्र के डीएम बद्री नाथ सिंह को उच्च शिक्षा विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है।

इसके अलावा तीन आईएएस अधिकारियों को विकास प्राधिकरणों और तीन आईएएस अधिकारियों को मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया। कानपुर नगर के मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन को यूपी राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया। शाहजहांपुर की सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह को बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष और सीतापुर की सीडीओ प्रणता ऐश्वर्या को मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सोनभद्र के अपर जिलाधिकारी उत्कर्ष त्रिवेदी को शाहजहांपुर का सीडीओ, मथुरा के अपर जिलाधिकारी अभिनव जे जैन को कानपुर नगर का सीडीओ और मेरठ की अपर जिलाधिकारी दीक्षा जोशी को सीतापुर का सीडीओ बनाया गया है। इस तरह कुल 24 अधिकारियों के तबादलों में जिला प्रशासन, शासन, विकास प्राधिकरण और योजनागत विभागों तक व्यापक फेरबदल किया गया है।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर 120 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेंगे वाहन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पीएम मोदी 29 को करेंगे लोकार्पण, मेरठ से प्रयागराज सिर्फ 6-7 घंटे में
- टोल प्लाजा, एयरस्ट्रिप और आधुनिक सुविधाओं से लैस हाई-स्पीड कॉरिडोर

**अमृत विचारः** प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में बड़ा कदम साबित होने जा रहा गंगा एक्सप्रेस-वे 29 अप्रैल को लोकार्पित होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। यह एक्सप्रेस-वे पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश को सीधे जोड़ते हुए प्रदेश में हाई-स्पीड कनेक्टिविटी का नया युग शुरू करेगा। करीब 594 किमी लंबे इस एक्सप्रेस-वे को 120 किमी/घंटा की रफ्तार के हिसाब से डिजाइन किया गया है। इससे मेरठ से प्रयागराज का सफर, जो पहले 10-12 घंटे लेता था, अब महज 6-7 घंटे में पूरा हो सकेगा।

गंगा एक्सप्रेस-वे केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के आर्थिक और औद्योगिक विकास का इंजन बनने जा रहा है। बेहतर कनेक्टिविटी से प्रदेश 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में और मजबूत होगा और विकास को नई रफ्तार मिलेगी। एक्सप्रेस-वे 6 लेन में तैयार किया गया है, जिसे भविष्य में 8 लेन तक बढ़ाया जा सकेगा। 120 मीटर चौड़े राइट



गंगा एक्सप्रेस-वे पर तैयार टोल प्लाजा। अमृत विचार

ऑफ वे के साथ यह परियोजना आधुनिक इंजीनियरिंग का उदाहरण है। परियोजना में गंगा नदी पर 960 मीटर और रामगंगा नदी पर 720 मीटर लंबे पुल बनाए गए हैं, जो बाढ़ और जल प्रवाह को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किए गए हैं।

शाहजहांपुर के पास 3.5 किमी लंबी एयरस्ट्रिप इस एक्सप्रेस-वे की खास पहचान है। यहां भारतीय वायुसेना इमरजेंसी लैंडिंग ड्रिल कर चुकी है। आपात स्थिति में यह सुविधा बेहद उपयोगी साबित होगी।

### ये होंगी सुविधाएं

- *2 मुख्य टोल प्लाजा (मेरठ और प्रयागराज)
- *19 रैंप टोल प्लाजा—आसान एंट्री और एग्जिट
- *9 जनसुविधा परिसर—ईंधन, भोजन, शौचालय, विश्राम
- *लंबी दूरी की यात्रा होगी अधिक सुरक्षित और आरामदायक

### क्या बदल जाएगा

- *पश्चिमी यूपी के उद्योग और पूर्वी यूपी की कृषि को सीधा लाभ
- *माल ढुलाई की लागत और समय में कमी
- *धार्मिक व पर्यटन स्थलों तक आसान पहुंच

# ट्रांसफर सत्र शून्य करने की मांग मुख्यमंत्री को भेजे 21 सुझाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने वर्ष 2026-27 के स्थानांतरण सत्र को शून्य घोषित करने की मांग उठाई है। परिषद अध्यक्ष जेएन तिवारी ने मुख्यमंत्री को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर तबादला नीति पर 21 बिंदुओं के सुझाव प्रस्तुत किए हैं।

परिषद का कहना है कि वर्ष 2027 में संभावित विधानसभा चुनाव को देखते हुए 2026-27 का ट्रांसफर सत्र अत्यंत संवेदनशील रहेगा। बड़े पैमाने पर तबादलों से प्रशासनिक कार्य और चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है, इसलिए सामान्य स्थानांतरण पर रोक लगाई जानी चाहिए। हालांकि, अपरिहार्य परिस्थितियों में अधिकतम 10 प्रतिशत तक ही तबादले किए जाने का सुझाव दिया गया है।

परिषद ने यह भी मांग की है कि स्थानांतरण सत्र समाप्त होने के बाद किसी भी स्थिति में तबादले न किए जाएं। आरोप है कि कई विभागों में सत्र खत्म होने के बाद भी तबादले होते हैं, जिससे पारदर्शिता प्रभावित होती है। सुझावों में पति-पत्नी को एक ही स्थान पर तैनाती, दिव्यांग या गंभीर बीमार बच्चों के अभिभावकों को छूट, और सेवानिवृत्ति से दो वर्ष पहले कर्मचारियों को गृह जनपद में पोस्टिंग जैसे प्रावधान शामिल हैं।

# आधी आबादी के अधिकारों से किया खिलवाड़ः पंकज चौधरी

**अमृत विचार, लखनऊ/ महराजगंज :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को महराजगंज में विपक्ष पर महिला आरक्षण को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि महिलाओं को नीति निर्धारण में भागीदारी देने के लिए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का ऐतिहासिक विधेयक लाया गया, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन के दलों ने इसे पारित नहीं होने दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष महिला आरक्षण का केवल दिखावटी समर्थन करता है, जबकि वास्तविकता में वह महिलाओं को उनका अधिकार देने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने इंडी गठबंधन को "एंटी वूमेन एलायंस" करार देते हुए कहा कि देश का विकास आधी आबादी की भागीदारी के बिना संभव नहीं है और महिलाएं ऐसे विरोधी रुख को स्वीकार नहीं करेंगी।

# काशी में अब मिलेगी 'डिजिटल लगेज लॉकर' की सुविधा

**अमृत विचार, लखनऊ/ वाराणसीः** वाराणसी में बाबा के दर्शन और गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को अब अपने सामान की सुरक्षा की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और प्रमुख घाटों के आसपास डिजिटल लगेज लॉकर की सुविधा विकसित की जा रही है।

इस पहल के तहत श्रद्धालु अपने मोबाइल, बैग, कपड़े या सूटकेस तक सुरक्षित रख सकेंगे और बेफिक्र होकर दर्शन व गंगा स्नान कर पाएंगे। यह सुविधा डिजिटल भुगतान आधारित होगी, जिससे उपयोग आसान और पारदर्शी रहेगा। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के अनुसार, श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दशाश्वमेध प्लाजा, गोदौलिया, टाउन हॉल और बेनियाबाग पार्किंग क्षेत्रों में डिजिटल लॉकर लगाए जाने का प्रस्ताव है। इन स्थानों का चयन इसलिए किया गया है, क्योंकि यहां श्रद्धालुओं की सबसे अधिक आवाजाही रहती है।

कुल 225 डिजिटल लॉकर स्थापित किए जाएंगे, जो चार अलग-अलग आकार छोटे, मध्यम, बड़े और एक्स्ट्रा लार्ज में उपलब्ध होंगे।

उपलब्धि | राष्ट्रीय रैंकिंग में कार्डियोलॉजी विभाग का शानदार प्रदर्शन

# केजीएमयू के लारी को देश में चौथा स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ का बढ़ा मान, वर्ष 2024-25 के प्रदर्शन के आधार पर तैयार की गई सूची

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के लारी कार्डियोलॉजी विभाग ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए देशभर में चौथा स्थान प्राप्त किया है। यह रैंकिंग कॉर्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के नेशनल इंटरवेंशनल काउंसिल की ओर से जारी की गई सूची में दर्ज की गई है।

दिल से जुड़ी बीमारियों के इलाज और इंटरवेंशनल प्रक्रियाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते केजीएमयू ने यह मुकाम हासिल किया है। इस उपलब्धि से न केवल संस्थान की प्रतिष्ठा बढ़ी है, बल्कि उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की साख भी मजबूत हुई है।

समिति ने देशभर के उन सरकारी और निजी चिकित्सा संस्थानों को शामिल किया, जहां कैथलैब की सुविधा उपलब्ध है। रैंकिंग में एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी और अन्य कार्डियोलॉजी इंटरवेंशन के आंकड़ों को आधार बनाया गया। वर्ष 2024-25 के प्रदर्शन के अनुसार सूची तैयार की गई है।



इस राष्ट्रीय सूची में पहला स्थान बेंगलुरु के श्रीजय प्रकाश इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवस्कुलर साइंसेज एंड रिसर्च को मिला, जबकि दूसरे स्थान पर दिल्ली का जीबी पंत इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च रहा। तीसरे पायदान पर अहमदाबाद का यूएन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी और पांचवें स्थान पर चंडीगढ़ का पीजीआई चंडीगढ़ शामिल है।

लारी कार्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. ऋषि सेट्ठी ने बताया कि यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि सूची में शामिल अधिकांश संस्थान केवल हृदय रोगों के इलाज के लिए समर्पित हैं, जबकि केजीएमयू में यह एक विभाग मात्र है। ऐसे संस्थानों के बीच चौथा स्थान प्राप्त करना बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने बताया कि रैंकिंग में आधुनिक कार्डियक इंटरवेंशन की संख्या को प्रमुख आधार बनाया गया है। इस उपलब्धि पर केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने विभाग को बधाई देते हुए इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।

# आयुष्मान योजना में यूपी अव्वल

## एनएचए ने किया सम्मानित, पुणे में राष्ट्रीय स्तर पर मिला पुरस्कार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन में देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए नेशनल हेल्थ अथारिटी (एनएचए) ने पुणे में 17-18 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर में प्रदेश को सम्मानित किया।

प्रदेश को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के उत्कृष्ट संचालन के लिए यह सम्मान मिला है। स्वास्थ्य विभाग की सचिव




साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा को सम्मानित करते नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के अधिकारी।

रितु माहेश्वरी और साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने इसे राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और डिजिटलीकरण का परिणाम बताया। प्रदेश में वर्तमान में 6,433 अस्पताल आयुष्मान भारत योजना से जुड़े हैं, जिनमें 3,521 निजी और 2,912 सरकारी अस्पताल शामिल हैं। इन अस्पतालों में डिजिटल सुविधाओं के विस्तार से मरीजों को पारदर्शी और तेज स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। बड़ी संख्या में अस्पताल एबीडीएम-इनेबल्ड एचएमआईएस (हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम) से लैस हैं, जिससे इलाज की प्रक्रिया अधिक सुगम हुई है।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## न्यूज ब्रीफ

### पानी से भरे ड्रम में डूबने से मासूम की मौत

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हाथिन में एक हादसा सामने आया है, जहां पानी से भरे ड्रम में गिरने से तीन वर्षीय मासूम विदित की मौत हो गई। मृतक के पिता भूपेंद्र शाक्य और माता शिखा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए लाइब्रेरी गए हुए थे। बच्चे को उसकी दादी सोनकली के पास छोड़ा गया था। इसी दौरान खेलते समय हादसा हो गया। इकलौती संतान की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बाइक फिसलने से दो मजदूर घायल

**छिबरामऊ।** प्रेमपुर बॉर्डर के पास एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम सराय गूजरमल निवासी विशाल (22) पुत्र छविराम और पीपल वाली गली निवासी सुरेश (48) पुत्र लालाराम वेवर से छिबरामऊ की ओर आ रहे थे। प्रेमपुर बॉर्डर पर उनकी बाइक फिसल गई। एंबुलेंस से दोनों को सौ शैय्या अस्पताल पहुँचाया गया। सुरेश की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने कन्नौज रेफर कर दिया है।

### डीपीटी अभियान शुरू सीएमओ ने काटा फीता

**कन्नौज।** डिप्थीरिया परट्यूसीस टिटेनस जैसी जानलेवा बीमारियों की रोकथाम को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.स्वदेश गुप्ता ने टीकाकरण की शुरुआत की। सोमवार को मकरंद नगर स्थित के एस हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंचकर 30 अप्रैल तक चलने वाले टीकाकरण अभियान की शुरुआत फीता काट कर की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी की देखरेख में 10 से 16 वर्ष के कई छात्र-छात्राओं का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बृजेश शुक्ला, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र नाग, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुधांशु दुबे सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं छात्राएं मौजूद रहे।

### बीच रास्ते में रुकी रोडवेज बस

**छिबरामऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की एक जर्जर बस सिकंदरपुर-छिबरामऊ मार्ग पर इंजन खराब होने से बीच सड़क पर बंद हो गई। भीषण गर्मी में पसीने से तर-बतर यात्रियों को चालक और परिचालक की अपील पर बस को धक्का लगाना पड़ा।यात्रियों ने बताया कि पूरे टिकट का पैसा देने के बावजूद उन्हें जोखिम भरा सफर करने के साथ शारीरिक मेहनत भी करनी पड़ रही है। सरकार और परिवहन विभाग बेहतर बस सुविधाओं के बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन सड़कों पर दौड़ रही ऐसी खटारा बसें इन दावों की पोल खोल रही हैं। स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से इन जर्जर बसों को हटाकर नई बसें चलाने की मांग की है।

### नेहरू महाविद्यालय में 'कैच द रेन' से जल संरक्षण का संदेश

**छिबरामऊ।** नेहरू महाविद्यालय में सोमवार को 'जल शक्ति अभियान कैच द रेन' जल पखवाड़ा के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. जयवीर सिंह ने वर्षा जल संचयन और रीसाइक्लिंग तकनीकों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल ही जीवन है के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। असिस्टेंट प्रोफेसर मनीष कुमार ने बताया कि वर्षा जल को सहेजने से भूजल स्तर में सुधार होता है और पर्यावरण को स्थिरता मिलती है।

### गेहूं खरीद में किसानों को मिली बड़ी राहत

**कन्नौज।** अब किसान पूर्व वर्षों की भांति बिना फार्मर रजिस्ट्री के भी अपना गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर बेच सकेंगे। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री ने किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कहा कि खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा क्रय प्रक्रिया में आवश्यक संशोधन के लिए सॉफ्टवेयर में शीघ्र परिवर्तन किया जा रहा है, ताकि क्रय केंद्रों पर खरीद प्रक्रिया निर्बाध रूप से संचालित हो सके।

# सोमवार रहा सीजन का सबसे गर्म दिन

## अधिकतम तापमान 43, न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस, हीटवेव का अलर्ट

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** दिन पर दिन सूर्य की किरणें प्रचंड होने से तपिश का असर तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को सीजन का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। झुलसाती गर्मी और लू चलने से जनजीवन बेहाल नजर आया। बाजार में दुकानें तो सजीं लेकिन ग्राहकों की आवाजाही न होने से सन्नाटा पसरा रहा। इधर, प्रशासन की तरफ से भी हीटवेव का यलो अलर्ट जारी कर दिया गया है। अपरजिलाधिकारी की ओर से स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधि दिशा निर्देश पालन करने की अपील की है।

सोमवार को नौ बजे के बाद से ही सूरज की किरणों ने ज्यादा चमक और गर्मी का असर दिखाया। इससे जो लोग घरों से निकले उनको झुलसने का अहसास हुआ। हालांकि जिनको जरूरी काम नहीं था उन्होंने घर में रहने में ही भलाई समझी। कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि अधिकतम तापमान 43 जबकि न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। अधिकतम तापमान सामान्य से 6 जबकि न्यूनतम 3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। गर्म हवा यानी लू 12-18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। आगामी दिनों में तापमान और चढ़ने के साथ ही लू चलने की संभावना है। साथ ही सुबह और शाम के समय कहीं कहीं आंधी या तूफान की स्थिति भी बन सकती है इसलिए सतर्क रहें। उधर, अपर जिलाधिकारी( वित्त /राजस्व) देवेंद्र सिंह ने विशेष सतर्कता बरतने एवं स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

**किसानों को भी बचने की नसीहतः** किसान भी दोपहर के बजाय सुबह या शाम ही कार्य करें। लू के लक्षण जैसे सिरदर्द, चक्कर, उल्टी, अत्यधिक पसीना या कमजोरी होने पर तुरंत छाया में विश्राम और चिकित्सक से संपर्क करें। पशुओं को छायादार स्थान पर रखने के साथ पर्याप्त पानी पिलाएं। पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करें। किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।



कन्नौज मकरंदनगर रोड पर दोपहर दो बजे पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

### ये दी गई है सलाह

- अपर जिलाधिकारी ने दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने, बाहर जाते समय सिर एवं शरीर को ढकने, टोपी, गमछा, दुपट्टा या छाते का प्रयोग करने को कहा है। सलाह दी कि पर्याप्त मात्रा में पानी एवं तरल पदार्थ का सेवन करें। हल्के, सूती एवं हल्के रंग के कपड़े पहनें। संतुलित एवं हल्का आहार लें—ताजे फल, सलाद का सेवन करें तथा तले-भुने एवं गरिष्ठ भोजन से परहेज करें। यथासंभव छायादार एवं ठंडी जगह पर रहें।

# तपिश व लू को लेकर बदला सभी स्कूलों का समय

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सुबह 07 से दोपहर 12 बजे तक खुलेंगे प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 08 तक के विद्यालय
- परिषदीय, मान्यता प्राप्त, अशासकीय सहायता प्राप्त, मदरसा व सीबीएसई आदि बोर्ड शामिल

**अमृत विचार।** जनपद के सभी परिषदीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, मदरसा, सीबीएसई व आईसीएसई आदि बोर्ड के विद्यालयों का समय बदल गया है। तपिश व लू को लेकर प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 08 तक के सभी स्कूलों में आज यानि 21 अप्रैल से समय सुबह 07 से दोपहर 12 बजे तक का हो गया है।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर बीएसए संदीप कुमार ने विद्यालय समय परिवर्तन का आदेश जारी कर दिया है। कहा है कि निरंतर बढ़ते तापमान एवं लू को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। आज से सुबह 9:30 से 10:00 बजे तक मध्यान्ह भोजन कराया जाएगा। बीएसए ने सभी बोर्ड के विद्यालयों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए हैं कि इस आदेश का कड़ाई से पालन कराया जाए। बताया जा रहा है कि अब तक प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में दोपहर 02 बजे छुट्टी होती थी। निजी स्कूलों में भी अल-अलग दोपहर साढ़े 12 से 02 बजे के बीच अवकाश होता था।

# मान्यता प्राप्त स्कूलों के शिक्षक नहीं देंगे निजी कोचिंग में सेवाएं

**निर्देश**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- माध्यमिक शिक्षा परिषद से आदेश आने के बाद डीआईओएस ने भी जारी किया पत्र
- अमान्य विद्यालय अथवा कोचिंग संस्थान के अनाधिकृत विद्यार्थियों का प्रवेश लेना दंडनीय

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश कोचिंग विनियम अधिनियम, 2002 के अनुसार, किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कार्यरत शिक्षक का निजी कोचिंग संस्थान में सेवाएं देना या शिक्षण करना वर्जित है। उल्लंघन करने पर संबंधित शिक्षक एवं संस्था के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के सचिव भगवती सिंह ने इसको लेकर पत्र जारी किया है।

सचिव ने जनपद में अनाधिकृत/अमान्य विद्यालयों के संचालन पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही नियम विरुद्ध निजी कोचिंग पर अंकुश लगाने को कहा है। डीआईओएस पप्पू सरोज ने भी चिट्ठी जारी कर कहा है कि यदि कोई भी गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित है और गैर मान्यता प्राप्त संस्था गलत तरीके से परिषद से मान्य संस्थाओं में अनाधिकृत छात्रों का प्रवेश कराए जाने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। बताया कि कोई मान्यता प्राप्त संस्था किसी अमान्य वर्ग या विषय में छात्रों का प्रवेश अथवा अनियमित एवं अनधिकृत रूप से एडमीशन करता है, तो ऐसी संस्था पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। विधिवत मान्यता होने के बाद ही संस्थाएं केवल अनुमन्य वर्ग/ विषयों में छात्रों का प्रवेश ले सकेंगी। किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था के अन्य अमान्य विद्यालय अथवा कोचिंग संस्थान के अनधिकृत छात्रों का अपने यहां प्रवेश लेना पूरी तरह अनियमित, अवैध एवं दंडनीय है। डीआईओएस ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई), 2009 में बिना मान्यता प्राप्त किसी भी विद्यालय का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



ट्रांसफार्मर में भड़की आग से धधकती टट्टर से बनी दुकान। अमृत विचार

# ट्रांसफार्मर की स्पार्किंग से लगी आग, दुकान राख

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- देर रात बालायपुल पाटानाला पर हुई घटना, देर से पहुंची दमकल
- दुकानदार की बेंचें, अलमारी समेत हजारों का सामान हुआ नष्ट

**अमृत विचार।** देर रात ट्रांसफार्मर में स्पार्किंग होने से आग लग गई। देखते ही देखते विकराल हुई आग ने पास की दुकान को चपेट में ले लिया। मोहल्ले के लोगों ने बिजली विभाग को फोन कर आपूर्ति बंद कराई और दमकल को सूचना दी। इस बीच स्वयं आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। सूचना के करीब घंटे भर बाद दमकल पहुंची लेकिन तबतक आग बुझ चुकी थी और दुकान पूरी तरह से राख हो गई थी।

बालायपुल पाटानाला पर एक साथ 5-7 ट्रांसफार्मर रखे हैं। रविवार रात करीब 12 बजे स्पार्किंग होने से चिंगारी बांस के टट्टर से बनी दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इसके साथ ही ऊपर से निकलीं मोटी बिजली के केबिलें भी जलने लगीं। दुकान में आग लगने पर दुकानदार दिनेश पुत्र राम चंदर निवासी कचहरी टोला घर से बाहर आ गया। दृश्य देख उसके होश उड़ गए। इधर आग लगी देख मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तत्काल बिजली विभाग को सूचना देकर आपूर्ति बंद करवाई और दमकल को सूचना दी। बताया गया कि दुकानदार समेत लोगों ने स्वयं भी आग को बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए।

तकरीबन एक घंटे के बाद दमकल मौके पर पहुंची लेकिन तब तक आग पूरी तरह से बुझ चुकी थी। बताया गया कि दिनेश बांस के टट्टर से बनी दुकान में आलू के फिंगर चिप्स, लस्सी आदि खान पान का सामान बिक्री कर परिवार का पालन पोषण करता है। आग से उसे करीब 60-70 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

# पार्टी में गुटबाजी खत्म करने का दिया सुझाव

**तिर्वा।** तिर्वा विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी बूथ व सेक्टर प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई। इसमें पार्टी के भीतर बढ़ती गुटबाजी को लेकर भी गंभीर मंथन हुआ।

कस्बा स्थित सपा कार्यालय में लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अंशु पाल के नेतृत्व में हुई बैठक मे वक्ताओं ने कहा कि आपसी खींचतान और अलग-अलग दावेदार प्रत्याशियों के समर्थन में चल रही गुटबाजी से पार्टी प्रभावित हो रही है। समय रहते इसे नहीं रोका गया तो चुनाव में नुकसान उठाना पड़ सकता है। जिलाध्यक्ष ने प्रभारियों को सुझाव दिए कि वे अपने-अपने सेक्टर और बूथ स्तर पर सक्रिय होकर संगठन को मजबूत करें और पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए जुट जाएं। जिला महासचिव डॉ रामसेवक लोधी ने भी संबोधित किया।

# ऑटो पलटने से रिटायर्ड टीचर की गई जान

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** तेज गति से आ रहा ऑटो पलट जाने से उसमें बैठे रिटायर्ड टीचर की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि कुछ सवारियां घायल हो गईं। घटना के बाद चालक ऑटो को छोड़कर फरार हो गया।



अवधेश अग्निहोत्री

जसोदा के गांव जेवा निवासी अवधेश अग्निहोत्री (62) पड़ोसी जनपद के कमालगंज क्षेत्र के एक विद्यालय के रिटायर्ड शिक्षक थे। वह अपने पेंशन के कागज बनवाने के लिए कमालगंज बीआरसी कार्यालय में जाते थे। सोमवार को भी वह पेंशन के कागज पूरे करवाने के लिए गए थे और ऑटो से लौट रहे थे। तेज गति के कारण ऑटो गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के चौकी रामाश्रम के निकट पलट गया। इसमें रिटायर्ड टीचर दब गए और जब तक लोगों ने टेंपो हटाकर उन्हें निकाला उनकी मृत्यु हो गई। पास में मिले कागज के आधार पर उनके परिजनों को सूचना दी गई। ऑटो में बैठे कुछ अन्य लोग भी घायल हो गए जो पुलिस को बिना सूचना दिए चले गए। सूचना पाकर नौरंगपुर चौकी प्रभारी राजेश रावत मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।



अस्पताल में गमगीन खड़े मृतक के परिजन अमृत विचार

### चचेरे भाई की शादी में आए युवक की हादसे में मौत, मचा कोहराम

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के निगोह अंडरपास के पास जीटी रोड पर हादसा हो गया। चचेरे भाई की शादी में शामिल होने आए युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। संजय तोमर अपने चाचा ओमकार सिंह पुत्र सौदान सिंह के बेटे जितेंद्र की शादी में शामिल होने छिबरामऊ आया था। विवाह कार्यक्रम जीटी रोड स्थित रामराज गेस्ट हाउस में चल रहा था। संजय जब गेस्ट हाउस के समीप जीटी रोड पर था तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे गंभीर हालत में नगला दिलू के सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# 17 एग्रीजंक्शन, 73 निजी उर्वरक दुकानों के लिए यूरिया आवंटित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीएम ने किसानों को यूरिया व डीएपी उपलब्ध कराने के लिए बैठक की

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने 17 एग्रीजंक्शन प्रतिष्ठानों पर 267.40 मीट्रिक टन यूरिया, 73 निजी उर्वरक प्रतिष्ठानों पर 778.50 मीट्रिक टन यूरिया कुल 90 स्थानों पर 1045 एमटी यूरिया का आवंटन किया है। बताया गया कि 2,80,412 बोरी यूरिया, 1,27,749 बोरी डीएपी, 2,29,745 बोरी एनपीके तथा 35,243 बोरी पोटाश उपलब्ध है।

जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण के लिए डीएम ने सोमवार को डीडी कृषि संतोष यादव, जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता एवं एआर कोआपरेटिव राजीव लोचन शर्मा के साथ समीक्षा की। जिलाधिकारी ने फसल के रकवे एवं खतौनी के अनुसार समस्त किसानों के सहकारी तथा निजी क्षेत्र की दुकानों से उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कालाबाजारी, ओवररेटिंग तथ अनुचित उर्वरक भण्डारण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई को कहा है। सभी 56 सहकारी समितियों एवं 100 से अधिक निजी क्षेत्र की उर्वरक दुकानों पर उर्वरक की उपलब्धता के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिन किसानों की फार्मर आईडी यदि नहीं बनी है तो सम्बन्धित उर्वरक विक्रेता की जिम्मेदारी है कि, वह जनसेवा केंद्र या कृषि विभाग के सहयोग से फार्मर आईडी बनवाएं।



श्यामबिहारी मिश्र की पुण्यतिथि मनाते व्यापारी। अमृत विचार

### पं. श्याम बिहारी मिश्र की पुण्यतिथि मनाई

**छिबरामऊ।** विशुनगढ़ कस्बे में समस्त व्यापार मंडल के तत्वावधान में पंडित श्याम बिहारी मिश्र की पुण्यतिथि मनाई गई। सोमवार को कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने से हुई। सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज और व्यापार जगत के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जीवन सादगी, ईमानदारी और सेवा भाव का प्रतीक था। नगर अध्यक्ष संजीव खंडेलवाल, महामंत्री सलमान वारसी ने भी उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर जोर दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**जन्मोत्सव** शहर के कालेश्वर नाथ मंदिर से रोमा स्मारक तक निकली यात्रा, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण भी हुए शामिल

# धूमधाम से निकली भगवान परशुराम की शोभा यात्रा, समरसता का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव दूसरे दिन भी मनाया गया। सोमवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा कालेश्वर नाथ मंदिर से शुरू होकर रोमा स्मारक तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

पूरे आयोजन ने सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गौरव और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण भी शोभा यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान भक्ति गीतों और जयघोषों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। राज्यमंत्री ने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्श समाज में न्याय, साहस और समरसता का संदेश देते हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सभी महापुरुषों, महान स्त्रियों और पर्वों को मिल-जुलकर मनाना चाहिए, क्योंकि यह विभाजन नहीं बल्कि एकता का प्रतीक है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, मधुशरण शिवा, विशाल शुक्ला, आकाश मिश्र, अभिषेक पाण्डेय, शरद मिश्र, अशोक सिंह, आरएस कठेरिया, राहुल गुप्ता, विवेक सिंह, रतन भदौरिया, अवधेश राठौर, अचल अवस्थी व श्यामजी मिश्रा मौजूद रहे।



शोभा यात्रा में शामिल मंत्री असीम अरुण, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया व अन्य लोग। अमृत विचार

# परशुराम जन्मोत्सव पर 51 बटुकों का कराया यज्ञोपवीत

संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला शेखाना स्थित प्राचीन बाबा कालेश्वर नाथ मंदिर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर कान्यकुब्ज साथी संस्था की ओर से 51 बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री असीम अरुण ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ते हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम में विधिवत पूजन-अर्चन, अभिषेक एवं रामचरितमानस का पाठ हुआ। आचार्यों ने विधिपूर्वक बटुकों को यज्ञोपवीत धारण कराया। आयोजक व मंदिर के सर्वराकार सचिन शुक्ल (नारायण जी) ने बताया कि संस्था विगत 31 वर्षों से इस परंपरा को निभाते हुए समाज में एकता, संस्कार और सेवा के भाव को आगे बढ़ा रही है।कार्यक्रम में आचार्य प्रकाश चन्द्र मिश्रा, भीमसेन दुबे, मुकुल किशोर शुक्ला, मनीष शुक्ला, रविंद्र सामवेदी, दीपक केलकर, मयंक किशोर शुक्ला, अजय पाठक, कुशल मिश्रा, अवधेश कुमार शुक्ला, दिनेश द्विवेदी, बिब्बी शुक्ला, ओम प्रकाश दुबे, डॉ. अमर नाथ दुबे, चन्दन मिश्रा शिवजी मिश्रा, सौरभ मिश्रा, रामखिलावन पाण्डेय आदि लोग रहे।



बाबा कालेश्वरनाथ मंदिर में सामूहिक यज्ञोपवीत में शामिल बटुक। अमृत विचार

### मंत्री को ज्ञापन देकर मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग

**कन्नौज।** कार्यक्रम में शामिल हुए समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व सदर विधायक असीम अरुण को प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर बाबा कालेश्वर नाथ मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग उठाई। बताया गया कि मंदिर अत्यंत प्राचीन एवं ऐतिहासिक धरोहर है, जिसकी स्थापना 8वीं शताब्दी की मानी जाती है। यह मंदिर धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा है, जहां पूर्व में तीर्थयात्री भी ठहरते थे।

## न्यूज ब्रीफ

### आशुतोष द्विवेदी का तबादला, डॉ. अंकुर लाठर होंगी नई डीएम

**फर्रुखाबाद**। योगी सरकार ने सोमवार को प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। फर्रुखाबाद के डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी का भी तबादला शामिल है। उनकी जगह डॉ. अंकुर लाठर को डीएम नियुक्त किया गया है। डॉक्टर अंकुर लाठर बुलंदशहर के खुर्जा विकास प्राधिकरण में उपाध्यक्ष पद पर तैनात थीं। निवर्तमान डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी जनवरी 2025 में फर्रुखाबाद आए थे और करीब 14 महीने तक जिले में सेवाएं दीं।


डॉ. अंकुर लाठर।

### रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, चार घायल

**अमृतपुर**। राजेपुर थाना क्षेत्र के तुशोर गांव में सोमवार को पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान दोनों ओर से लाठी-डंडों का इस्तेमाल किया गया। पीड़ित पवन ने पुलिस को बताया कि वह अपने चाचा राजेश के साथ खेत में गेहूं की खदाई कर रहा था। तभी गांव का किशोर उर्फ छोटे पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करने लगा। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो छोटे का रिश्तेदार सोम, जो शाहजहांपुर जिले के बझेरा का निवासी है, मौके पर आ गया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। यह विवाद जल्द ही मारपीट में बदल गया, जिसमें पवन, राजेश, सोम और छोटे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायल राजेपुर थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

### दो बाइकों की टक्कर में दो युवक गंभीर

**अमृतपुर**। राजेपुर थाना क्षेत्र के डाबरी के पास सोमवार को दो तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, अल्लाहगंज थाना क्षेत्र के जेरा रहीमपुर निवासी सुमित अपने साथी रघुवीर के साथ फर्रुखाबाद से अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान हुल्लापुर की ओर से आ रही एक अन्य तेज रफ्तार बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही राजेपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों घायल युवकों को तत्काल राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अमृतपुर**। थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगला हूशा के पास मुख्य सडक़ पर पेट्रोल टंकी के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महौलिया निवासी समरपाल पुत्र रामदास गंभीर रूप से घायल हो गया ।समरपाल गेहूं खादने के लिए नदी पार जा रहा था। जैसे ही वह पेट्रोल टंकी के सामने पहुंचा, तभी किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह सडक़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। चौकी इंचार्ज राहुल कुमार ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को इलाज के लिए राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

### आठ केंद्रों पर 25 से होमगाड्‌र्स भर्ती की होगी लिखित परीक्षा

**कन्नौज**। उत्तर प्रदेश होमगार्डस के पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 25 व 26 अप्रैल को होगी। इसके लिए जनपद में आठ केंद्र बनाए गए हैं। कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी भी लगा दी गई है। जिनकी ड्यूटी लग गई है उनको आज यानि 21 अप्रैल को सुबह 10 .30 बजे पुलिस लाइन सभागार में प्रशिक्षण दिया जाएगा। बीएसए संदीप कुमार ने जारी किए अध्यापकों की ड्यूटी पत्र में कहा है कि 25 व 26 अप्रैल को परीक्षा दो- दो पालियों में होगी। सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक पहली पाली और दोपहर 03 से शाम 05 बजे तक दूसरी पाली में इम्तिहान होगा। शहर के एसवीएस इंटर कॉलेज, केके इंटर कॉलेज, केकेसीएन इंटर कॉलेज, मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज, गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज, जेपी बालिका इंटर कॉलेज, सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज व तिर्वा स्थित डीएन इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत, ममेरा भाई घायल

## उवरी खेड़ा पट्टिया के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। जिले में सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका ममेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


मृतक के गमगीन परिजन। अमृत विचार

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पड़ोसी जनपद कन्नौज के थाना गुरसहायगंज क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी सर्वेश पुत्र तुलाराम अपने ममेरे भाई प्रमोद के साथ जहानगंज थाना क्षेत्र के गांव माधवपुर से बाइक द्वारा वापस अपने घर लौट रहा था। देर रात उवरी खेड़ा पट्टिया के पास पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसा इतना भीषण था कि सर्वेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका ममेरा भाई प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल भिजवाया, जहां उसका इलाज जारी है।

पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा की कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है।

### सड़क हादसे में हलवाई की मौत

**फर्रुखाबाद**। कमालगंज क्षेत्र में देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। कानपुर के 30 वर्षीय गंगाराम गोस्वामी हलवाई थे और अविवाहित थे। वह शनिवार को अपने भतीजे शिवा गोस्वामी के साथ कमालगंज क्षेत्र में एक शादी समारोह में काम करने आए थे। रविवार देर रात दोनों बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे खुदागंज चौकी के पास पहुंचे, उनकी बाइक पेड़ से जा टकराई। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने गंगाराम को मृत घोषित कर दिया। शिवा गंभीर रूप से घायल हो गए।

# रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का किया गया गठन

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक रेलवे मजदूर यूनियन कार्यालय, फतेहगढ़ में आयोजित की गई, जिसमें संगठन को सशक्त और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में पेंशनर्स ने भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और संगठनात्मक मजबूती पर विचार-विमर्श किया।

बैठक में सर्वसम्मति से सोरन सिंह को अध्यक्ष चुना गया, जबकि वीरेंद्र सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। उपाध्यक्ष पद पर एके द्विवेदी, डीआर सागर, जयप्रकाश श्रीवास एवं एसके सिंह को नियुक्त किया गया। संगठन के महासचिव के रूप में आरके झा को चुना गया, जो संगठन की गतिविधियों का संचालन करेंगे।

इसके अतिरिक्त ऑडिटर की जिम्मेदारी एके सक्सेना को दी गई, जबकि मीडिया प्रभारी के रूप में अवधेश कुमार दुबे को नामित किया गया। सचिव पद पर परमेश्वर दयाल को नियुक्त किया गया। कन्नौज क्षेत्र के प्रभारी के रूप में राघवेंद्र वाजपेई को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी आरके तिवारी को दी गई, वहीं संगठन प्रभारी के रूप में व्यास के. जय मां संयोजक एवं एन. सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई। व्यवस्थापक के रूप में सियाराम को नियुक्त किया गया।


रेलवे पेंशनर्स की बैठक में विचार विमर्श करते पदाधिकारी। अमृत विचार

- बैठक में बड़ी संख्या में पेंशनर्स ने भाग लेकर उपस्थिति दर्ज कराई
- रेलवे पेंशनर्स की समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की गई

कार्यालय संचालन के लिए रामतीर्थ शाक्य, वीरेंद्र सिंह यादव, फकीर मोहम्मद एवं सुरजीत सिंह को कार्यालय प्रभारी बनाया गया। बैठक के दौरान रेलवे पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पेंशनर्स को समय पर पेंशन, चिकित्सा सुविधाएं एवं अन्य सुविधाएं दिए जाने की मांग की।

# काली नदी पर मिली किशोरी के शव के मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज

संवाददाता फर्रुखाबाद

- फतेहगढ़ निवासी अनीश और एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज
- पुलिस ने अनीश को हिरासत में ले लिया है, जांच की जा रही है

**अमृत विचार**। जिले के जहानगंज थाना क्षेत्र में काली नदी पुल के पास एक किशोरी का बीते दिनों शव मिला था। किशोरी की पहचान कन्नौज जनपद के छिबरामऊ थाना क्षेत्र निवासी के रूप में हुई है। इस मामले में किशोरी के भाई ने फतेहगढ़ निवासी अनीश और एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

कन्नौज जिले के छिबरामऊ निवासी बीएससी की छात्रा के भाई ने फतेहगढ़ कोतवाली में सेंट्रल जेल चौराहा निवासी अनीश और उसके एक साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने अनीश को हिरासत में ले लिया है। भाई के अनुसार, 17 अप्रैल की दोपहर करीब 1 बजे बहन मां की दवाई लेने के लिए घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी तलाश की। 18 अप्रैल को उन्हें जहानगंज क्षेत्र में काली नदी के पास एक किशोरी का शव मिलने की सूचना मिली। मां और मौसेरे भाई ने कपड़ों और मोर्चरी में शव देखकर उसकी शिनाख्त की। किशोरी के रिश्तेदारों ने पोस्टमार्टम हाउस पर बताया कि घर से निकलने के बाद किशोरी एक युवक के साथ सफेद रंग की बाइक पर बैठी दिखी थी। युवक ने अपना मुंह बांध रखा था। हालांकि, सीसीटीवी फुटेज में उसकी पहचान स्पष्ट नहीं हो पा रही है।

# पुलिस ने 72 घंटे में लाखों के जेवर व नकदी सहित चोरों को किया गिरफ्तार

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार**। कोतवाली पुलिस ने तंबाकू व्यवसायी के बंद घर में हुई चोरी का 72 घंटे के भीतर खुलासा कर व्यवसायी के दो पड़ोसी गिरफ्तार किए गए हैं।

मोहल्ला पटवन गली निवासी तंबाकू व्यवसायी बृजेश चंद्र शर्मा अपने परिवार के साथ पुत्र के जन्मदिन की पार्टी में गए थे। सूने घर का फायदा उठाकर चोरों ने छत पर लगे चैनल गेट के जरिए प्रवेश किया और अलमारी के ताले तोड़कर नकदी व जेवरात चुरा लिए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ल और कस्बा चौकी प्रभारी अंकुर भाटी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर साईं मंदिर के पास घेराबंदी कर सौरभ उर्फ अंशू और कार्तिक तंतवार को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से चोरी की गई शत-प्रतिशत संपत्ति बरामद कर ली। बरामद सामान में 35 हजार रुपये नकद, सोने की 2 चेन, 3 पेंडल, 7 अंगूठी, 2 मंगलसूत्र, 1 जोड़ी बाली, 1 जोड़ी कुंडल शामिल हैं। इसके अलावा चांदी की 12 जोड़ी पायल, 4 जोड़ी बिछुआ, 5 सिक्के और 1 चाबी भी मिली है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 आधार कार्ड भी बरामद किए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।


कायमगंज कोतवाली पुलिस द्वारा पकड़े गये चोरी के आरोपी। अमृत विचार

# किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म में मुकदमा दर्ज

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार**। बीती शनिवार रात अनाथ किशोरी का अपहरण कर उसके संग दुराचार करने के मामले में थाना जहानगंज पुलिस ने एसपी की फटकार के बाद रविवार को मुकदमा पंजीकृत कर लिया

आरोपी युवक राजेश पुत्र राधेश्याम तिवारी निवासी गांव दानमंडी थाना जहानगंज को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि थाना पुलिस ने बीती रात कार्यवाही नहीं की थी और आरोपी के पिता को हिरासत में लेने के बाद दरोगा रामबाबू द्वारा छोड़ दिया गया था। एसपी की फटकार के बाद न केवल मुकदमा पंजीकृत हुआ बल्कि पीड़िता की चिकित्सीय परीक्षण कराने के साथ थाना प्रभारी निरीक्षक पूनम अवस्थी के निर्देशन में आरोपी युवक को गिरफ्तार भी कर लिया गया।

नाबालिग पीडिता की मां ने अपनी तहरीर में पुलिस को बताया कि उसकी कक्षा आठ की 13 वर्षीय छात्रा बेटी शनिवार की रात करीब साढे आठ बजे रहस्यमयी ढंग से गायब हो गई थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की तो देर रात्रि करीब ढेड बजे वह वापस मिली। प

ता लगा कि गांव के ही युवक ने उसका बल पूर्वक अपहरण कर लिया था और उसके संग दुराचार की घिनौनी हरकत की। बेटी के कपड़े फटे थे। वह अत्यंत डरी सहमी थी। पीड़ित परिवार ने बताया कि आरोपी काफी प्रभावशाली है। इसी कारण उनका मुकदमा लिखने में इतना समय लग गया। मुकदमा लिखवाने में पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक का धन्यवाद किया है। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जलालाबाद में टीबी से ग्रसित मरीजों को बांटी पोषण किट

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार**। टीबी जैसी घातक बीमारी से ग्रसित महिला व पुरुष को पोषण किट देकर जागरूक किया। गया। शरीर में प्रोटीन, कैलोरी, ऊर्जा की कमी को पूरा करने के लिए गुड़, चना, सत्तू, मूंगफली, गजक दी गई। बताया गया कि किन चीजों को खाना है और किससे बचाव करना है। सि मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस मौके पर टीबी से बचाव के लिए जागरूक भी किया गया।

सोमवार को सीएचसी अधीक्षक मनोज कुमार के दिशा निर्देशन पर टीबी के मरीजों को पोषण किट का वितरण किया गया। घातक बीमारी से ग्रसित नेकपुर कायस्थ निवासी महिला व रुदौली निवासी व्यक्ति को चना, गुड, सत्तू, मूंगफली, गजक आदि सामग्री की पोषण किट दी गई। बताया गया कि तपेदिक से ग्रसित मरीज को पौष्टिक आहार जल्द स्वस्थ होने व दवाओं के असर को बेहतर बनाने का काम करता है।


मरीज को पोषण किट देतीं डॉ. शिवांगी शुक्ला। अमृत विचार

- पोषण किट में गुड़, चना, सत्तू, मूंगफली, गजक दी गई
- टीबी से बचाव के लिए लोगों को जागरूक भी किया गया

बताया गया कि दवाइयों का समय से सेवन व पोषण का ध्यान रखने पर बीमारी ठीक हो जाती है। इस दौरान डॉ. शिवांगी शुक्ला, श्रेय शुक्ला समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### उधारी के रुपये मांगने पर कैंची मार किया घायल

**गुरसहायगंज**। उधारी के रुपये मांगने पर दुकानदार को कैंची मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के कस्बा सराय प्रयाग निवासी पुनीत राठौर की खाद और बीज की दुकान है। पुनीत ने बताया कि उसकी दुकान से करीब 2 साल पहले थाना तालग्राम के गांव नरूईया निवासी अमित पाल बीज ले गया था जिसके साढ़े तीन हजार रुपये बाकी थे। कई बार तगादा करने पर भी नहीं दे रहा था। सोमवार की दोपहर करीब 3 बजे वह सराय प्रयाग स्थित नाई की दुकान पर बाल कटवाने गया था जहां अमित मौजूद था। उसने अपने रुपये मांगे तो विवाद होने लगा। आरोप है कि उसने दुकान पर रखी कैंची उठाकर पेट में मारने का प्रयास किया लेकिन वह घूम गया तो कैंची पीठ में लगी।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में कोतवाल को दिया ज्ञापन

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार**। स्मार्ट मीटर को लेकर हो रहे विवाद के अलावा शिक्षा माफियाओं पर नकेल कसने और प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का मुआवजा किसानों को दिए जाने की मांग को लेकर सोमवार को किसान यूनियन के तमाम लोगों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन कोतवाल को दिया है।

भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के जिला प्रभारी इमरान खान, नीरज दुबे, मोहम्मद आरिफ, फहीम अहमद, विकास गौतम, महबूब आलम आदि सोमवार को कोतवाली पहुंचे और जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन कोतवाल अजय कुमार अवस्थी को दिया। इसमें स्मार्ट मीटर समेत अन्य समस्याएं उठाईं। चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों का जल्द निदान नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।


कोतवाल को ज्ञापन देते किसान यूनियन के लोग। अमृत विचार

### मानसिक मंदित ने फंदा लगा जान दी

**गुरसहायगंज**। थाना तालग्राम के गांव सिलुआपुर निवासी मानसिक मंदित युवक ने गांव के किनारे खेत में खड़े एक पेड़ में फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने कार्रवाई से इनकार कर दिया तो पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

थाना तालग्राम के गांव सिलुआपुर निवासी जमादार पाल का 22 वर्षीय पुत्र अवनीश दिमागी रूप से बीमार था। सोमवार की सुबह किसी समय वह घर से चला गया। 7:00 बजे लोगों को जानकारी हुई की एक युवक का शव गांव के बाहर पेड़ पर लटक रहा है। लोग मौके पर पहुंचे और युवक की अवनीश के रूप में शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। हल्का के दरोगा शिवकिशोर मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव उतरवाया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया जिस पर पुलिस ने शव उन्हें सौंप दिया। मामले की जांच की जा रही है।

**हादसा** आग की चपेट में आकर बच्चों की किताबें भी जलीं, पीड़ित परिवार का रो रोकर हाल बेहाल

# आग से दो झोपड़ियों समेत गृहस्थी राख, सिलेंडर फटा

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार**। आधी रात के बाद अज्ञात कारणों से लगी आग से दो झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। आग की चपेट में आकर सिलेंडर भी फट गया। फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद सबमर्सिबल से आग बुझाई तबतक सबकुछ जल चुका था।

सौरिख-छिबरामऊ रोड पर सरदापुर गांव में सड़क किनारे शमशेर खान पुत्र शहजादे और मुन्ना पुत्र सिकंदर की झोपड़ी रखी थी। रविवार रात खाना खाने के बाद दोनों परिवारों के लोग सो रहे थे। रात एक बजे के करीब शमशेर की झोपड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पड़ोस में रखी मुन्ना की झोपड़ी को भी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। इसके अलावा पड़ोस में लगी सबमर्सिबल चलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इधर, झोपड़ी में रखा सिलेंडर भी तेज धमाके के साथ फट गया।


बरबाद हुई गृहस्थी को देखते परिवारों के लोग। अमृत विचार

कुछ देर बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाई। आग में शमशेर के बच्चों की किताबों के अलावा गृहस्थी का सभी सामान भी जल गया। मुन्ना की गृहस्थी के सामान के साथ 7 हजार रुपये नकद और 25-30 जोड़ी ग्राहकों के कपड़े भी जल गए। उसकी बेटी रेशमा घर पर ही सिलाई का काम करती है। अब दोनों परिवार पास में मौजूद पेड़ के नीचे रहने के लिए मजबूर हैं। सूचना पर पहुंची क्षेत्रीय लेखपाल शिवानी ने नुकसान का जायजा लेकर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी।

### माध्यमिक स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता हुई

**कन्नौज**। नारी शक्ति वंदना कार्यक्रम के तहत सोमवार को माध्यमिक विद्यालयों में वाद-विवाद, पोस्टर पेंटिंग, स्वरचित कविता पाठ व निबंध आदि प्रतियोगिताएं हुईं। गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज मकरंदनगर, जेपी एजूकेशन एकेडमी गुरसहायगंज, राजकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल मित्रसेनपुर व गुगरापुर आदि विद्यालयों में कार्यक्रम हुए।

**KANPUR SMART CITY LIMITED**
3rd Floor, NagarNigam Mukhyalaya, MotiJheel, Kanpur - 208002
Phone – +91-9839121096 e-mail : ksclkanpur@gmail.com

**NOTICE INVITING TENDER**

The Chief Executive Officer (CEO), Kanpur Smart City Ltd. (KSCL) Invites Tender for the below mentioned work under Smart City Mission:-

| S. No. | Name of Project | Tender Fees Non-Refundable | Earnest Money Deposit | End Date for Bid Submission | Technical Bid Opening Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Appointment of Chartered Accountant Firm for Restatement of Financial Statements of Company for the Financial Year 2020-2021. | ₹ 2,000.00 + ₹360.00 = ₹ 2,360.00 | ₹ 10,000.00 | 05-05-2026 at 15:00 Hrs. (IST) | 05-05-2026 at 15:30 Hrs. (IST) |

a) Bidders are requested to submit the Tender Fee in the form of DD/Bankers Cheque & EMD in form of FDR/TDR/NSC issued in favor of "**Chief Executive Officer, Kanpur Smart City Limited**" **Payable at Kanpur** and receipts are to be attached and deposited with Technical Bid Documents.
b) The deadline for Hard/Physical Copy Submission of Technical Bid documents is **06-05-2026 till 17:00Hrs. (IST)**.
c) For more details contact Chief Executive Officer, KSCL address- CEO, Kanpur Smart City Limited (KSCL), Conference Room, Third Floor Kanpur Municipal Corporation, Motijheel, Harsh Nagar, Kanpur-208002 Telephone No. 0512-2541258, Manager (Technical) Mob. No. 08601800828 and through e-mail. ksclkanpur@gmail.com.

**Chief Executive Officer**
Kanpur Smart City Limited

## न्यूज ब्रीफ

### इमरान बसपा के जिला कोषाध्यक्ष बनाए गए

**इटावा।** राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश मायावती के निर्देशन व कानपुर आगरा के मुख्य मंडल प्रभारी भीमराव अंबेडकर की देखरेख में जिला कोषाध्यक्ष के पद पर इमरान अहमद एड. को नियुक्त किया गया है। इमरान अहमद पूर्व में जिला महासचिव व जिला उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना बढ़पुरा क्षेत्र के अंतर्गत उदी चकरनगर रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से ब्रजेन्द्र कुमार पुत्र शीतल प्रसाद निवासी गड़िया मुलुसिंह बढ़पुरा घायल हो गया। थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत स्टेशन रोड स्थित कृष्णा बेकरी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मोनू पुत्र फिदा हुसैन निवासी शाहकमर कोतवाली घायल हो गया।

### मारपीट की घटनाओं में तीन लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में तीन लोग घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत टियापुर निवासी पंचमी देवी पत्नी राम अवतार व उसके पुत्र कृष्णा को दवंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया। थान बसरेहर क्षेत्र के अंतर्गत चकवा बुजुर्ग निवासी सुधांशु द्विवेदी पुत्र अतुल कुमार द्विवेदी को दवंगों ने कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत करम गंज पुलिया के पास मारपीट कर घायल कर दिया।

### वाहन की टक्कर से अधेड़ की गई जान

**इटावा।** इकदिल थाना क्षेत्र में हाइवे पर टाटा एजेंसी के सामने वाहन की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत हो गई। क्षेत्र के मुसावली निवासी राज किशोर (58) पुत्र राज नारायण रविवार की शाम को साइकिल से दावत खाने पिलखर गए थे। दावत खाने के बाद वापस घर लाट रहे थे तभी टाटा एजेंसी के सामने हाइवे पर अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम कराया है।

### हादसे में घायल महिला की थम गईं सांसें

**इटावा।** इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत चांदन पुरा के पास बाइक की टक्कर से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। हिरन पुर निवासी अनीता देवी (45) पत्नी हरिश्चंद्र 15 अप्रैल को पैदल जा रही थी, तभी चांदन पुर के पास बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी थी, जिससे वह घायल हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### डांट से क्षुब्ध युवक ने जहर खाकर दी जान

**भरथना।** थाना क्षेत्र के निनावा गांव में उस समय चीख-पुकार मच गई, जब परिजनों की डांट से झुब्ध होकर एक युवक ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। युवक की मौत हो गई। निनावा निवासी महिपाल सिंह के सबसे छोटे बेटे 18 वर्षीय सीपू ने रविवार दोपहर करीब 3 बजे परिजनों की डांट से झुब्ध होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन कस्बे के ही एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सीपू तीन भाइयों में सबसे छोटा था। पिता किसानी करते हैं। मां कमला देवी, बड़े भाई कल्लू और टीपू का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, किन्तु परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

### भाजपा नेता ने धमकी देने की लिखाई रिपोर्ट

**इटावा।** पछायगांव के रहने वाले भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ने कथित पत्रकार पर 50 हजार रुपये मांगने और सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो वायरल करने की धमकी देने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। भाजपा नेता ने तहरीर में बताया कि जसवंतनगर निवासी एमएस वर्मा खुद को पत्रकार बताता है। उसने 50 हजार रुपये की मांग की और रुपये न देने पर सोशल मीडिया पर बदनाम करने की धमकी दी। 19 अप्रैल को आरोपी ने सोशल मीडिया पर उनका एक फर्जी वीडियो डाल दिया। जब उन्होंने आरोपी से बात की तो उसने 50 हजार रुपये की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# योग्यता की कमी बनी नौकरी में बाधा : सरिता

कार्यालय संवाददाता, इटावा


अभ्युदय संवाद कार्यक्रम के दौरान मंचासीन सदर विधायक सरिता भदौरिया, बगल में डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

- अभ्युदय संवाद एवं अभिनंदन समारोह में बोलीं विधायक
- कहा, इस समय अवसरों की कमी नहीं, योग्यता निखारने की जरूरत

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में अभ्युदय संवाद और अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि वर्तमान समय में नौकरी और अभ्यर्थियों के बीच केवल योग्यता की कमी ही सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि इस समय अवसरों की कोई कमी नहीं है, बल्कि आवश्यकता स्वयं को योग्य बनाने की है। अब वह समय नहीं रहा, जब नौकरी में सिफारिश का प्रभाव होता था, वर्तमान में चयन प्रक्रिया पारदर्शी हो चुकी है, जिससे प्रतिभाशाली युवाओं के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जीवन में कुछ अवसर केवल एक बार मिलते हैं, इसलिए उन्हें गंभीरता से लेते हुए पूरी मेहनत और समर्पण के साथ तैयारी करनी चाहिए। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए एक वरदान के समान है। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने चयनित अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि वे अपने अनुभव, अध्ययन पद्धति और चुनौतियों को अन्य विद्यार्थियों के साथ साझा करें, जिससे उन्हें प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विभिन्न पदों पर भर्तियां निकलने वाली हैं, ऐसे में यदि विद्यार्थी निरंतर मेहनत करते हैं तो वे भी सफलता हासिल करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना उन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो आर्थिक कारणों से बड़े शहरों में जाकर कोचिंग प्राप्त नहीं कर पाते। इस योजना के माध्यम से ऐसे विद्यार्थियों को निशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, जिला कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### इन्हें मिला सम्मान

- कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों आदित्य कुमार सिंह आईएएस 2025, इशिता सिंह कोषाधिकारी, यूपीपीसीएस 2024, अंकित पांडेय सहायक आयुक्त वाणिज्यकर, यूपीपीसीएस 2024, अनुज दीक्षित नायब तहसीलदार यूपीपीसीएस 2024, पूजा यादव नायब तहसीलदार यूपीपीसीएस 2024, विकास मिश्रा वाणिज्यकर अधिकारी यूपीपीसीएस 2024, दीपेन्द्र यादव वाणिज्यकर अधिकारी यूपीपीसीएस 2024 को सम्मानित किया गया।

# 4 दिन से बंद घर में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, इटावा

- शहर के प्रकाश नगर में बदबू आने पर लोगों ने पुलिस को बुलाया

**अमृत विचार।** शहर के प्रकाश नगर महेरा चुंगी के पास सोमवार दोपहर बंद मकान के अंदर युवक का शव फंदे से लटका मिला। मकान से तेज दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के अनुसार युवक घर में अकेला रहता था और पिछले चार दिनों से बाहर नहीं दिखा था। इस घटना से इलाके में सिहरन दौड़ गई।

प्रकाश नगर निवासी पवन (35) घर में अकेले रहता था। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि पवन करीब चार दिनों से घर से बाहर नहीं निकला था। सोमवार दोपहर जब उसके बंद मकान से दुर्गंध आने लगी तो स्थानीय लोगों ने अनहोनी की आशंका जताकर डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही फ्रेंड्स कॉलोनी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद होने के कारण पुलिस को उसे तोड़ना पड़ा। कमरे के अंदर का दृश्य देख हर कोई दंग रह गया। पवन का शव कमरे की चौखट से फंदे के सहारे लटका हुआ था।

शव कई दिन पुराना होने के कारण गलने लगा था, जिससे पूरे इलाके में गंध फैल गई थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पवन अविवाहित था। उसके माता-पिता का देहांत पहले ही हो चुका था। उसकी दो बहनें हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। घर में उसके अलावा कोई सदस्य नहीं था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस पवन की बहनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। उनके आने का इंतजार है।

# पेड़ से टकराई कार दो सगे भाई घायल

**इटावा।** बढ़पुरा क्षेत्र के बाह-उदी मार्ग पर नरेंद्र वाटिका के पास शादी समारोह से लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर सड़क से खाई में गिर गई और नीम के पेड़ से टकरा गई, हादसे में दो घायल हो गए।

फिरोजाबाद से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे मध्य प्रदेश के भिंड जिले के दबोह निवासी रोशनलाल पुत्र सरमनलाल के साथ भाई राममोहन शाक्य और एक अन्य व्यक्ति कार में सवार थे। कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से खाई में उतर गई और नीम के पेड़ से जा टकराई। हादसे में रोशनलाल और उनके भाई राममोहन घायल हो गए। सूचना पर बढ़पुरा थाना पुलिस पहुंची और घायलों को उदी सीएचसी भेजा। कार का अगला क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान कार के एयरबैग खुल गए, जिससे कार सवारों को गंभीर चोटों से काफी हद तक बचाव हुआ। थाना प्रभारी नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ट्रक ने साइकिल सवार की छीनी जिंदगी

## लवेदी थाना क्षेत्र के नगला शिव सिंह पहाड़पुर के पास हुआ हादसा, एक घंटे बाद पहुंची एंबुलेंस और पुलिस

संवाददाता, बकेवर (इटावा)


हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग। (इनसेट में) सुधीर त्रिपाठी। अमृत विचार

- सामने से वाहन की रोशनी पड़ने से सड़क के गड्ढे पर गिरा मजदूर
- गिरते ही ट्रक ने रौंदा, मजदूरी कर घर लौटते समय हुआ हादसा

**अमृत विचार।** लवेदी थाना क्षेत्र के नगला शिव सिंह पहाड़पुर के पास रविवार की शाम सामने से आंखों पर वाहन की रोशनी पड़ने से साइकिल सवार मजदूर का संतुलन बिगड़ गया और वह गिर पड़ा, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक का पहिया उसके ऊपर से निकल गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ईकरी निवासी सुधीर त्रिपाठी उर्फ प्रीतम (35) मजदूरी और पानी की टंकी पर चौकीदारी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। रविवार को वह मजूदरी करने जैतपुर गांव गया था। देर शाम करीब साढ़े सात बजे साइकिल से घर लौट रहा था। नगला शिव सिंह पहाड़पुर के पास सामने आ रहे वाहन की तेज रोशनी आंखों पर पड़ने वह असंतुलित होकर गड्ढे पर गिर पड़ा, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक का पहिया उसके ऊपर से निकल गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे की सूचना 108 हेल्पलाइन पर दी गई, लेकिन करीब 1 घंटे बाद एंबुलेंस और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से घायल को 50 शैया अस्पताल बकेवर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस दौरान डॉक्टर ने अधिक रक्तस्राव होने से मौत की वजह बताई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद पत्नी संजू देवी, बड़ी बेटी रिद्धि, बेटा कुश त्रिपाठी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बताते हैं कि अभी 15 दिन पहले बेटी हुई है, जिसका अभी नामकरण संस्कार भी नहीं हुआ है। लवेदी थानाध्यक्ष प्रीति सेंगर ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस आरोपी वाहन की तलाश में आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

**भरथना।** भरथना व साम्हो स्टेशन के मध्य दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरी भिजवाया और शव की शिनाख्त शुरू कर दी है। बताते हैं कि दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर सोमवार की सुबह करीब 9 बजे डाउन लाइन पर इटावा से कानपुर की ओर जा रही 22436 वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से पोल संख्या 1134/14 पर रेलवे क्रॉसिंग संख्या 19 के समीप एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक राम सिंह ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन शिनाख्त नहीं होने के पर शव को मर्चरी भेजा।


चयनित छात्र-छात्राओं के साथ प्रबंध निदेशक अनुज यादव मोंटी। अमृत विचार

# चौ. सुघर सिंह नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज के 9 छात्रों का अपोलो में चयन

संवाददाता, जसवंत नगर

**अमृत विचार।** चौ. सुघर सिंह नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज ने एक बार फिर उपलब्धि हासिल की है। कॉलेज की बीएससी नर्सिंग (2021-2025 बैच) के 9 बच्चों का चयन इंद्रप्रस्थ मेडिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (अपोलो अस्पताल दिल्ली) में हुआ है।

कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान अपोलो अस्पताल की विशेषज्ञ चयन टीम ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। अभ्यर्थियों ने अपने विषय ज्ञान, व्यवहारिक दक्षता, संचार कौशल एवं आत्म विश्वास के साथ चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दए गए। शिवानी कुशवाहा, दिव्या कुशवाहा, रोहित यादव, शिवानी यादव, अनु यादव, सपना यादव, आकांक्षा पाल, मेघा पाल एवं राधा यादव का चयन किया गया। संस्थान के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव, डायरेक्टर रीमा मंडल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगार के अवसर प्रदान करना है। अपोलो जैसे अस्पताल में चयन बच्चों की मेहनत एवं संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था का नतीजा है।


कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीओ अभय नारायण का स्वागत हुआ। अमृत विचार

# रंग मंच का हुनर सीखेंगे बच्चे

**इटावा।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में रंग अलख सांस्कृतिक समिति एवं रंगकल्प की ओर से 10 दिनी नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ सीओ सिटी अभय नारायण राय, चेयरमैन डॉ. कैलाश चंद्र यादव, फिल्म निर्माता निर्देशक लेखक रवीन्द्र चौहान, रंग प्रशिक्षक पवन राजपूत ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम संयोजक एवं चेयरमैन डॉ कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि इस कार्यशाला से बच्चों की दक्षता विकसित होगी। अभिनय की बारीकियां सीखकर नाटक की प्रस्तुति देंगे। प्रशिक्षक पवन राजपूत मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय से है। नाट्य कार्यशाला निर्देशक रवीन्द्र चौहान भारतेन्दु नाट्य अकादमी के रंगकर्मी है। सीओ ने बच्चों को मोबाइल फोन का सही उपयोग बताते हुए कहा कि भाषण और नाट्य प्रस्तुति सिर्फ मनोरंजन नहीं, यह भावनात्मक रूप से लाभ पहुचाती हैं। राष्ट्रीय कवि गौरव चौहान ने गीत प्रस्तुत किया।

# घर से लापता युवक का शव फंदे पर लटका मिला

संवाददाता, बकेवर (इटावा)

**अमृत विचार।** लालपुर में एक दिन पहले घर से लापता हुए युवक का शव खेत पर आम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। सुबह खेतों की ओर गए परिजनों ने युवक को लटके देखा तो परिजनों की चीख निकल गई। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक गुरुग्राम में निजी कंपनी में नौकरी करता था।

लालपुर निवासी प्रेमप्रकाश ने बताया कि उनका बड़ा बेटा हरेंद्र प्रताप उर्फ बंटू (29) गुरुग्राम में प्राइवेट नौकरी करता था। एक साल पहले वह गांव वापस आ गया था। रविवार सुबह माता-पिता से अलग रहने को लेकर हरेंद्र व उसकी पत्नी बेबी में विवाद हुआ था। इसके बाद हरेंद्र घर से बिना कुछ बताए घर से निकल गया था। पिता व अन्य परिजनों ने खोजबीन की लेकिन देर रात तक कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार की सुबह युवक के पिता और चाचा खेत पर पहुंचे तो आम के पेड़ पर फंदे पर बेटे का शव लटका देखा उनकी चीख निकल गई। सूचना पर थाना पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने परिजनों समेत ग्रामीणों से पूछताछ के बाद घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। बाद में शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मृतक हरेंद्र दो भाई हैं। छोटा भाई सत्येंद्र नोएडा में काम करता है। मृतक की दो बेटियां काव्या व नव्या है। पत्नी बेबी समेत मां कमलेश कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक ने बताया प्रथम दृष्टया युवक ने घेरलू विवाद में फंदा लगाकर जान दी है। इसके बाद भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



कुसमरा में भगवान परशुराम की जयंती मनाते लोग। अमृत विचार

# भगवान परशुराम की जयंती मनाई

**कुसमरा (मैनपुरी)।** नगर के दयाल महेश सेवा सदन गुड़ मंडी में ब्राह्मण स्वयं सेवक संघ की ओर से भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम आयोजक अनूप पांडेय ने अंगवस्त्र भेंटकर दर्जनों अनुयाइयों का स्वागत किया।

ब्राह्मण समाज के अग्रज रमाशंकर तिवारी ने भगवान परशुराम जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परशुराम जी हम सबके आदर्श हैं। हमें उनके पद चिन्हों पर चलकर समाज को बढ़ाना चाहिए, लेकिन कुछ चंद लोग अपने लाभ के लिए समाज को धोखा देते हैं। यहां रमाकांत मिश्रा, आलोक अग्निहोत्री, विनय शुक्ल, पंकज तिवारी, भयंकर मिश्रा, महेश मिश्रा, नीतू चौहान, छोटू दुबे, श्याम दुबे, अंकित गुप्ता, आलोक पांडेय, सोनू अग्निहोत्री, कुशाग्र मिश्रा, आशीष पांडेय आदि लोग रहे।

# शफी अहमद उर्दू वार्ड के निर्विरोध सभासद निर्वाचित

**इटावा।** नगर पालिका परिषद के उर्दू वार्ड में सभासद की मृत्यु के बाद खाली हुई सीट पर उपचुनाव में पूर्व सभासद का समर्थन मिलने और नामांकन वापस लेने से पूर्व सभासद शफी अहमद निर्विरोध सभासद निर्वाचित हुए। एडीएम आफिस में रिटर्निंग आफिसर सन्दीप कुमार ने जीत का प्रमाण पत्र दिया।

उपचुनाव में मृतक सभासद जावेद हुसैन की पत्नी शादमा भी प्रत्याशी बनना चाहती थीं, लेकिन अंतिम दिन नामांकन प्रक्रिया में 8 मिनट देर से पहुंचीं, जिससे नामांकन पत्र दाखिल नहीं कर सकीं। रविवार देर शाम पूर्व सभासद शफीक मस्त खां ने शफी अहमद को समर्थन देने का ऐलान कर दिया। उनके नामांकन वापस लेने से शफी अहमद निर्विरोध सभासद निर्वाचित हुए। कचहरी में वकीलों ने मालाओं से लादकर स्वागत किया।

**परशुराम जयंती** | भरथना में गाजे-बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा, जगह-जगह किया गया स्वागत

# भगवान परशुराम की शोभायात्रा में झूमी आस्था

संवाददाता, भरथना


रथ पर विराजमान भगवान परशुराम का स्वरूप, साथ में अन्य लोग। अमृत विचार


महेवा की शोभायात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर नगर में शोभायात्रा धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस शोभायात्रा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरे नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। महेवा में भी भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।

परशुराम मंदिर (नर्मदेश्वर मंदिर) में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा के आगे बढ़ते ही डीजे की धुनों, ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों की गूंज से वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो उठा। युवा भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए, वहीं यात्रा में शामिल जन समूह जयघोष करते हुए यात्रा में शामिल रहे।

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों बालूगंज, मंडी रोड, सती मंदिर, गिरधारीपुरा, आजाद रोड, तिलक रोड, मोतीगंज, राजागंज, फ्लाईओवर, जवाहर रोड और स्टेशन रोड से होकर गुजरी। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। कई स्थानों पर भगवान परशुराम की आरती उतारकर लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा में भगवान परशुराम की सुसज्जित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन्हें देखने के लिए रास्तों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय लोगों द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार बनाए गए थे, साथ ही जलपान की भी व्यवस्था की गई थी।

शोभायात्रा में परशुराम सेवा समिति के अध्यक्ष विपिन बिहारी दुबे कक्का, बद्री चौधरी, पवन दुबे, अशोक तिवारी, महेश शुक्ला, गोपाल तिवारी, नीटू तिवारी, ओम प्रताप बंटू, अनिल दीक्षित, दिलीप तिवारी, शुक्ला, समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। महेवा में भी भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

# वन विभाग की टीम पर डंपर चढ़ाने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- दो आरोपियों के साथ डंपर और जेसीबी सीज, चार नामजद समेत नौ के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार।** चौबिया क्षेत्र के उनवा संतोषपुर में वन विभाग की भूमि पर मिट्टी के अवैध खनन की सूचना पर टीम ने दबिश दी, तो भागने के प्रयास में खनन माफिया ने टीम पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया। आगे से टीम ने घेरकर दो लोगों को दबोचा और डंपर व जेसीबी सीज कर दी। वहीं, कार चालक दो लोग भागने में सफल रहे। टीम ने चौबिया थाने में चार नामजद समेत नौ के खिलाफ संगीन धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

बसरेहर वन रेंजर अमित कुमार ने बताया कि सैफई क्षेत्र के उनवा संतोषपुर में वन विभाग की आरक्षित भूमि है। सोमवार को सूचना मिली कि वहां मिट्टी का खनन हो रहा है। वन विभाग व पुलिस टीम जब पहुंची तो एक डंपर व जेसीबी से खनन हो रहा था। टीम को देखते ही डंपर व जेसीबी लेकर भागने लगे। टीम के सामने आने पर डंपर चढ़ाने का प्रयास किया। टीम ने इधर-उधर कूदकर जान बचाई। बाद में वन विभाग की टीम ने उन्हें आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे करहल के पास घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़ लिया। इनमें अवनीश निवासी राजा का बाग और अजय निवासी नगला राजा का बाग के हैं। दो आरोपी प्रवीन निवासी फर्दपुर, अरुण उर्फ लउआ निवासी गदेई थाना सैफई कार से भाग गए। डंपर व जेसीबी को सीज किया गया है। रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वन रेंजर अमित कुमार ने बताया कि सीज किए गए दोनों वाहनों को डीएफओ कोर्ट में राजकीय संपत्ति घोषित करने की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### खेत पर पानी लगाते समय किसान की मौत

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव दसरौरा में खेत पर काम करते समय किसान की अचानक मौत हो गई। गांव निवासी 53 वर्षीय सुरेश चंद्र सोमवार सुबह अपने खेत पर लगी उर्द की फसल में पानी लगा रहे थे तभी उनकी हालत बिगड़ी और वह अचेत होकर गिर पड़े ।काफी देर बाद पास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने जब उन्हें खेत में पड़ा देखा तो परिजनों को सूचना दी। परिजन उन्हें एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### पीट कर मोबाइल छीना

**अयाना, औरैया।** थाना क्षेत्र के रामपुर प्रताप सिंह निवासी पिंकी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार रात 12 बजे के करीब पति किशन सिंह कमरे में भूसा भर रहे थे। इसी दौरान गांव के दो लोगों ने पति के साथ गाली गलौज कर मोबाइल छीन लिया। विरोध करने पर मारपीट की। बचाने के प्रयास के दौरान उसकी माला कहीं गिर गई। काफी खोजने के बाद भी माला नहीं मिली।

### परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

**जालौन।** परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के चौधरयाना मोहल्ला स्थित परशुराम मंदिर में भक्तों द्वारा विधि–विधान से पूजा–अर्चना एवं आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। पूजा अर्चना और प्रसाद वितरण के बाद नगर में ब्राह्मण चेतना परिषद के तत्वावधान में भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा परशुराम मंदिर से शुरू होकर सब्जी मंडी, पानी की टंकी, तहसील, कांजी हाउस, देवनगर चौराहा, कोतवाली रोड, काली माता मंदिर, तहसील रोड, बस स्टैंड, बड़ी माता, छोटी माता होते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। बाद में समाज के बुजुर्गजनों को श्रीफल, शॉल ओढ़ाकर व मालाएं पहनाकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर उमेश दीक्षित, दीपू त्रिपाठी, रामेंद्र त्रिपाठी, गौरीश द्विवेदी, डॉक्टर वेद प्रकाश शर्मा, नीशू पाठक, उमेश दुबे, प्रद्युम्न दीक्षित, अवनीश दीक्षित, राघवेंद्र नगाइच, मोंटू मिश्रा, पिंटू सिहारी, आदित्य भूषण तिवारी, शिक्षक धर्मेंद्र मिश्रा, वास्स्पति मिश्रा, विद्यासागर मिश्रा, रामकुमार चतुर्वेदी, डॉ. संजय शुक्ला, शिवराम तिवारी, पूजा शुक्ला, भगवानदास तिवारी, प्रखर पाठक, अरविंद बाजपेई आदि रहे।

### एसपी ने कोतवाली का किया निरीक्षण

**जालौन।** एसपी विनय कुमार सिंह ने रविवार की देर रात कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कोतवाली कार्यालय में अभिलेखों की स्थिति, हिस्ट्रीशीटर इंडेक्स, मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, हवालात और मालखाना का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी रजिस्टर अद्यतन एवं साफ–सुथरे होने चाहिए। उन्होंने कहा कि वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाई जाए। मिशन शक्ति केंद्र को सक्रिय रखते हुए महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को बेहतर पुलिस सेवा मिल सके। इस मौके पर सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल हरिशंकर चंद, इंस्पेक्टर क्राइम विवेक मौर्य, एसएसआई संजय यति, एसआई शिवम सेंगर, निसार अहमद, अमर सिंह आदि रहे।

### महिलाओं को किया जागरूक

**जालौन।** मिशन शक्ति फेज 5 .0 के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को जागरूक करते हुए अभियान चलाया। अभियान के दौरान महिला चौकी प्रभारी मधु देवी ने बताया कि कोई भी अंजान काल से सावधान रहें। अंजान व्यक्तियों के साथ अपना पर्सनल मोबाइल नबर शेयर न करें। कोई अनजान व्यक्ति यदि कोई लिंक भेजता है तो उसे न खोलें। ऐसा करने से आपका मोबाइल हैक हो सकता है। किसी को भी अपनी पर्सनल तस्वीरें न भेजें। जागरूक रहकर आप साइबर फ्राड से बच सकती हैं। महिला सिपाही प्रकांक्षा ने वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी दी गई। अंत में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पंफलेट वितरित किए गए। इस मौके पर मीनाक्षी, अदिती, सोनम, करिश्मा, पूनम, शालिनी, प्रकांक्षा, विनीता, अनीता आदि मौजूद रहे।

# ट्रक की टक्कर से मां-बेटे की मौत

## पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया, परिजनों का रो-रो कर हुआ बुरा हाल

संवाददाता ऐरवाकटरा, औरैया

**अमृत विचार ।** थाना क्षेत्र के बस स्टैंड पर सोमवार को सड़क हादसे में बाइक सवार मां और उसके मासूम बेटे की मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही मौके पर लोगो की भीड़ लग गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया है। इस घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

कन्नौज जनपद के शिवसिंहपुर गांव निवासी शिवम पुत्र विजयपाल अपनी पत्नी शिवानी के साथ बाइक से सहायल क्षेत्र के पूरा कला गांव (अपने मामा के घर) जा रही थीं। बाइक पर उनके साथ उनका करीब 3 वर्षीय बेटा पुष्पम व पांच माह की बेटी सिद्धी थी। जैसे ही उनकी बाइक ऐरवा बस स्टैंड के पास पहुंची, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसा में शिवानी देवी और उनके मासूम बेटे पुष्पम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक पर सवार पिता व बच्ची इस हादसे में सुरक्षित बच गए।


जालौन में लौना रोड पर दुकान में घुसा ट्रैक्टर। अमृत विचार

- बाइक सवार पति और पांच माह की बेटी सुरक्षित बची

घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष विनेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हादसे में शामिल ट्रक को भी अपने कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद काफी देर तक यातायात बाधित रहा। पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद यातायात शुरू कराया। वहीं पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### कनफेक्शनरी की दुकान में घुसाअनियंत्रित ट्रैक्टर

■ **जालौन** लौना रोड पर सीओ ऑफिस के सामने बेकाबू ट्रैक्टर कनफेक्शनरी दुकान में जा घुस। जिसमें दुकानदार समेत सेल्समैन घायल हो गया। नगर में लौना रोड पर सोमवार को बेकाबू ट्रैक्टर लौना रोड स्थित सीओ कार्यालय के सामने मुरारी गुप्ता की कनफेक्शनरी की दुकान में जा घुसा। हादसे में समय मुरारी गुप्ता दुकान में थे और सेल्समैन सचिन गुप्ता दुकान पर सामान दे रहे थे। ट्रैक्टर की चपेट में आकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में दुकान की टिन शेड समेत सामान और सेल्समैन की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास मौजूद लोगों के अनुसार, ट्रैक्टर अचानक नियंत्रण खो बैठा और सीधे दुकानमें घुस गया। वहां मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी पहुंचाया।

### रेलवे ब्लॉक के कारण महानंदा ट्रेन 15 मिनट रुकी

**अछल्दा ।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर सोमवार दोपहर रेलवे द्वारा ब्लॉक लिए जाने के कारण ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 1:10 बजे ब्लॉक लिया गया, जो 1:50 बजे तक जारी रहा। इसी दौरान इटावा से कानपुर की ओर जा रही ट्रेन संख्या 15484 सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस को अछल्दा स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर करीब 15 मिनट तक रोके रखना पड़ा। ट्रेन लगभग 1:30 बजे स्टेशन पर पहुंची थी, लेकिन ब्लॉक के चलते उसे आगे नही बढ़ सकी। ब्लॉक समाप्त होने के पहले 1:45 बजे ट्रेन को रवाना किया गया। ट्रेन के रुकने से यात्रियों को चिलचिलाती धूप में इंतजार करना पड़ा, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्टेशन पर कैंटीन बंद होने के कारण यात्रियों को अतिरिक्त दिक्कत हुई। स्टेशन मास्टर अनिल त्यागी ने बताया कि रेलवे ब्लॉक के कारण ही ट्रेन को रोका गया था।

## महिलाओं को किया जागरूक


महिलाओं को जागरूक करते जिम्मेदार। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता औरैया

**अमृत विचार ।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार '' संकल्प हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन '' योजना के अंतर्गत जनपद के गेस्ट हाउसों एवं मंदिरों में बाल विवाह रेस्क्यु अभियान चलाया गया।

इसमें महिला कल्याण विभाग से हब फॉर इंपावरमेंट टीम से सपना देवी, डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर ,चाइल्ड हेल्पलाइन टीम से पूजा पाठक, सुपरवाइजर,वन स्टॉप सेंटर से रेखा गुप्ता , केस वर्कर जिला बाल संरक्षण इकाई से रीना देवी संरक्षण अधिकारी एवं पुलिस विभाग से थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम से मनीष शुक्ला, उपनिरीक्षक विशेष किशोर पुलिस यूनिट से राजेन्द्र कुमार व श्रम प्रवर्तन विभाग से जीत सिंह एवं अशोक कुमार आदि ने प्रतिभाग किया। अभियान में आम जनमानस को बताया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की एवं 21 वर्ष से कम उम्र का लड़का का बाल विवाह न करने हेतु जानकारी दी गई साथ ही बाल विवाह करने से क्या समस्या आती है। इसकी जानकारी दी गई।

साथ ही आमजनमानस को टोल फ्री नंबरों के बारे में भी जानकारी दी गई। कहा कि अगर कहीं भी बाल विवाह हो रहा है तो टोल फ्री नंबर पर सूचना अवश्य दें।

## अनुपस्थित प्रशिक्षार्थियों को दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता औरैया

**अमृत विचार ।** भारत की जनगणना 2027 के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर चार्ज स्तर पर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का द्वितीय चरण दिनांक 20 अप्रैल से प्रारंभ कर दिया गया है।

जिला जनगणना अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी (वि0/ रा0) अविनाश चन्द्र मौर्य ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे इस प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता एवं तन्मयता के साथ लें। ताकि फील्ड में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और जनगणना कार्य त्रुटिरहित तरीके से संपन्न हो सके। जिला प्रशासन द्वारा जनगणना 2027 को सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं तथा आमजन से इस महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहयोग की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण के अन्तर्गत 20 अप्रैल से 22 अप्रैल के मध्य प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का प्रथम दिवस का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें सुदिती ग्लोबल एकेडमी में तहसील औरैया के 238 प्रशिक्षार्थियों में से 09, नगर पंचायत फफूंद के 44 प्रशिक्षणर्थियों में से 02 तथा नगर पालिका परिषद औरैया के 84 प्रशिक्षिणार्थियों में से 04 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार रैपिड ग्लोबल एकेडमी बिधूना में तहसील बिधूना के 438 प्रशिक्षार्थियों में से 02 तथा आरजीएस कालेज बिधूना में नगर पंचायत बिधूना हेतु 45 प्रशिक्षार्थियों में से शून्य अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अजीतमल में तहसील अजीतमल के 189 प्रशिक्षार्थियों में से 02, नगर पंचायत अजीतमल बाबरपुर में 35 में से शून्य अनुपस्थित रहे।


प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर अजय आनंद वर्मा, उप जिलाधिकारी विधूना गरिमा सोनकिया,उप जिलाधिकारी अजीतमल निखिल राजपूत, तहसीलदार सदर प्रकाश चौधरी, सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### पार्टी का झंडा जलाकर अपर्णा ने किया नेता जी का अपमान : निषाद

**अयाना।** संसद में महिला आरक्षण बिल पारित न हो पाने को लेकर सियासत तेज हो गई है। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने शुक्रवार देर रात विधानभवन के सामने सपा और कांग्रेस का झंडा जलाकर विरोध जताया। इसको लेकर रविवार को सपा पिछड़ा प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव भगवती निषाद ने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। वीडियो में उन्होंने कहा कि असल में महिला आरक्षण बिल था ही नहीं। इसके पीछे आज कल की सरकार चल रही है वह अपने नापाक इरादों को पूरा करना चाहती है। इसे विपक्ष ने गिरा दिया है। अपर्णा यादव की पहचान सपा और नेता जी से ही है। उनकी ओर से पार्टी का झंडा जलाकर सीधा नेता जी का अपमान किया गया है। । यह सिर्फ पार्टी का अपमान नहीं है बल्कि नेता जी की जीवन भर की मेहनत का अपमान है।

## सख्त अनुशासन व शिक्षा से बेटियां बना रहीं नया मुकाम : आराधना

विकास गुप्ता, अछल्दा औरैया

**अमृत विचार ।** कस्बे के महेवा बस अड्डा के पास श्री गुलजारी लाल सुखदेवी इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य आराधना यादव ने नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में कहा कि आज की नारी किसी से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि अछल्दा ब्लॉक में इस विद्यालय की नींव उनके ससुर स्व. मंशा राम यादव ने रखी थी। उनके निधन के बाद इतनी बड़ी संस्था को संचालित करने की जिम्मेदारी उन्होंने संभाली और निरंतर आगे बढ़ाया।

प्रधानाचार्या आराधना यादव ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यही कारण है कि यहां से पढ़कर निकले छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। इसी क्रम में घसारा गांव की बेटी कुमारी शिवानी ने विद्यालय और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। वह गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर (जीसीआई) हैं और उन्होंने इसी विद्यालय से हाईस्कूल से इंटरमीडिएट तक की शिक्षा प्राप्त की है। हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एनसीसी कार्यक्रम के दौरान उन्हें प्रतिष्ठित डीजी मेडल से सम्मानित किया गया, जिससे विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।


आराधना यादव।

- घसारा की इंटर कॉलेज की बेटी को एनसीसी में मिला डीजी मेडल
- विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में दौड़ी खुशी की लहर

इसके अलावा ब्लॉक चौराहा निवासी अल्पना (पुत्री राधाकृष्ण राठौर) प्राथमिक शिक्षिका, फर्रुखाबाद की सुप्रिया (पुत्री सत्यप्रकाश) प्राथमिक शिक्षिका, अजीतमल की साक्षी (पुत्री आंगनबाड़ी सुपरवाइजर) तथा कानपुर देहात की अल्का भी प्राथमिक शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं।

प्रधानाचार्य आराधना यादव ने कहा कि विद्यालय के सख्त नियमों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के कारण यहां की छात्राएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और यह साबित कर रही हैं कि वे किसी से कम नहीं हैं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## ईवीएम, वीवीपैट सीयू वेयर हाउस का किया निरीक्षण


निरीक्षण करते डीएम इंद्रमणि त्रिपाठी व अन्य । अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता औरैया

**अमृत विचार ।** जिला मजिस्ट्रेट ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुपालन में कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम, वीवीपैट, सीयू वेयर हाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधितों को निर्देशित किया कि सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार लगाई जाए तथा सुरक्षा कर्मी पूरी सजगता से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए ड्यूटी सुनिश्चित करें, जिससे सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई शिथिलता/ लापरवाही दृष्टिगत न हो।

डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने सुरक्षा निगरानी की दृष्टि से लगाए गए सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम 24 घण्टे संचालित रखने के निर्देश दिये। साथ ही परिसर की साफ- सफाई को दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अविनाश चन्द्र मौर्य, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी रावेन्द्र सहित संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## शेर पर सवार होकर आ जा शेरावाली पर झूमे भक्त

संवाददाता अछल्दा औरैया

**अमृत विचार ।** क्षेत्र के पुरवा भदौरिया में में स्थित गमा देवी मंदिर पर रविवार को भव्य भगवती जागरण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल नाथ महाराज ने किया, जबकि झांकी सम्राट अमित ठाकुर की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

जागरण के दौरान शेर पर सवार होकर आ जा मां शेरावाली, मां मुरादें पूरी करदें हलवा बाटुंगी,सुदामा की झांकी और काली तांडव जैसी आकर्षक झांकियों ने कार्यक्रम में विशेष शोभा बढ़ाई।

जागरण में गायिका रुचि (कानपुर), कृष्ण प्रिया (बिल्लौर) और अरुण पांडेय (छिबरामऊ) ने अपनी भक्ति भरी प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। आयोजन की जिम्मेदारी मनोज राठौर, कन्हैया राठौर और गीता राठौर ने संभाली। कार्यक्रम के दौरान "आजा मां तैनू अखियां उडीक दीयां" जैसे भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। साथ ही माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की मनमोहक झांकियों का चित्रण किया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। रात भर चले इस जागरण में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लेकर माता रानी की भेंट और आरती में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन के दौरान श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।


झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

## खेतों में लगी आग से कई किसानों की मेहनत राख

संवाददाता कुदरकोट औरैया

**अमृत विचार ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बंजारहार में सोमवार दोपहर करीब 1 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गेहूं के खेतों में पड़े अवशेषों में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया । हालात की गंभीरता को देखते हुए तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई, जिसके बाद यूपी-112 की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य में जुट गई। कुछ ही देर बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान ग्रामीणों और प्रशासनिक टीम ने मिलकर बड़ी मशक्कत से आग को आसपास के खेतों तक फैलने से रोका । इस अग्निकांड में कई किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। आग की चपेट में आकर जयपाल की 5 बीघा, सूरत सिंह की 14 बीघा, अजय कुमार की 18 बीघा, रामवीर की 15 बीघा, राकेश की 10 बीघा, सतीश चंद्र की 4 बीघा, विनोद कुमार की 5 बीघा और प्रताप सिंह की 10 बीघा भूमि में पड़े फसल अवशेष जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए। इसके अलावा खेतों के किनारे बने बगीचे और मढ़ैया भी आग की भेंट चढ़ गए, जिससे किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ी है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। आशंका जताई जा रही है कि तेज गर्मी या किसी चिंगारी के कारण यह हादसा हुआ हो सकता है, हालांकि प्रशासन द्वारा मामले की जांच कराई जा रही है।

**तैयारी** — तीन दिन तक तीन चरणों में होगा प्रशिक्षण

## जनगणना कार्मिकों को किया गया प्रशिक्षित

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार ।** सोमवार से जनगणना प्रशिक्षण का कार्य शुरू हो गया है। एमएसवी इंटर कालेज में चल रहे इस कार्यक्रम का अपर निदेशक जनगणना मनोज कुमार मौर्या ने भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षकों और प्रशिक्षार्थियों को जरूरी टिप्स भी दिए।

सरकार प्रति दस वर्षों में जनगणना के माध्यम से आबादी के साथ महिला पुरुष अनुपात के अलावा आर्थिक स्थिति का भी सर्वेक्षण कराती है, जो 2011 में हुआ था। इसके बाद इसको 2021 में होना था, लेकिन उस समय कोरोना महामारी के चलते नहीं हो सकी थी। इसलिए अब शासन ने जनगणना की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसके लिए कार्मिकों का प्रशिक्षण शुरू हो गया है जो तीन चरण में होगा और प्रशिणार्थियों को तीन तीन दिन तक जनगणना के गुर सिखाएं जाएंगे। सोमवार से एमएसवी इंटर कालेज में प्रशिक्षण शुरू हो गया है, जो तीन दिन तक चलेगा। इस दौरान प्रशिक्षक उन्हें गणना के तौर तरीकों के बारे में जानकारी दे रहे हैं, जिसमें पहले चरण में मकान की गणना होनी है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की हकीकत परखने के लिए, सोमवार को ही अपर निदेशक जनगणना मनोज कुमार मौर्या ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद प्रशिक्षकों और प्रशिक्षार्थियों को इस कार्यक्रम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी और कहा कि यह पूरी प्रक्रिया आनलाईन होनी है। इसलिए सही जानकारी भरी जाए।


जनगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ। अमृत विचार

वहीं प्रशिक्षण के दौरान मौजूद एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने भी प्रशिक्षार्थियों को प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी और कहा कि तहसील क्षेत्र को सेक्टरों में बांटा गया है, जिससे जनगणना के दौरान किसी को परेशानी न हो तो प्रभारी तहसीलदार चन्द्र मोहन शुक्ला ने प्रशिक्षण ले रहे कार्मिकों को जानकारी देते हुए नसीहत दी की उनकी गलती सरकार की योजना खराब कर देगी। इसलिये सब कुछ समझने के बाद ही जनता का ब्योरा बहुत ही सोच समझ कर और सही सही अपलोड करें।

## कोर्ट में तारीख के अगले ही दिन महिला की संदिग्ध हालातों में मौत

संवाददाता कुसमिलिया जालौन

**अमृत विचार ।** डकोर थाना क्षेत्र के कुसमीलिया गांव में एक 26 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि रविवार सुबह अचानक पेट में दर्द होने के बाद उसे मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया गया था, जहाँ इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतका के परिजनों ने पति और ससुराल पक्ष पर मानसिक उत्पीड़न और दहेज के लिए प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कुसमीलिया गांव निवासी परमेश्वर दयाल की बड़ी पुत्री रूबी (26) का विवाह 19 नवंबर 2019 को धंतोली निवासी योगेंद्र के साथ हुआ था। परिजनों का कहना है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति-पत्नी के बीच अनबन शुरू हो गई थी। विवाद इतना बढ़ा कि मामला न्यायालय तक पहुंच गया। पिछले 6 वर्षों से दोनों के बीच कोर्ट में केस चल रहा है। मृतका के परिजनों ने बताया कि पति योगेंद्र लगातार रूबी पर तलाक देने का दबाव बना रहा था, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहती थी। शनिवार को ही इस मामले में कोर्ट में तारीख थी, जहां दोनों का आमना-सामना हुआ था। रविवार सुबह अचानक रूबी के पेट में तेज दर्द उठा, जिसके बाद आनन-फानन में उसे मेडिकल कॉलेज उरई ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

मृतका की मां मानकुंवर देवी ने दामाद पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि योगेंद्र उनकी बेटी को पसंद नहीं करता था और दूसरी शादी करना चाहता था। उन्होंने बताया शनिवार को कोर्ट में तारीख के दौरान भी उसने रूबी पर तलाक के लिए दबाव बनाया था। इससे पहले वह एक लाख रुपये और मोटरसाइकिल की मांग को लेकर भी उसे परेशान करता था।

**भाई ने दी मुखाग्नि, नहीं पहुंचे ससुराली :** हृदयविदारक बात यह रही कि रूबी की मौत की सूचना ससुराल पक्ष को दी गई, लेकिन पति या परिवार का कोई भी सदस्य उसे अंतिम बार देखने नहीं पहुंचा। अंततः मृतका के छोटे भाई सुदीप ने अपनी बहन का अंतिम संस्कार किया। बहन की मौत से भाई सुदीप छोटी बहन शिल्पी व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने खाया जहर गंभीर हालत में भर्ती

**मौदहा।** सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम बैजेमऊ निवासी प्रमोद कुमार (38) पुत्र अशोक कुमार ने सोमवार सुबह अपने घर में गृह कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद वह तड़पने लगा और बोला कि मैंने जहर खा लिया है। परिजनों ने आनन-फानन में उसे कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

### किसान को सर्प ने डसा, हालत गंभीर

**मौदहा।** कानपुर नगर जनपद के घाटमपुर निवासी विनोद (30) पुत्र रामकिशोर मौदहा कस्बे के दलेल शहीद बाबा में बटाई का खेत लेकर सब्जी की बारी लगाता है। सोमवार सुबह 5 बजे वह बारी पर काम करने पहुंचा। तभी झाड़ियों के पास सांप ने उन्हें डस लिया। विनोद ने शोर मचाया तो आसपास मौजूद लोगों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन तुरंत पहुंचे और सीएचसी लाए, जहां डॉक्टरों ने तत्काल उपचार शुरू किया, जिससे हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क किनारे लगी झाड़ियों की साफ-सफाई कराने की मांग की है।

### पंचायत चुनाव को लेकर 22 को बैठक

**मुस्करा।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव एवं बुंदेलखंड प्रभारी हर स्वरूप व्यास ने बताया कि 22 अप्रैल को संगठन की राज्य स्तरीय बैठक राज भवन गेट नंबर 1 के सामने डिप्लोमा इंजीनियरिंग संघ सभागार में होगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पांडेय, प्रदेश महासचिव दिनेश कुमार मिश्रा मौजूद रहेंगे। बैठक में पंचायत चुनाव को लेकर सरकार का रुख स्पष्ट नहीं होने और यदि चुनाव टाले जाते हैं तो प्रधान को ही प्रशासक बनाए रखने के मुद्दे पर रणनीति तय होगी। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों एवं ग्राम प्रधानों को अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### छेड़खानी का आरोपी बाल सुधार गृह पहुंचा

**कुरारा (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के एक गांव में बीते 5 दिन पूर्व एक किशोरी के साथ एक किशोर द्वारा छेड़खानी करने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह भेजा है। क्षेत्र के एक गांव मे बीते 5 दिन पूर्व आरोपी मुकेश कुमार पुत्र रामकेश ने एक किशोरी के साथ अश्लील हरकत व छेड़खानी की थी। जिस पर पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार तलाश कर रही थी। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह भेजा है।

### पति पर मारपीट कर निकालने का आरोप

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के लरौंद गांव की महिला कोमल देवी पत्नी संतोष कुमार वर्मा ने थाना में तहरीर देते हुए बताया कि पति शराब पीने का आदी है। शराब के नशे में अकारण मारपीट व प्रताड़ित करता चला आ रहा है। दस दिन पहले शराब के नशा में पति ने मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। दस दिन वह मायके में शरण लिए हुए है। सोमवार को सुबह पति मायके में आकर अभद्रता कर मारपीट करने लगा। भाई के बीच बचाव करने पर पति ने उसके साथ भी मारपीट की और उसे व भाई को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। महिला ने पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कुनेहटा चौकी प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

### मां सिंहवाहिनी की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**बिवांर (हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम टीहर में मां सिंहवाहिनी की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। इमिलिया गांव के आचार्य पं.नरसिंह शास्त्री की देखरेख में यजमान राम प्रकाश पथिक अपनी पत्नी सुशीला के साथ करीब आधा सैकड़ा महिलाएं सिर में कलश लेकर कलश यात्रा में शामिल रही। कलश यात्रा के बाद मंडप प्रवेश देव आह्वान, पुष्पाधिवास, अन्न प्रासन के बाद सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा के साथ हवन पूजन का आयोजन किया गया। हवन पूजन के बाद कन्या भोज व विशाल भंडारा का आयोजन हुआ, जिसमें करीब आधा दर्जन से अधिक गांव के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। समाज सेवी शिवम शिवहरे ने बताया की रात्रि तक विशाल भंडारा चलता रहा।

## बांदा रोड पर फिर 2 घंटे लगा जाम

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के मध्य से गुजरे स्टेट हाईवे बांदा पैलानी तिंदवारी मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य धीमा होने के कारण यह मार्ग दिनभर जाम रहता है। राहगीर चिलचिलाती धूप में घंटों जाम में फंसकर परेशान होते हैं। सोमवार को 12:00 बजे से लगा जाम दोपहर 2:00 तक रेंगते नजर आया। इस मार्ग का जाम नेशनल हाईवे 34 के आवागमन को भी प्रभावित करता है।

मौजूदा समय में लोक निर्माण विभाग कस्बे के मध्य से गुजरे स्टेट हाईवे बांदा पैलानी तिंदवारी मार्ग का कस्बे के अंदर चौड़ीकरण का कार्य कर रहा है। कार्य कच्छप गति से होने के कारण कस्बे में रानी लक्ष्मीबाई तिराहा से पैलानी बस स्टैंड तक दिन भर जाम का झाम बना रहता है। सर्वाधिक परेशानी स्कूली वाहनों के साथ रेलवे स्टेशन आने-जाने वालों को होती है। सोमवार को 12:00 बजे से शुरू हुआ जाम अपराह्न 2:00 बजे तक रेंगता रहा। जाम में स्कूल वाहनों के साथ परिवहन निगम की बसें एंबुलेंस आदि भी फंसी रही। स्थानीय निवासी पंकज शिवहरे, राजू गुप्ता, सूर्य प्रकाश, अखिलेश सिंह, शानू खान, राजेश पाल आदि ने बताया कि दोनों तरफ पटरी खोदकर छोड़ देने से जाम के हालात बने हैं। कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है, इसमें तेजी लाने की मांग की है।



सोमवार को बांदा रोड पर ठीक दोपहर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

## घनश्याम गए, अभिषेक ने संभाली कमान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- जनपद में उपलब्धियों भरा रहा घनश्याम मीना का कार्यकाल
- राजस्व के मामले में जनपद को प्रदेश में दिलाया प्रथम स्थान

**अमृत विचार।** शासन ने जिलाधिकारी घनश्याम मीणा का तबादला कर दिया। शासन ने उन्हें उन्नाव का डीएम बनाया गया है। उनकी जगह अभिषेक गोयल को जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। वह इससे पहले खाद्य एवं रसद विभाग में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत थे।

घनश्याम मीणा ने 14 सितंबर 2024 को जिले की कमान संभाली थी। उनका 19 माह का कार्यकाल रहा। उनके कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। इनमें जिले के मौदहा तहसील से गुजरने वाली लगभग 68 किलोमीटर लंबी चंद्रावल नदी को पुनर्जीवित करने की पहल प्रमुख रही। यह नदी वर्षों से अपना अस्तित्व खो चुकी थी। जिलाधिकारी मीणा ने 'मिशन जलोदय' जिलाधिकारी मीणा ने 'मिशन जलोदय' और 'नमामि गंगे' योजना के तहत इस नदी को पुनर्जीवित करने का अभियान चलाया।

इस अभियान में समाजसेवियों, स्वयंसेवी संगठनों और स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई। इस पहल के परिणामस्वरूप नदी के पुनर्जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य हुआ और जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता भी बढ़ी। उनके कार्यकाल की एक और बड़ी उपलब्धि हमीरपुर जनपद द्वारा 516 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह करना रहा। इस आंकड़े के साथ जनपद ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया, जिसे प्रशासनिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

शासन ने घनश्याम मीणा का उन्नाव जिलाधिकारी के रूप में स्थानांतरण कर दिया है और उनकी जगह अभिषेक गोयल को जनपद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभिषेक गोयल इससे पहले खाद्य एवं रसद विभाग में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत थे।

### 2016 बैच के अफसर हैं अभिषेक गोयल

- अभिषेक गोयल उत्तर प्रदेश कैडर के 2016 बैच के आईएएस के अधिकारी हैं। उन्होंने मार्केटिंग मैनेजमेंट में बैचलर ऑफ कॉमर्स और इंजीनियरिंग में बैचलर की डिग्री प्राप्त की है।



नए डीएम अभिषेक गोयल।

# ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई बाइक सिर में घुसी सरिया, दो की मौत

### राठ-अमगांव मार्ग पर प्रजा अभिनव महाविद्यालय के पास रविवार की रात हुआ हादसा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे दोनों बाइक सवार
- हादसे में ट्रैक्टर पलटने से उस पर सवार पांच लोग घायल

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अमगांव के पास सड़क पर सरिया लदी ट्रैक्टर ट्राली में बाइक सवार की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। वहीं सरिया लदा ट्रैक्टर पलटने से उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया।

जरिया थाने के खेड़ा शिलाजीत गांव निवासी हरिश्चंद्र मिश्रा (55) और मानबहादुर द्विवेदी बाइक पर सवार होकर रविवार की रात राठ के एक गेस्ट हाउस में आयोजित एक शादी समारोह में अमगांव होते हुए जा रहे थे। अमगांव के पास स्थित अभिनव प्रज्ञा महाविद्यालय के पास सरिया से लदे जा रहे एक ट्रैक्टर में अचानक से बाइक जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रॉली में लदी लोहे की सरिया बाइक चालक और पीछे बैठे अधेड़ के सिर में घुस गई, जिससे दोनों लहूलुहान हो गए।



हरिश्चंद्र मिश्रा।

बताया जाता है कि इसी बीच ट्रैक्टर असंतुलित हो गया और सड़क किनारे पलट गया, जिससे उस पर सवार पांच लोग घायल हो गए। घालयों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने हरिश्चंद्र मिश्रा और मानबहादुर को मृत घोषित कर दिया। ट्रैक्टर पर सवार घायलों में बैंदो इटौरा गांव निवासी हरी सिंह (55), मनोहर (46), ठाकुरदीन (60), चालक बालकिशन (30) और धांधू (60) शामिल हैं। चिकित्सकों के अनुसार, धांधू का हाथ फ्रैक्चर हुआ है। जबकि अन्य घायलों को मामूली चोटें आई हैं।



राठ सीएचसी के बाहर मौजूद परिवार और करीबी लोग। अमृत विचार

सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। कोतवाल अनूप सिंह ने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने ट्रैक्टर और उसके चालक को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। दो लोगों की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ था।

## अचानक धधकी आग और जलने लगा ट्रैक्टर, आगजनी का आरोप

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** रविवार सोमवार की दरम्यानी रात गांव के एक युवक ने खड़े ट्रैक्टर के बोनट में आग लगा दी। हालांकि लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझा ली। अन्यथा बड़ी धन हानि हो सकती थी। वहीं कोतवाली पुलिस ने मामले में तहरीर नहीं मिलने की बात कही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदारपुर डेरा निवासी राजीव कुमार पुत्र धनीराम ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि रविवार की रात करीब तीन बजे गांव के नीरज पुत्र रामबिहारी ने उसके ट्रैक्टर के बोनट में आग लगा दी। जब बोनट पूरी तरह से जलने लगा तो लोगों ने देखा और आग बुझाई। लेकिन जैसे ही लोगों ने उक्त नीरज को पकड़ने की कोशिश की तो वह अपनी टी शर्ट उतार कर भाग गया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। वहीं सोमवार को मदारपुर डेरा के ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उक्त युवक ने सोमवार की रात गांव के बच्चा पुत्र सूरा के छप्पर में आग लगा दी। इतना ही नही 18 व 19 अप्रैल को भी डेरा के रामकेश के कंडों की भठिया, छप्पर में आग लगाई थी। जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की। ग्रामीणें का आरोप है कि आए दिन डेरा में आगजनी की घटनाएं करता है। यदि समय रहते उक्त युवक पर कार्यवाही नही होती तो डेरा में बड़ी घटना हो सकती है। कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है, जल्द ही गिरफ्तार कर कार्यवाही की जाएगी।



आग से जलता ट्रैक्टर। अमृत विचार

- ट्रैक्टर मालिक व ग्रामीणों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

### बेटा-नाती का खेत पर कब्जा, रुपये निकाले

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के रौरो गांव की वृद्ध महिला ने अपने पुत्र और नाती पर जबरन उसके हिस्से की जमीन जोतने और कमरे से 50 हजार रुपये ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। रौरो गांव की भागवती ने बताया कि उसका पुत्र और उसका नाती जबरन उसके हिस्से की जमीन पर खेती करते हैं। बताया कि शनिवार की शाम दोनों ने उसके कमरे में रखे उसके 50 हजार रुपये निकाल लिए। जब उसने विरोध किया तो दोनों ने गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट कर दी तथा उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। कोतवाल ने बताया जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क हादसों में मां बेटे सहित 5 घायल

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में मां बेटे सहित पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के उपरांत दो घायलों की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

रविवार की रात सिचौली पुरवा निवासी लल्लू (46), हीरालाल (17) पुत्र मुकेश बाइक से शादी विवाह कार्यक्रम जाते समय नेशनल हाईवे में टंकी के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। उन्हें लहूलुहान हालात में राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने दोनों घायलों को सघन इलाज के लिए सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इसी प्रकार इंगोहटा गांव निवासी मुकेश (18) पुत्र विजय बहादुर, उर्मिला (40) पत्नी विजय बहादुर, सागर (17) पुत्र राजवीर शादी कार्यक्रम में जाते समय मकराव के पास ब्रेकर में गिरकर घायल हो गए। लहूलूहान हालत में इन सभी को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**बाइक सवार दंपति को बोलेरो ने मारी टक्कर, घायल:** पड़ोसी जनपद जालौन के बबीना गांव निवासी राधेश्याम (45) अपनी पत्नी संतोषी (30) के साथ बाइक से सोमवार को सुबह 10 बजे कस्बे से बबीना जा रहे थे। तभी कालपी हमीरपुर हाईवे पर मनकी तिराहे में बोलेरो ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हे स्थानीय सीएचसी लाया गया।

## 'मेरे सपने-मेरी उड़ान' कार्यक्रम में बेटियों को बताई अधिकारों की महत्ता

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शहर के कान्हाधाम होटल में जिला स्तरीय तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान संवाद कार्यक्रम का आयोजन समर्थ इंडिया और सहयोग संस्था ने किया। जिसमें कुरारा क्षेत्र की 60 से अधिक किशोरियों, युवतियों, मीडिया प्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया।

एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुरेंद्र साहू ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग मानसिक स्वास्थ्य और किशोर किशोरियों की लिए अनेकों योजनाएं संचालित कर रहा है। लोगों को जागरूक कर योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। डॉ.सीबी राजपूत ने किशोरियों को लगने वाला एचपीवी टीकाकारण अभियान की जानकारियां दी। कहा टीका निःशुल्क लगाए जा रहे हैं। यह गर्भाशय कैंसर सहित अन्य तरह के रोगों से बचाता है। बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष विभा भारती ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना के बारे में समर्थ संस्था के प्रयासों की सराहना की। डीईआईसी मैनेजर गौरीश राज ने किशोरी किशोरियों दिक्कतों को सुन निराकारण की बात कही। सखी वन स्टॉप सेंटर की इंचार्ज तबस्सुम ने कहा कि महिलाओं लड़कियों को अपने अधिकार जानने होंगे। प्रगति गुप्ता ने मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, टेलीमानस के बारे में बताया। बाल कल्याण समिति के सनत श्रीवास्तव ने बाल विवाह पर जागरूक किया। सहयोगी संस्था की साक्षी सिंह, मेनिका, राधा, सच्ची, अर्चना, शालू, कोमल, सरिता आदि ने अनुभव साझा किए। यहां कुमकुम, ललिता, शांति, मोहिनी, रागिनी, दीपिका, अदिति, श्रद्धा रहीं।



संवाद कार्यक्रम में मौजूद किशोरियां। अमृत विचार

- किशोरियों ने तीन वर्ष के अपने अनुभवों को किया साझा

## युवक को अगवा कर गला कसने का प्रयास

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- मां ने थाने में दी तहरीर, पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी

**अमृत विचार।** चार पहिया वाहन सवार कुछ युवकों ने गांव के युवक को अगवा कर लिया और सुनसान जगह ले जाकर मारपीट की। गले में अंगोछा से फंदा कसने का प्रयास किया। अचेत होने पर मृत जानकर भाग गए। मां ने थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

क्षेत्र के छानी बुजुर्ग गांव की कमलेश कुमारी पत्नी अजय पाल वर्मा ने तहरीर में बताया कि रविवार शाम 4 बजे पुत्र आदित्य कुमार अपने साथियों के साथ गांव के पेट्रोल पंप के पास क्रिकेट खेलने के लिए गया था। शाम को अकेले घर आ रहा था, तभी रास्ते में गौशाला के पास कार खड़ी थी। उसमें सवार युवकों ने उसे बुलाकर फोटो देखी और फिर पहचान की बात कहते हुए गाड़ी में डालकर अतरार की तरफ ले गए, जहां सुनसान जगह में मारपीट करते हुए पुत्र के गले में पड़े अंगोछा से फंदा कसने लगे, जिससे पुत्र अचेत हो गया। मरा समझकर वहीं छोड़कर भाग गए। ग्राम प्रधान भारत यादव के नलकूप के पास खेत में काम कर रहे मजदूरों ने जमीन पर पड़े तड़पते देखा तो गले का फंदा खोला और ग्राम प्रधान को सूचना दी। प्रधान ने परिजनों को बताया। परिजनों ने यूपी 112 को सूचना दी। पुलिस ने युवक को छानी सीएचसी में भर्ती कराया। मां ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एसआई रविशंकर ने बताया कि तहरीर मिली है, किसी युवती से प्रेमप्रसंग का मामला लग रहा है। जांच में वाहन का पता लगाकर युवकों की तलाश की जाएगी।

**अक्षय तृतीया** | ब्राह्मण समाज की ओर से भगवान परशुराम की जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

## रथ पर निकलीं झांकियां, भीड़ से गूंजे जयकारे

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती कस्बे में धूमधाम के साथ मनाई गई। ब्राह्मण समाज के लोगों ने परशुराम जयंती पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। दोपहर में ब्राह्मण समाज द्वारा कस्बे में एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की तादाद में ब्राह्मण समाज के लोगों के अलावा विभिन्न स्कूलों की नयनाभिराम झांकिया शामिल रहीं।

सोमवार को अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम की जयंती कस्बे में धूमधाम के साथ मनाई गई। रामलीला मैदान में अनुष्ठान संपन्न होने के बाद दोपहर करीब दो बजे एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में सबसे आगे दर्जनों की तादाद में डीजे की धुनों पर घोड़े थिरकते हुए चल रहे थे। इसके ठीक विभिन्न कस्बे के विभिन्न स्कूलों की दर्जनों की तादाद में बच्चों की सजी धजी नयनाभिराम झांकियां चल रही थी।

एक जीप में भगवान परशुराम की प्रतिमा चल रही थी। शोभा यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधि समेत ब्राहमण समाज के लोग चल रहे थे। रामलीला मैदान से शुरू हुई शोभा यात्रा स्टेट बैंक चौराहा, रानी लक्ष्मीबाई से होते हुए कोटबाजार उरई बस स्टैंड, हमीरपुर रोड़ से होते हुए वापस रामलीला मैदान पहुंची। जहां पर शोभा यात्रा का जयकारों के साथ समापन हुआ।

शोभा यात्रा के दौरान विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, अवधेश पाठक, मनोज कुमार बुधौलिया बउआ महाराज, सुरेश खेबरिया, प्रशांत बुधौलिया, शुंभाकर बुधौलिया समेत महिलाएं और सैकड़ों की तादाद में ब्राहमण समाज के लोग मौजूद रहे।



शोभायात्रा में शामिल ब्राहमण समाज की महिलाएं व जनप्रतिनिधि। अमृत विचार



शोभायात्रा में शामिल मनमोहक झांकी।

## जनगणना का पहला प्रशिक्षण शुरू

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** भारत की 16वीं जनगणना 2027 के पहले चरण का प्रशिक्षण 20 अप्रैल से 4 मई तक नगर पालिका व गांधी इंटर कॉलेज में दिया जाएगा। पहले दिन प्रगणक और पर्यवेक्षकों को जनगणना कार्य की बारीकियों के बारे में जानकारी दी गई। जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी करनवीर सिंह ने की।

जनगणना कार्य निदेशालय उत्तर प्रदेश जनगणना 2027 के प्रथम चरण में कस्बे में तीन बैचों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को प्रारंभ हुआ। खास बात यह है कि जनगणना पहली बार पूर्ण डिजिटल जनगणना होगी जो मकान सूचीकरण व मकान गणना को आधार मानते हुए जनगणना के मुख्य बिंदुओं पर फोकस करते हुए किया जाएगा। यह प्रशिक्षण 20 अप्रैल से 4 मई तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना कार्य की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका में जनगणना के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कार्य देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है। उन्होंने सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं ईमानदारी से करने की हिदायत दी। तहसीलदार शेखर मिश्रा ने बताया प्रशिक्षण के लिए 15 बैच बनाए गए, इसमें तीन-तीन बैच का प्रशिक्षण की शुरुआत 20 अप्रैल से किया गया है। कस्बे के नगर पालिका में 42 व गांधी विद्यालय में 135 प्रशिक्षुओं को प्रथम दिन प्रशिक्षण दिया गया। गांधी विद्यालय में तीन कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, उनको कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।



प्रशिक्षण में मौजूद कर्मचारी। अमृत विचार

- 4 मई तक नगर पालिका व गांधी इंटर कॉलेज में होगा प्रशिक्षण

अमृत विचार

कानपुर, मंगलवार, 21 अप्रैल 2026

महोबा

## न्यूज ब्रीफ

### छह पेटी अवैध शराब सहित गिरफ्तार

**महोबा।** महोबकंठ पुलिस ने 6 पेटी (270 क्वार्टर) अवैध शराब व बिना नम्बर बाइक सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी कन्हैयालाल ने बताया कि भूरा मोड़ लालपहाड़िया के पास संजय कुमार साहू निवासी छोटी जुलहटी थाना राठ जनपद हमीरपुर हाल निवास घुटई चौराहा रजौनी को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 6 पेटी कुल 270 क्वार्टर देशी शराब व घटना में प्रयुक्त एक बिना नम्बर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। बरामदगी के आधार पर धारा 60 आबकारी अधिनियम व धारा 207 एमवी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### पुलिस टीम ने बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था देखी

**महोबा।** एसपी के निर्देश पर सोमवार को बैंक खुलते ही पुलिस ने जिले में बैंक चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संचालित किया गया। अभियान दौरान जिला पुलिस ने बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।

### खेत की मिट्टी जबरन खोद ले गए माफिया

**महोबा।** बिलखी गांव में खेत पर जबरन खुदाई और कब्जा किए जाने पर पीड़ित ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। गांव के वासुदेव पुत्र दसुआ ने शिकायती पत्र में बताया कि गाटा संख्या 598 और 00181 उसके नाम दर्ज है, जिसमें कुछ बाहरी लोग बिना अनुमति के भूमि की मिट्टी बंसल कंपनी को सड़क निर्माण के लिए बेच रहे हैं। सात दिनों से खेत की मिट्टी निकाली जा रही है। जब उसने खुदाई रोकना चाही तो दबंगई पर उतारू हो गए। खुदाई से उपजाऊ भूमि की क्षति हो रही है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से खुदाई को रोककर खेत की सीमांकन कराकर कब्जा दिलाए जाने की मांग की है साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाए जाने का आग्रह किया है।

# मुख्य वन संरक्षक ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जिला वन रेंज में चल रहे मृदा कार्य का किया स्थलीय निरीक्षण
- पौधों के रखरखाव, निराई-गुड़ाई को देखकर दिए जरूरी निर्देश

**अमृत विचार।** पौधरोपण को लेकर वन विभाग के अफसरों ने नर्सरियों का दौरा शुरू कर दिया है। इसी क्रम में खंड जोन झांसी के मुख्य वन संरक्षक एवं प्रभागीय वनाधिकारी ने जिला वन रेंज के अंतर्गत आने वाले वन ब्लाक में चल रहे एसएमसी कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान अग्रिम मृदा कार्य, पौधशाला कार्य का जायजा लेते हुए कार्य को समय व गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए।

प्रभागीय वनाधिकारी ने जिला वन रेंज के अंतर्गत सिजहरी वन ब्लॉक तृतीय व चतुर्थ में एसएमसी कार्य एवं सिजहरी वन ब्लॉक 10 व 15 में अग्रिम मृदा कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने बरा गांव में पौधशाला और वन ब्लॉक द्वितीय 20 के अलावा दिकवाहा 20 में अग्रिम मृदा कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान प्रभागीय वनाधिकारी ने पौधशाला में पौधों के



नर्सरी का निरीक्षण करते मुख्य वन संरक्षक। अमृत विचार

रखरखाव, निराई, गुड़ाई एवं साफ सफाई आदि कार्यों को देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

प्रभागीय वनाधिकारी ने निरीक्षण कर पौधों की ग्रेडिंग करने का निर्देश दिया। ग्रेडिंग के आधार पर ही विभाग खुद पौधारोपण करने के साथ अन्य विभागों को उपलब्ध कराएगा। वहीं, किसानों को वन विभाग फलदार पौधे उपलब्ध कराएगा जिससे उनकी रुचि बनी रहे। उधर, प्रभागीय वनाधिकारी ने सभी वन क्षेत्राधिकारी से नर्सरी में तैयार पौधों की प्रगति रिपोर्ट मांगी है। इस मौके पर क्षेत्रीय वनाधिकारी और वन कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पर्यटन केंद्र के रूप में संवर रहा गोरखगिरि

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- 11.21 करोड़ रुपये की लागत से कराए जा रहे विकास कार्य
- कार्य पूरा होने के बाद पर्यटकों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

**अमृत विचार।** सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिले में आध्यात्मिक पर्यटन को नई रफ्तार देने के लिए गुरु गोरखनाथ से जुड़े स्थलों को जोड़कर एक बड़ा पर्यटन सर्किट विकसित किया जा रहा है। जिले का गोरखगिरि पर्वत अब पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। स्वदेश दर्जन 2.0 योजना के तहत लगभग 11.21 करोड़ रुपये की लागत से गोरखगिरि में पर्यटन का विकास कार्य पूरा करा दिया गया है, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी साथ ही, क्षेत्र में पर्यटन को नई गति मिलने की संभावना है।

जिला पर्यटन अधिकारी चित्रगुप्त श्रीवास्तव ने बताया कि विकास भी विरासत भी' के मूल मंत्र को साकार करते हुए जिले में स्थित गोरखगिरि अब आध्यात्मिक पर्यटन का नया हॉटस्पॉट बनने जा रहा



गोरखगिरि में विकास कार्यों से बदल रही तस्वीर। अमृत विचार

है। प्रधानमंत्री की परिकल्पना और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में तैयार यह परियोजना न सिर्फ श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाएं देगी, बल्कि गुरु गोरखनाथ से जुड़े इस पवित्र स्थल की समृद्ध विरासत को संरक्षित करते हुए उसे वैश्विक पहचान भी दिलाएगी। इस क्षेत्र की बढ़ती लोकप्रियता और संतुलित विकास का बड़ा प्रमाण है। गोरखगिरि परियोजना सिर्फ पर्यटन को बढ़ावा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बुंदेलखंड की स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगी।

उन्होंने बताया कि पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस परियोजना से बुंदेलखंड के आर्थिक विकास को मजबूती मिलने की उम्मीद है। गोरखगिरि पर्वत स्थानीय परंपराओं में गहरे आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व का केंद्र रहा है। माना जाता है कि त्रेता युग में वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम, जानकी और लक्ष्मण के साथ महोबा स्थित गोरखगिरि पर्वत पर काफी समय तक रुके थे। कालांतर में यह पर्वत गुरु गोरखनाथ की तपोस्थली के रूप में प्रसिद्ध हुआ।

बताया कि 'गोरखगिरि परियोजना प्रदेश सरकार की दूरदर्शी सोच को दर्शाती है। यह पहल न सिर्फ आध्यात्मिक विरासत को सहेज रही है, बल्कि पर्यटन को भी नई दिशा दे रही है। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक सुविधाओं के जरिए खासकर बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र को विशिष्ट पहचान मिल रही है, जो आगे चलकर वैश्विक स्तर पर बुंदेली संस्कृति के वाहक बनेंगे।

# फूड प्वाइजनिंग से दर्जन भर लोग बीमार, अस्पताल पहुंचे

## शादी वाले घर में आलू-टमाटर की सब्जी और चावल खाने के बाद उल्टी-दस्त शुरू

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- दूसरे गांव में भोजन के साथ दही का सेवन बना बीमारी की वजह
- परिजनों ने सभी बीमार लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया

**अमृत विचार।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही फूड प्वाइजनिंग के मरीजों की संख्या में इजाफा होने लगा है। जिले में अलग-अलग क्षेत्रों में शादी समारोह के दौरान भोजन करने के बाद नौ और दही खाने के बाद दो बच्चों सहित चार लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार होकर बीमार पड़ गए। सभी बीमारों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर डाक्टरों की देखरेख में उनका उपचार किया जा रहा है।

रतौली गांव निवासी राममिलन प्रजापति की बेटी करिश्मा की शादी की रस्में चल रही हैं। 21 अप्रैल को टीका समारोह है। घर में रिश्तेदार और मेहमान आए हुए हैं। रविवार की शाम सभी मेहमानों को आलू-टमाटर की सब्जी और चावल परोसा गया। खाना खाने के कुछ देर बाद सबसे पहले बच्चों को उल्टी, दस्त



जिला अस्पताल में भर्ती बच्चों का इलाज करते डाक्टर। अमृत विचार

और बुखार के लक्षण दिखे। इसके बाद कुल 9 लोग इसकी चपेट में आ गए। बीमारों में लक्ष्मण (60) समेत मध्य प्रदेश के बजरंगपुर और धावरी गांव से आए रिश्तेदार शामिल हैं। प्रभावित लोगों में 5 बच्चे, 3 महिलाएं और एक पुरुष है। पहले उन्हें पसवारा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर सभी को जिला अस्पताल लाया गया। डॉ. शिशुपाल ने बताया कि फूड प्वाइजनिंग के चलते लोगों की तबीयत बिगड़ी है।

वहीं थाना कुलपहाड़ क्षेत्र के लाड़पुर निवासी जय सिंह (36) ने अपने परिवार के साथ भोजन किया। भोजन में घर का बना दही भी परिजनों ने सेवन किया। दही खाने के लगभग आधे घंटे बाद जयसिंह के अलावा उसकी पत्नी हीरेंश, सात वर्षीय बेटा प्रतीक और सात वर्षीय बेटी निधि की तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हें पेट में तेज दर्द के साथ लगातार उल्टियां होने लगीं। स्थिति गंभीर होते देख परिवार के मुखिया जयसिंह पड़ोसियों की मदद से सभी को जिला अस्पताल लाए। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉ. नवीन ने बताया कि अधिक गर्मी के चलते भोजन या खराब दही का सेवन करने के कारण फूड प्वाइजनिंग से परिवार के सदस्य बीमार हुए हैं। फिलहाल, सभी मरीजों को ड्रिप और आवश्यक दवाएं दी जा रही हैं। समय पर उपचार मिलने से सभी की हालत अब स्थिर बताई जा रही है।

# गर्मी में बासी खाना खाने से परहेज करें

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

- स्वास्थ्य शिविर में उल्टी-दस्त और पेट दर्द के मरीज पहुंचे
- गर्मी के चलते बाहर के खान-पान से बचने की दी गई सलाह

**अमृत विचार।** जैतपुर विकासखंड के अजनर और खमा गांव में मुख्यमंत्री अरोग्य मेले के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। लगाए गए शिविरों में चिकित्सकों की टीम ने दो 102 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें आवश्यतानुसार दवाओं का वितरण किया। उमस भरी गर्मी के चलते सबसे ज्यादा मरीज उल्टी, दस्त, पेट दर्द और फूड प्याइजिंग से संबन्धी आए, जिनका टीम ने बेहतद उपचार कर आराम करने और धूप से बचाव की सलाह दी। इस मौके पर गर्मी में होने वाली बीमारियों और उनके उपचार के बावत ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एके चौरया के निर्देशन व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर अधीक्षक डॉ. पीके सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। अजनर में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. रामकुमार, लैब टेक्नीशियन शैलेन्द्र, अरुण तथा स्टाफ नर्स भगवती की टीम ने 52 मरीजों का पंजीकरण करते हुए उनकी जांच की। वहीं खमा



शिविर में मरीज का चेकअप करती स्वास्थ्य टीम। अमृत विचार

गांव में आयोजित मेले में डॉ. पवन राजपूत, डॉ. प्रेम नारायण शर्मा, डॉ. जेपी पास्तोर, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, स्टाफ नर्स किरन, भानकुंवर, उमा और माया की टीम ने 50 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद दवा देकर समय से खाने की सलाह दी।

स्वास्थ्य मेले दौरान सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि गर्मी के महीनों में भोजन से होने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है क्योंकि गर्म मौसम में कच्चे मांस और मुर्गी उत्पादों पर रोग पैदा करने वाले बैक्टीरिया तेजी से बढ़ते हैं। बताया कि गर्मी में उल्टी होने का मुख्य कारण पानी की कमी, लू लगना और खराब या बासी खाना (फूड पॉइजनिंग) है। तेज धूप और गर्मी से शरीर के इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बिगड़ जाती है और पाचन तंत्र प्रभावित होता है। बताया कि गर्मी में फूड पॉइजनिंग से बचने के लिए ताज़ा और घर का बना खाना खाएं, बाहर के खुले कटे फल खाने से बचें और फ्रिज से निकली चीजें तुरंत न खाएं। सब्जियों को अच्छी तरह धोएं, खाना अच्छी तरह पकाएं, और पानी उबालकर या आरओ का ही पिएं। यदि तबियत ज्यादा बिगड़ रही हो तो डाक्टर की सलाह ले।

# फंदे पर लटकता मिला एएनएम के पति का शव

कार्यालय संवाददाता महोबा

- पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल करने में जुटी

**अमृत विचार।** पनवाड़ी थाना क्षेत्र के मसूदपुरा में सोमवार सुबह करीब 10 बजे स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एक एएनएम के पति का शव संदिग्ध हालात में घर के अंदर फंदे पर शव लटका मिला। इससे गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

मसूदपुरा गांव निवासी खूबचंद राजपूत (50) पुत्र भुवानीदीन राजपूत का शव घर पर लटका मिलने के बाद मोहल्ले वासियों की भारी भीड जमा हो गई। पड़ोसियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस भी घटना की जांच पड़ताल करने में जुट गई। परिजनों और पडोसियों से भी पूछताछ की जा रही है, लेकिन कोई भी कुछ बताने को तैयार नहीं हैं, जबकि घटना के समय परिवार के सदस्य घर पर मौजूद थे। पुलिस अपने स्तर से जांच पड़तला करने में जुट गई है।

नगाराघाट चौकी प्रभारी सनय कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मसूदपुरा पहुंची थी। परिजनों का कहना है कि खूबचंद ने सुबह फांसी लगाई थी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है।

# 130 सुपरवाइजर, 770 प्रगणक करेंगे जनगणना

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय जनगणना 2027 का प्रशिक्षण पीएमश्री विद्यालय राजकीय बालिका इंटर कालेज और सद्भावना मंडल रामनगर में अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज और उप जिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडेय ने फीता काटकर शुरू किया। जनगणना के लिए 130 सुपरवाइजर तथा 770 प्रगणकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। सोमवार से शुरू हुए जनगणना प्रशिक्षण में प्रगणकों ने अधिक संख्या में पहुंचकर जनणगना की बारीकियां सीखी।

नगरीय क्षेत्र के प्रगणकों और सुपरवाइजों को सद्भावना मंडप रामनगर में प्रशिक्षण दिया गया। उद्घाटन अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी एडीएम कुंवर पंकज ने उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के मौके पर कहा कि जनगणना



राष्ट्रीय जनगणना प्रशिक्षण की शुरुआत करने के बाद एडीएम कुंवर पंकज ने जरूरी दिशा-निर्देश दिए। अमृत विचार

महत्व का कार्यक्रम है। इसमे सभी को सहयोग करना चाहिए। उपजिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना अधिकारी आपके घर आए तो आप सभी को उन्हें सही एवं स्पष्ट जानकारी देना होगी, इसके अलावा नागरिक सीएमएमएस पोर्टल द्वारा स्वयं स्वगणना कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में फील्ड ट्रेनर दीपक कौशल, रामबिहारी गुप्ता, राजेश सोनी, कृष्णकांत तिवारी, बृजकिशोर मिश्रा ने प्रशिक्षण दिया।

अपर जिलाधिकारी एवं जिला जनगणना अधिकारी कुंवर पंकज ने महोबा, चरखारी और कुलपहाड़ के तीन प्रशिक्षण स्थल का भ्रमण किया। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे प्रगणक और सुपरवाइजर से प्रत्यक्ष वार्ता की और उनकी समस्याएं सुनी साथ ही उनका निराकरण किया। जनगणना 2027 मुख्य बिंदुओं पर भी बात की और जनगणना के महत्व को भी समझाया।

# जमीन का बैनामा कराने के बाद भी नहीं दी रकम

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** एक किसान की कृषि भूमि क्रय करने बाद बैंक की चेके बाउंस हो जाने पर किसान को पूरी धनराशि नहीं मिल सकी। अब क्रेता से बाउंस हुई चेकों का पैसा मांगने पर वह डरा धमका कर भगा देते हैं। इससे परेशान दंपत्ति से सोमवार को पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

बेलाताल निवासी रामस्वारुप के नए जिला जेल के पास कृषि भूमि है, जिसे खरीदने के लिए शहर के राघवेंद्र ने 35 लाख रुपये में किसान का खेत तय कर लिया था। कुछ धनराशि नगद दे दी, जबकि बड़े अमाउंट की तीन चेके काटकर दी थी। पीडित किसान ने तीनों चेके



एसपी से गुहार लगाने पहुंचे दंपति।

बैंक लगा दी, लेकिन चेक मालिको के खाते पर्याप्त धनराशि न होने के कारण तीनो चेके बाउंस हो गई, जिससे किसान के खाते में पैसा नहीं पहुंच सका। किसान के खाते में पैसा न आने पर पता करने पर जानकारी हुई कि चेक देने वालो के खाते में पर्याप्त धनराशि ही नहीं है। ऐसी स्थिति में चेके बाउंस हो गई। इसके बाद किसान भूमि खरीदने वालों के घर पहुंचा, जहां से उसे डांट डपट कर भगा दिया गया।

## अनदेखी

### आल्हा चौक में वाटर कूलर रखने के लिए बनाए गए जाली स्टैंड बने शोपीस

# प्यासों को मुंह चिढ़ा रहा वाटर कूलर स्टैंड

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** गर्मी शुरू होने के बाद भी पालिका प्रशासन और समाजसेवियों ने अभी तक मुख्य चौराहो, सार्वजनिक स्थानों और बस स्टैंडों पर अभी तक पौशाला नहीं खोले गए। वाटर कूलर रखने के लिए बनाए गए लोहे की जालियों के स्टैंड शोपीस बनकर रह गए हैं, जिससे लोगों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। राहगीर, यात्री और मजदूर पानी की तलाश में इधर उधर घूमते रहते हैं, कुछ संपन्न परिवार के लोग फिल्टर पानी की बोलत खरीदकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं, जबकि अन्य लोग पीने के पानी के लिए खासा परेशान हैं।



आल्हा चौक में बनाए गए स्टैंड में वाटर कूलर लगने का इंतजार है। अमृत विचार

गौरतलब है कि गर्मी की दस्तक के साथ ही हर साल पालिका प्रशासन और समाजसेवी सार्वजनिक स्थलों और बस स्टैंड और मुख्य चौराहो वाटर कूलर रखना शुरू कर देते थे, लेकिन इस साल भीषण गर्मी शुरू हो जाने के बाद भी अभी तक न तो पालिका प्रशासन ने प्याऊ खोलने की व्यवस्था नहीं की और न ही समाजसेवी इस ओर कोई कदम बढ़ा रहे हैं, जिससे आम नागरिक पानी को लेकर खासा परेशान है।

तापमान दिन प्रतिदिन तेजी से बढ रहा है। पारा बढ़ने के साथ लोगों के हलक भी सूख रहे हैं। ऐसी स्थिति में ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिदिन मजदूरी के लिए आल्हा चौक आने वाले मजदूर और बसों से यात्रा करने वाले यात्री प्याऊ न खुलने से पानी के लिए खासा परेशान हैं। रिक्शा चालक और टेंपो चालक भी भीषण गर्मी में पानी के लिए इधर उधर भकटे रहते हैं और पालिका प्रशासन चैन की नींद सो रहा है। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार का कहना है कि शीघ्र ही चिन्हित स्थानों पर वाटरकूलर रखे जाएंगे।

### शराब पीने से रोका तो धुना, तोड़फोड़

**महोबा।** शहर के भतीपुरा में एक दुकानदार ने दबंगों को शराब पीने से रोका तो उसके साथ मारपीट की और दुकान में तोड़फोड़ कर नगदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

भटीपुरा निवासी शंकर प्रजापति ने पुलिस को बताया कि घर में दुकान रखे है। दुकान के चबूतरे पर कुछ दबंग शराब पी रहे थे, जिन्हें मना किया तो उन लोगों ने गाली गलौज करते हुई अभद्रता की। इसी बीच बिजली गुल हो गई तो अंधेरे में डंडों से हमला कर दिया। वह घर के अंदर भागा तो दुकान पर तोड़फोड़ की। हमलावर दुकान से 6000 रुपये भी निकाल ले गए। भटीपुरा चौकी प्रभारी रोशन गुप्ता ने बताया कि उन्होंने घटनास्थल पर छानबीन की है। कार्रवाई की जाएगी।

# पराविधिक स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पराविधिक स्वयं सेवकों के लिए क्लस्टर आधारित प्रशिक्षण का आयोजन सोमवार को कबरई ब्लाक सभागार में हुआ। जनपद न्यायाधीश राम नगीना यादव ने फीता काटकर शुभारंभ किया। यहां जिले के अलावा झांसी, ललितपुर, जालौन और हमीरपुर के अधिकारियों ने भी शिरकत की।

जनपद न्यायाधीश ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिवों को शील्ड वितरित कर सम्मानित किया। इसके बाद प्राधिकरण के सचिवों ने पराविधिक स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण दिया। नोडल अधिकारी ने पराविधिक स्वयं सेवकों को प्रमाणपत्र वितरित किये। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी सचिव नितिन कुमार राठी,



फीता काटकर प्रशिक्षण की शुरुआत करते जनपद न्यायाधीश। अमृत विचार

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर सचिव वन्दना अग्रवाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन सचिव, साम्भवी प्रथम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर सचिव देवप्रिय सारस्वत व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झासी वरिष्ट लिपिक, आदिल जाफरी, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव तिवारी, सेवायोजन अधिकारी आकांक्षा बाजपेई, जिला प्रोवेशन अधिकारी हर्षवर्धन नायक, खंड विकास अधिकारी अरविन्द सिंह राजपूत, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अधिकारी अशोक कुमार, गैर सरकारी संगठन जन साहस से आदित्य कुमार, गैर सरकारी संगठन स्वावलम्बन समिति से जूली चौरसिया व कमलेश गौतम, पराविधिक स्वयं सेवक आदि रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध शराब के साथ चार दबोचे गये

**चित्रकूट।** पुलिस ने चार आरोपियों से 82 पाउच अवैध देशी शराब बरामद की। मऊ थाने के एसआई मुन्नीलाल ने राजकुमार पुत्र नत्थू रैदास निवासी चंदई मजरा तिलौली को 24 पाउच शराब के साथ गिरफ्तार किया। एसआई इमरान खां ने रामकिशोर पुत्र स्व. रामबहोरी निवासी मनकुवांर को 22 पाउच, मारकुंडी थाने के एसआई अरविंद कुमार सिंह ने विनोद उर्फ लाला कोल पुत्र सीताराम निवासी गहिरा महुली खेर थाना मझगवां (सतना) को 18 पाउच, मारकुंडी थाने के एसआई सुभाष चंद्र उपाध्याय ने अर्जुन वर्मा पुत्र जवाहरलाल निवासी मझगवां (सतना) को 18 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों पर संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

### प्रतिबंध के विरोध में सड़क पर उतरे मेहनतकश लोग

**चित्रकूट।** चित्रकूट मेला परिषद क्षेत्र में ठेला लगाने पर लगाए गए प्रतिबंध के विरोध में सोमवार को रेहड़ी-पटरी व्यावसायियों ने समाधान की मांग करते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इनका कहना था कि वे वर्षों से मेला क्षेत्र में ठेला लगाकर फल, चाट और चाय बेचते आ रहे हैं। यही उनका मुख्य रोजगार है और इसी से उनके परिवार का भरण-पोषण होता है। लेकिन हाल के दिनों में पुलिस द्वारा लगातार रोके जाने और पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने से उनकी रोजी-रोटी छिनती नजर आ रही है। आरोप लगाया कि पुलिस कार्रवाई के दौरान अभद्र व्यवहार भी किया जा रहा है। रेहड़ी-पटरी दुकानदारों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे यातायात व्यवस्था को बाधित नहीं करेंगे और केवल सीमित समय में ही ठेलिया लगाएंगे। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन उनके हितों को ध्यान में रखते हुए कोई संतुलित समाधान निकाले।

### दिव्यांगजनों को चिह्नित करने के लिए ब्लाकवार लगेंगे शिविर

**चित्रकूट।** दिव्यांगजनों को उपकरण उपलब्ध कराने के लिए चिह्नित करने को ब्लाकवार शिविर लगाए जाएंगे। इसकी तिथियां तय कर दी गई हैं। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण योजना के तहत दिव्यांगजनों का चिह्नांकन शिविर के माध्यम से चयन किया जाना है। इसके तहत मानिकपुर में 22 अप्रैल, रामनगर में 25 अप्रैल, मऊ में 27 और पहाड़ी में चार मई को तथा कर्वी में छह मई को शिविर लगाया जाएगा। इसी क्रम में आठ मई को विकास भवन में भी शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देश दिए कि शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए व्यवस्थाएं करने के साथ व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं।

### दो घरों में चोरी, लाखों का सामान पार

**मऊ (चित्रकूट)।** थाना क्षेत्र की तिलौली ग्राम पंचायत में चोरों ने दो घरों में सेंध लगाकर लाखों रुपये के जेवर, नकदी और अन्य सामान पार कर दिया। एक अन्य घर में चोरी का प्रयास विफल रहा। जानकारी के अनुसार, चोरी की वारदात अभय राजपाल और मातादीन पाल के घरों में हुई। चोरों ने दोनों घरों से सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और बर्तन सहित लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। वहीं बाबूलाल पाल के घर में भी चोरों ने सेंध लगाने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो सके। बताया जा रहा है कि घटना रविवार रात उस समय हुई जब घर के सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। इन दिनों क्षेत्र में गेहूं की कटाई का मौसम चल रहा है, जिससे कई लोग खेतों में भी व्यस्त रहते हैं। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़ितों ने मऊ थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस जांच में जुटी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### असलहा समेत आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** सरधुआ थाने के एसआई अजहर जमाल ने आरोपी शैलेंद्र सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी ग्राम भदेहदू को तमंचा, कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में एसआई अनिल कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी बृजेंद्र कुमार, आरक्षी दीपक कुमार शामिल रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# 5 बिंदुओं पर बनी सहमति के बाद धरना समाप्त

## महंत भरतदास की टिप्पणी से नाराज पूर्व सांसद दे रहे थे धरना

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** लालापुर वाल्मीकि आश्रम में महंत भरतदास की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा का धरना रविवार देर शाम पांच बिंदुओं की मांगों पर बनी सहमति पर समाप्त हुआ।

गौरतलब है कि परिवारीजनों और खुद पर महंत भरतदास द्वारा की गई अभद्र और अशोभनीय टिप्पणी पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद ने रविवार को समर्थकों और पार्टी नेताओं के साथ अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था। उनके धरने पर बैठते ही जिले का सियासी पारा चढ़ने लगा। देर शाम होते होते कई राजनीतिक नेताओं ने पूर्व सांसद को अपना समर्थन दिया, जिससे प्रशासन भी चिंतित हो गया। काफी मान मनौव्वल और उच्चाधिकारियों के द्वारा फोन पर पूर्व सांसद से बातचीत के बाद पांच बिंदुओं को एक कागज पर लिखा गया जिसमें मौजूद प्रशासन के आला अधिकारियों और उपस्थित प्रमुख लोगों ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान अपर एसपी सत्यपाल सिंह, एसडीएम मानिकपुर मो. जसीम, राजापुर सीओ राज कमल आदि अधिकारी और पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

वहीं जानकारी के मुताबिक, पूर्व सांसद पर की गई अशोभनीय टिप्पणियां और अन्य क्रियाकलापों व विवादों के मद्देनजर ट्रस्ट की वर्तमान कार्यकारिणी को भी भंग कर दिया गया।



धरना समाप्ति के दौरान अपर एसपी सत्यपाल सिंह के साथ पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा चंद्रप्रकाश खरे आदि। अमृत विचार

### इन बिंदुओं पर बनी सहमति

- असावर माता मंदिर परिसर में भरत दास का आवागमन व उनके सहयोगियों का आवागमन व हस्तक्षेप प्रतिबंधित रहेगा।
- वे असावर माता की सीढ़ियों या आसपास मंदिर परिसर पूरे क्षेत्र हटके पीछे से व अन्य रास्ते से वाल्मीकि आश्रम जा सकते हैं।
- असावर माता मंदिर में शंकर दयाल पुजारी/पंडा व उनके सहयोगी भतीजा पत्नी, नरेंद्र आदि मंदिर में रहकर पूजा प्रसाद करने कराने का कार्य करेंगे। उनकी सुरक्षा पुलिस प्रशासन करेगा।
- मंदिर परिसर ऊपर व नीचे की धर्मशालाओं में भरतदास द्वारा कब्जा न किया जाए। इसकी चिंता प्रशासन करेगी।
- भरतदास के ऊपर जो एफआईआर दर्ज है, उन पर चार्जशीट लगे और भरतदास के खिलाफ़ सख़्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### सीओ की कार्यकुशलता की हुई तारीफ

- स्थानीय लोगों ने सीओ राजापुर राज कमल के संवाद कुशलता की जमकर तारीफ की। धरने में कई युवाओं द्वारा आक्रोशित होकर नारेबाजी की जा रही थी, जो भीड़ को उकसा भी रहे थे। कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मौके पर मौजूद सीओ राज कमल ने बेहतर संवाद के माध्यम से स्थिति को तनावपूर्ण होने से जहां रोका भी तो वहीं लोगों को समझाया भी। प्रत्येक स्थिति से वह उच्चाधिकारियों को अवगत भी कराते रहे। सुबह से लेकर धरने के समाप्त होने तक वो मय फोर्स डटे रहे। देर शाम जब धरना समाप्त हुआ तो लोगों ने इसका श्रेय अन्य लोगों के साथ राज कमल को भी दिया।

# मंदिर जाने वाली महिलाओं से छेड़छाड़, सुरक्षा की गुहार

संवाददाता, मानिकपुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** कस्बे के आर्यनगर क्षेत्र में मंदिर आने-जाने वाली श्रद्धालु महिलाओं से छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ रही हैं। इनका कहना है कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद भी आरोपियों पर कार्रवाई न होने से इनके हौसले बुलंद हो गए हैं। महिलाओं ने जिलाधिकारी से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

श्रद्धालु महिलाओं ने बताया कि वह प्रतिदिन तिगैलिया स्थित मंदिर में पूजा के लिए जाती हैं। इसी दौरान कई मनचले मंदिर के बाहर खड़े होकर महिलाओं पर अश्लील टिप्पणियां करते हैं और गलत इरादे से छूने की कोशिश करते हैं। विरोध करने पर गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हैं। बताया कि आरोपियों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि उन्होंने विरोध करने पर एक महिला के घर के पास पहुंचकर परिवार के साथ अभद्रता की और रात में रास्ता रोककर धमकाया। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक आरोपी भाग निकले। इनका कहना है कि ये लोग लंबे समय से क्षेत्र में महिलाओं को परेशान कर रहे हैं और किसी भी समय बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। महिलाओं ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़, धमकी और शांति भंग करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसके बाद भी पुलिस की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से महिलाओं में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। बीते दिनों महिलाएं समाधान दिवस में पहुंचीं और पत्र सौंपकर सुरक्षा की मांग की। महिलाओं ने आरोप लगाया कि पुलिस से शिकायत के बाद भी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं । महिलाओं ने इस मामले में एक स्थानीय प्रभावशाली नेता की भूमिका पर सवाल उठाए। इनका आरोप है कि उक्त नेता आरोपियों को संरक्षण दे रहे हैं।



जनगणना संबंधी जानकारी देते एडीएम चंद्रशेखर। अमृत विचार

## राजापुर में शुरू हुआ प्रगणकों का प्रशिक्षण

**राजापुर (चित्रकूट)।** जनगणना के अंतर्गत मकान सूचीकरण के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का नौ दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को वशिष्ठ गुरुकुलम में शुरू हुआ। अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर ने मां सरस्वती व मां भारती की पूजा अर्चना के साथ इसकी शुरुआत कराई। इस दौरान उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव व तहसीलदार भारत प्रताप सिंह मौजूद रहे। एडीएम ने कहा कि जनगणना से समाज की असली तस्वीर दिखती है। जनगणना राष्ट्रीय कार्य है इसमें लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। उप जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए आठ ट्रेनरों की नियुक्ति की गई है।

आंकड़ों की शुद्धता तथा गोपनीयता बनाए रखने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। प्रथम चरण में 39 प्रगणक एवं सुपरवाइजर तथा द्वितीय चरण में19 प्रगणकों एवं सुपरवाइजर प्रतिभाग करेंगे।

# परीक्षित को कराया मोक्ष का ज्ञान

**मऊ (चित्रकूट)।** भिटारी गांव में सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास आचार्य त्रिदेव शरण शास्त्री ने शुकदेव जी के प्राकट्य, राजा परीक्षित के वैराग्य, विदुर-मैत्रेय संवाद तथा भगवान विष्णु के वराह अवतार का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। चार्य ने बताया कि व्यास पुत्र शुकदेव जी जन्म से ही विरक्त और ब्रह्मज्ञानी थे। उन्होंने ही राजा परीक्षित को सात दिनों में मोक्ष प्राप्ति का मार्ग बताया। राजा परीक्षित, जिन्हें श्रापवश सात दिन में मृत्यु का ज्ञान हो चुका था, उन्होंने सांसारिक मोह त्यागकर भगवान की कथा श्रवण को ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बनाया। कथावक्ता ने परीक्षित-शुकदेव संवाद को जीवन का सार बताते हुए कहा कि मनुष्य को मृत्यु से पहले ही ईश्वर की शरण में आ जाना चाहिए। यही सच्चा वैराग्य और मोक्ष का मार्ग है। इसके साथ ही विदुर और मैत्रेय ऋषि के संवाद का उल्लेख करते हुए संसार की नश्वरता और भक्ति की महिमा को विस्तार से समझाया गया। आचार्य ने कहा कि धन, वैभव और संबंध सभी क्षणभंगुर हैं, केवल प्रभु भक्ति ही शाश्वत है। कथा में भगवान विष्णु के वराह अवतार का भी मनोहारी वर्णन किया गया, जिसमें उन्होंने पृथ्वी को रसातल से निकालकर हिरण्याक्ष का वध किया। आचार्य ने कहा कि ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का संगम ही जीवन को सफल बनाता है। प्रभु से बढ़कर कोई सुख नहीं है और मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य ईश्वर की भक्ति है।कथा के मुख्य यजमान लल्लू प्रसाद ओझा एवं कुंती देवी हैं। पूजन कार्य आचार्य समीर महाराज, प्रधानाचार्य वेद विद्यालय द्वारा संपन्न कराया गया। इस दौरान संतोष ओझा, रामसुंदर ओझा, रजनीश, दाऊ, रंजीत, सुधीर, आशीष, अंकित आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



कथा कहते त्रिदेव शरण शास्त्री।

**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय हमीरपुर (हमीरपुर) उत्तर प्रदेश**

भरण पोषण वाद सं.–347 सन 2025

1–श्रीमती दीप्ती ऊर्फ आरती उम्र करीब 29 वर्ष पत्नी संदीप पुत्री स्व. ओमप्रकाश गुप्ता 2– अंजुमा उम्र करीब 4 वर्ष नाबालिक पुत्री संदीप संरक्षिका श्रीमती दीप्ती ऊर्फ आरती (मां हकीकी) निवासीगण मो. अमन शहीद वार्ड नं.–21 शहर हमीरपुर थाना कोतवाली व जिला हमीरपुर उ. प्र.

.... याचियागण

बनाम

संदीप उम्र करीब 32 वर्ष पुत्र स्व. राजेंद्र प्रसाद गुप्ता निवासी एल.आई.जी.–203 जरौली फेस–1 बर्रा बाईपास पानी की टंकी के पास कानपुर थाना बर्रा जिला कानपुर नगर उ. प्र.

.... विरुद्ध पक्ष

चूंकि उपरोक्त नामांकित श्रीमती दीप्ती ऊर्फ आरती ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नई धारा–144 बी. एन. एस.के तहत भरण पोषण दिलाने हेतु अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 22–05–2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वाहन में स्वयं या सम्यककोण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 20–04–2026 के दिवस को निकाली गई है।

अदालत मुहर

आज्ञा से – मुंसरिम

प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय

हमीरपुर (उत्तर प्रदेश)

**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय हमीरपुर (हमीरपुर) उत्तर प्रदेश**

भरण पोषण वाद सं.–69 सन 2025

1–श्रीमती निर्मला उम्र 24 वर्ष पत्नी घनश्याम पुत्री रमेश निषाद 2–यशनवी उम्र 05 वर्ष पुत्री घनश्याम द्वारा संरक्षिका मां श्रीमती निर्मला पत्नी घनश्याम समस्त निवासीगण ग्राम सिमना बदलेपुर थाना सजेती जिला कानपुर नगर हाल मुकाम ग्राम पारा थाना कुरारा जिला हमीरपुर उ0प्र0

.... याचियागण

बनाम

घनश्याम निषाद पुत्र रामऔतार (पति) निवासी ग्राम सिमना बदलेपुर थाना सजेती जिला कानपुर नगर

.... विरुद्ध पक्ष

चूंकि उपरोक्त नामांकित श्रीमती निर्मला ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नई धारा–144 बी. एन. एस., पुरानी धारा–125 सी.आर. पी. सी. के तहत भरण पोषण दिलाने हेतु अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 29–04–2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वाहन में स्वयं या सम्यककोण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 20–04–2026 के दिवस को निकाली गई है।

अदालत मुहर

आज्ञा से – मुंसरिम

प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय

हमीरपुर (उत्तर प्रदेश)

## मकान सूचीकरण करने के लिए दिया जा रहा प्रशिक्षण

**चित्रकूट।** जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण काम के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण की सोमवार से शुरुआत हो गई। यह जानकारी जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी पुलकित गर्ग ने दी।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम दो मई तक विभिन्न प्रशिक्षण स्थलों पर संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को विभिन्न स्थलों पर नामित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल को विकास खंड कार्यालय कर्वी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अरुण कुमार को बृहम्मचर्य इंटर कॉलेज कर्वी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) चंद्रशेखर को वशिष्ठ गुरुकुलम राजापुर, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) स्वप्निल कुमार को महामति प्राणनाथ महाविद्यालय मऊ में नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू को कार्यालय उप कृषि निदेशक, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) कर्वी सौरभ यादव को खंड विकास कार्यालय पहाड़ी, उप जिलाधिकारी मानिकपुर मो. जसीम को संत रीता इंटर कालेज मानिकपुर तथा उप जिलाधिकारी (न्यायिक) मानिकपुर पूजा गुप्ता को बीआरसी मानिकपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीएम ने बताया कि प्रशिक्षण प्रातः साढ़े नौ बजे से सायं साढ़े पांच बजे तक दिया जाएगा। निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित समय एवं स्थल पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण कार्यक्रम को गंभीरता एवं अनुशासन के साथ संपन्न कराएं।

## लाटरी प्रक्रिया से किया गया 417 बच्चों का चयन

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में बच्चों का चयन तीन चरणों में किया गया।

प्रथम चरण में 211 आवेदनों में से 28 आवेदन निरस्त किए गए। बचे बच्चों की लाटरी 16 फरवरी को निकाली गई और 160 आवेदनकर्ताओं का चयन किया गया। द्वितीय चरण की लाटरी प्रक्रिया के अंतर्गत 208 आवेदन आए। 46 आवेदन निरस्त हुए और बचे अभ्यर्थियों की लाटरी नौ मार्च को निकाली गई, जिसमें 121 का चयन हुआ। तृतीय चरण में 222 आवेदनों में 58 आवेदन निरस्त हुए। 28 मार्च को निकाली गई लाटरी में 136 बच्चों का चयन हुआ। बीएसए ने बताया कि इस प्रकार तीन चरणों की लाटरी प्रक्रिया के बाद मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के लिए 417 बच्चों का चयन हुआ है।

## खेत में फसल अवशेष न जलाएं इससे बनाएं जैविक खाद

**चित्रकूट।** किसानों को गेहूं, सरसों, जौ आदि फसलों की कटाई के बाद अवशेष को न जलाने और इससे जैविक खाद बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस संबंध में छिपनी बाहरखेड़ा गांव में इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड के तत्वावधान में जैव उर्वरक एवं मृदा परीक्षण अभियान का आयोजन किया गया।

इसमें जानकारों ने बताया कि खेतों के अवशेष को प्रायः किसान अज्ञानतावश जला देते हैं। इससे पर्यावरण प्रदूषण किया जाता है और खेत की उर्वरा शक्ति को भी नष्ट कर दिया जाता है। बताया कि खेत में आग लगने से कुछ घास एवं कीट तो नष्ट होते हैं पर अधिक संख्या में लाभदायक जीवाणु लाभदायक कीट व जैविक कार्बन नष्ट हो जाता है। किसानों को मिट्टी की जांच की आवश्यकता व उससे होने वाले लाभ एवं मिट्टी का नमूना लेने की विधि को समझाया गया नमूना पत्रक एवं थैलियां वितरित की गईं। विशेषज्ञों ने बताया कि गोबर के ढेर को वेस्ट डिकंपोजर से सड़ाकर गुणवत्ता युक्त कंपोस्ट खाद बनाई जा सकती है। फसल अवशेष से जैविक खाद बनाने और बायो वेस्ट डिकंपोजर के उपयोग की विधि समझाई गई। किसानों को बायो वेस्ट डिकंपोजर का निशुल्क वितरण किया गया। किसानों को यह भी समझाया गया कि एनपीके कंसोर्टियां बायोफर्टिलाइजर, नैनो उर्वरक यथा नैनो डीएपी, नैनो यूरिया, नैनो जिंक, सागरिका, अच्छी प्रकार से सड़ी हुई गोबर की खाद एवं हरी खाद इत्यादि का प्रयोग कर किस प्रकार से रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग को कम से कम किया जा सकता है।

## मेहनत ही सफलता की कुंजी

**भरथना।** कस्बा के महावीर नगर में संचालित मां अम्बे पब्लिक स्कूल परिसर में सोमवार को आयोजित पुरस्कार एवं सम्मान समारोह में टॉप फाइव समेत सभी मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने विद्यालय संस्थापक वीरेंद्र सिंह चौहान व अन्य की उपस्थिति में सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10 के घोषित परीक्षाफल में सफल छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया।

**अमृत विचार**

**क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरे पुत्र आराध्य तिवारी का नाम अभिलेखों में त्रुटिवश ARADHYA TIWARI दर्ज हो गया है जबकि इसका सही नाम ARADHY TIWARI है। मेरे पुत्र का सही नाम ARADHY TIWARI है इसे इसी नाम से जाना व पहचान जाए।

**नवीन कुमार तिवारी पुत्र सोमप्रकाश तिवारी निवासी बरखेड़ा कला तहसील बीसलपुर, जिला पीलीभीत**

**सूचना**

मैंने अपना नाम RAJESH KUMAR JAIN से बदल कर RAJESH JAIN रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: CHANDRA PRAKASH JAIN R/O: 276 A, LALPURA, ETAWAH, ETAWAH

**अनदेखी** | चितरा गोकुलपुर में बिगड़े पड़े हैं हैंडपंप, शुद्ध पानी को तरस रहे ग्रामीण

# पेयजल की किल्लत से परेशान हो रहे लोग

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र के पास के गांव चितरा गोकुलपुर में लोग पेयजल की किल्लत से परेशान हैं। गर्मी के शुरुआती दौर से ही लोगों को पानी की दिक्कत शुरू हो गई है।

चितरा गोकुलपुर के बाशिंदों का आरोप है कि प्रशासन के गर्मी में नियमित पेयजलापूर्ति के निर्देशों का भी जिम्मेदारों पर असर नहीं पड़ रहा। जल संस्थान के जिम्मेदारों की लापरवाही से उनको बूंद बूंद किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। विभागीय लोगों को इसकी चिंता नहीं है कि किसको पानी मिल रहा है और किसको नहीं। गांव की करीब तीन हजार आबादी पेयजल के लिए मशक्कत करने को विवश है। बताया कि कई हैंडपंपों में जलस्तर नीचे चला जाने से या तो ये जवाब दे चुके हैं या फिर पानी मटमैला आता है। जो चल रहे हैं, उनमें लंबी लाइनें लगती लगी रहती है। अक्सर विवाद की स्थिति बनती है। कई हैंडपंप महीनों से बिगड़े पड़े हैं। विष्णु नामदेव, सुशील, राकेश, कमलेश, जावेद, राहुल आदि लोगों ने कार्यदायी संस्था पर अनदेखी के आरोप लगाए। इनका कहना है कि जल संस्थान से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था है लेकिन यहां तैनात कर्मचारी पहली बात तो यहां रहते नहीं जबकि आवास की सुविधा उपलब्ध है और कभीकभार आते हैं तो खानापूरी करते हैं। पानी क्यो नही आता पूछने से अभद्रता से जवाब देते हैं। लोग सिर्फ बिल भरते हैं। पानी न के बराबर आता है। किसी भी जनप्रतिनिधि या अधिकारी ने इस इलाके में पेयजल की सुचारु व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया। इस संबंध में विभागीय जेई से बात करने का प्रयास किया गया तो फोन बंद बताता रहा। सीतापुर जल संस्थान के एक क्लर्क ने तो आरोप लगाया कि आपरेटर अपनी मनमानी कर रहा है कहना नहीं मानता है।




जल संस्थान सीतापुर के कार्यालय का बंद दरवाजा। अमृत विचार



खराब पड़ा हैंडपंप।

**कार्यालय नगर पंचायत राजापुर चित्रकूट**

पत्रांक–70/नं0पं0राजापुर/2026–27, दिनांक– 20/4/2026

**नीलामी सूचना**

समस्त इच्छुक फर्मो एवं व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत राजापुर के एम.आर.एफ सेण्टर कार्यलय पर प्लास्टिक एवं लोहे तथा कबाड, तथा वित्तीय वर्ष 2006–27 की अवधि हेतु मृत पशु उठान/हड्डी–चमड़ा की खुली नीलामी बोली दिनांक 28/4/2026 समय अपरान्ह 02.00 बजे की जानी है। नगर पंचायत कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में नीलामी की जाने वाली निश्प्रयोज्य सामग्री एवं मृत पशु उठान / हड्डी–चमड़ा से सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी हेतु निधारित शर्तो का अनुपालन करने वाली फर्म/व्यक्ति नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने के समस्त अधिकार अधिशासी अधिकारी / अध्यक्ष महोदय नगर पंचायत राजापुर को निहित होगें। शर्तो का विवरण निम्नवत् है–

शर्तेः–

1–नीलामी में भाग लेने वाली फर्म/व्यक्ति को एम.आर.एफ सेण्टर कार्यालय पर प्लास्टिक एवं लोहे तथा कांच, कबाड़ हेतु मु0 5000.00 रुपया तथा हड्डी–चमड़ा हेतु 25000.00 रुपया जमानत धनराशि कार्यालय में एम.ए.सी.5 रसीद के माध्यम से अनिवार्य रुप से जमा करना होगा।

2–नीलामी से एक घण्टे पहले पंजीकरण एवं जमानत धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा।

3– नीलामी प्राप्तकर्ता फर्म को नीलामी की 25 प्रतिशत धनराशि तत्काल जमा करना अनिवार्य होगा।

4–नीलामी प्राप्तकर्ता फर्म को नीलामी की अवशेष धनराशि 07 दिवस के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा।

5.–नीलामी निष्प्रयोज्य सामान धन जमा करने के 07 दिवस के अन्दर उठाया जाना अनिवार्य होगा।

6–नीलामी में भाग लेने वाले फर्म/व्यक्ति मूल आधार कार्ड एवं फोटो कापी लगाना अनिवार्य होगा।

7–निर्धारित का समयावधि पर सामग्री न उठाये जाने पर पार्म की जमानत धनराशि जब्त करते हुए नीलामी निरस्त कर दी जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म/व्यक्ति की होगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पंचायत राजापुर
जनपद चित्रकूट।

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत राजापुर
जनपद चित्रकूट।

# अमृत विचार

मंगलवार, 21 अप्रैल 2026




मुझे सफलताओं से मत आंकिए, बल्कि जितनी बार गिरा हूं और गिरकर उठा हूं, उस बिना पर आकलन कीजिए।
–नेल्सन मंडेला, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति



## स्मार्ट मीटर पर राहत

स्मार्ट बिजली मीटरों के बारे में व्यापक जन असंतोष और आंदोलन के बाद आई सरकारी घोषणा सूबे के 82 लाख स्मार्ट मीटर धारकों के लिए बहुत राहत पहुंचाने वाला है। सिद्धांततः यह व्यवस्था क्रांतिकारी है— प्रीपेड रिचार्ज, रीयल-टाइम खपत की जानकारी, बिलिंग में पारदर्शिता और कई विवादों का अंत। इसे डिजिटल भारत के विज़न के तहत बिजली क्षेत्र में पारदर्शिता, दक्षता और उपभोक्ता नियंत्रण का प्रतीक बताया गया था, पर प्रश्न यह कि यह योजना उपभोक्ताओं के रोष और अविश्वास का कारण क्यों बनी? समाधान ऐसी समस्या क्यों बन गई कि सरकार को ऐसे फैसले लेने पड़े।

विरोध का मूल कारण है मीटर का तेज चलना और गलत रीडिंग का संदेह, प्रीपेड बैलेंस खत्म होते ही अचानक सप्लाई कटना और रिचार्ज एवं रीकनेक्शन में तकनीकी खामियों के चलते देरी। वादा यह था कि स्मार्ट मीटर से बिलिंग की त्रुटियां खत्म होंगी, कई मामलों में उपभोक्ताओं से पहले से अधिक बिल आने की शिकायत मिली। आम उपभोक्ता चाहता है कि नई व्यवस्था से उसकी जेब पर बोझ कम हो तथा अबाध विद्युत आपूर्ति मिले। यदि ऐसा अनिश्चित है, तो विरोध स्वाभाविक है। उत्तर प्रदेश में 82 लाख स्मार्ट मीटर लग चुके हैं, इसके बाद आगे की स्वीकृति इससे ज़रूर प्रभावित होगी। इसी दबाव में राज्य सरकार ने 45 दिन तक बिजली न काटने, शून्य बैलेंस पर 3 दिन सप्लाई जारी रखने और रविवार या अवकाश पर डिस्कनेक्शन न करने जैसे राहत उपाय घोषित किए, पर ये कदम अस्थायी राहत देंगे, स्थायी समाधान नहीं। तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक नए स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक का फैसला बताता है कि समस्या गंभीर है। समिति को जिन बिंदुओं पर ध्यान देना होगा, उनमें मीटर की सटीकता का स्वतंत्र ऑडिट, डेटा ट्रांसमिशन की विश्वसनीयता, बिलिंग-सिस्टम और भुगतान-गेटवे के बीच तालमेल और शिकायत निवारण की समयबद्ध व्यवस्था शामिल होनी चाहिए। आज इंटरनेट या मोबाइल रिचार्ज की तरह निर्बाध समन्वय बिजली प्रणाली में नहीं दिखता। यही इस व्यवस्था की सबसे बड़ी खामी है। कंपनियां, जो तकनीकी और वित्तीय रूप से सक्षम हैं, वे त्वरित विस्तार का दबाव, गुणवत्ता नियंत्रण की कमी और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप सिस्टम के अभाव में विफल हो रही हैं। कई जगह नेटवर्क कनेक्टिविटी, सर्वर क्षमता और फील्ड सपोर्ट बहुत कमजोर है, लेकिन उलटे वे उपभोक्ता को ही दोषी ठहराने पर उतारू हैं, जिससे उपभोक्ताओं में नई व्यवस्था के प्रति अविश्वास बढ़ता है।

विश्वसनीयता ही कंपनियों की सबसे बड़ी पूंजी है, भले सरकार निजी कंपनियों को नुकसान में नहीं जाने देगी, लेकिन जनविश्वास नहीं बढ़ा तो राजस्व घटेगा, इसलिए उन्हें सुधार तो करने ही होंगे। स्मार्ट मीटर भविष्य की अनिवार्यता हैं, पर भरोसा वर्तमान की शर्त है। तकनीक तभी सफल होगी जब वह उपभोक्ता के लिए 'भरोसेमंद सुविधा' बने, 'सांसत' नहीं। यह प्रणाली तभी निरापद होगी, जब थर्ड-पार्टी कैलिब्रेशन और पब्लिक डैशबोर्ड पर पारदर्शी डेटा होगा, रीयल-टाइम, फेल-सेफ आईटी सिस्टम भुगतान, बिलिंग व कनेक्शन के बीच निर्बाध समन्वय बनेगा।

### प्रसंगवश

## वीआईपी दर्शन का बढ़ता चलन और आम श्रद्धालु

भारत जैसे देश में, जहां धर्म और आस्था केवल व्यक्तिगत विश्वास का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, वहां मंदिरों और तीर्थ स्थलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। ये स्थान सदियों से समानता, शांति और आध्यात्मिक संतुलन के प्रतीक माने जाते रहे हैं। 'भगवान के दरबार में सब बराबर हैं'- यह वाक्य केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि भारतीय समाज की गहरी मान्यता रहा है, लेकिन बीते कुछ वर्षों में इस मान्यता पर प्रश्नचिह्न लगते दिखाई दे रहे हैं।

देश के कई प्रमुख मंदिरों और तीर्थ स्थलों पर वीआईपी दर्शन, विशेष पूजन-अभिषेक और आरती के नाम पर भारी शुल्क वसूले जा रहे हैं। इन सेवाओं के बदले श्रद्धालुओं को लंबी कतारों से मुक्ति, कम समय में दर्शन और अधिक सुविधाजनक अनुभव दिया जाता है। पहली नजर में यह व्यवस्था एक विकल्प के रूप में दिखाई देती है, लेकिन जब इसका असर आम श्रद्धालुओं के अनुभव पर पड़ता है, तब यह एक गंभीर सामाजिक समस्या बन जाती है।



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

आज स्थिति यह है कि एक ओर वे लोग हैं, जो अतिरिक्त पैसे देकर कुछ ही मिनटों में आराम से दर्शन कर लेते हैं, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में आम लोग घंटों, कभी-कभी पूरे दिन, कतारों में खड़े रहते हैं। इस दौरान उन्हें भीड़, धक्का-मुक्की, बदतमीजी और कई बार मारपीट जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है। यह अनुभव केवल असुविधाजनक नहीं, बल्कि अपमानजनक भी होता है, विशेषकर तब जब व्यक्ति अपनी आस्था और श्रद्धा के साथ वहां पहुंचा हो।

यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या आस्था भी अब एक 'प्रीमियम सेवा' बनती जा रही है? क्या भगवान के दर्शन के लिए भी आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव होना चाहिए? यह स्थिति केवल धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज में बढ़ती असमानता का प्रतिबिंब भी है। राशन की दुकानों से लेकर गैस सिलेंडर की लाइन तक और अब मंदिरों तक—मिडल क्लास और आम आदमी के हिस्से में अक्सर अव्यवस्था और संघर्ष ही आता है।

मंदिरों में कार्यरत कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों का व्यवहार भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। कई मामलों में आम श्रद्धालुओं के साथ कठोर और अपमानजनक व्यवहार किया जाता है, जबकि वीआईपी लोगों के साथ अत्यधिक विनम्रता दिखाई जाती है। यह दोहरा व्यवहार समाज में पहले से मौजूद वर्ग विभाजन को और गहरा करता है।

धार्मिक स्थलों की मूल भावना पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं होते, बल्कि वे मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन के केंद्र होते हैं। जब वहां पहुंचने वाला व्यक्ति अव्यवस्था, भीड़ और भेदभाव का सामना करता है, तो उसकी आध्यात्मिक अनुभूति प्रभावित होती है। यह अनुभव उसे निराश और हताश कर सकता है।

जरूरी है कि समाज स्वयं इस मुद्दे पर जागरूक हो। जब तक लोग इस असमानता को सामान्य मानते रहेंगे, तब तक इसमें बदलाव आना कठिन है। आस्था का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि समानता, करुणा और न्याय जैसे मूल्यों को अपनाना भी है। यह जरूरी है कि हम इस मुद्दे को गंभीरता से लें और मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाएं, जहां हर श्रद्धालु को यह महसूस हो कि वह वास्तव में भगवान के दरबार में है, जहां सब बराबर हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## श्रम को सम्मान और अधिकार देने का प्रश्न





अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

किसी देश की सामाजिक-आर्थिक प्रगति में मजदूरों की भूमिका शरीर में प्रवाहित लहू मानिंद होती है। मजदूर ही हैं, जिसके श्रम की बदौलत राष्ट्र के विकास की ऊंची इमारत खड़ी होती है। सूक्ष्म संरचनाओं से लेकर बड़ी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में यह वर्ग विकास की धूरी होता है। यह सच है कि विकास के लिए संसाधन मायने रखते हैं, किंतु बिना श्रम संसाधन वैसे ही हैं, जैसे 'बिना इंजन की मर्सिडीज' गाड़ी। आशय यह कि मजदूर ही वह असल शिल्पकार होता है, जिसके कठोर श्रम से विकास की बगिया लहलहाती है, लेकिन कई दशकों के बाद भी मजदूरों की स्थिति में आमूलचूल सुधार क्यों नहीं हो पा रहा है।

गांव-जवार, खेत-खलिहान, रिश्ते-नाते, भाई-बंधु छोड़कर देश-प्रदेश के शहरों-कस्बों के उद्योगों तथा प्रतिष्ठानों को गति प्रदान करने वाले मजदूरों के लिए फलदायी योजना क्यों नहीं मूर्तरूप ले पा रही? वह चाहे सरकारें हों या उद्योगों के मालिक। चाहे स्वयंसेवी संगठन हों या मजदूर दिवस पर घड़ियाली आंसू बहाने वाले अलमबरदार। आखिर मजदूरों के हितों की रक्षा क्यों नहीं कर पा रहे हैं? देश में असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों की स्थिति तो वैसी ही कि 'जबरा मारे भी और रोवे भी न दे'।

> चाहे स्वयंसेवी संगठन हों या मजदूर दिवस पर घड़ियाली आंसू बहाने वाले अलमबरदार। आखिर मजदूरों के हितों की रक्षा क्यों नहीं कर पा रहे हैं? देश में असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों की स्थिति तो वैसी ही कि 'जबरा मारे भी और रोवे भी न दे'।

मजदूरों के हितों की रक्षा और उनकी बेहतरी को वैसे तो केंद्र से लेकर राज्य सरकारों ने कथित 'भगीरथ प्रयास' कर रखे हैं। केंद्रीय श्रम मंत्रालय के अलावा राज्य सरकारों के संबंधित विभागों में अधिकारियों-कर्मचारियों की भारी भरकम फौज मजदूरों की सेवा का दंभ भर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि मजदूरों लिए विभागीय कृत्य-प्रयास आज भी या तो फाइलों में हैं या जमीनी हकीकत से कोसों दूर।

देश में अधिकांश मजदूर कृषि निर्माण और घरेलू कार्यों में लगे रहते हैं। इन असंगठित क्षेत्रों में मजदूरों के साथ न तो कोई लिखित अनुबंध होता है, न ही छुट्टी या स्वास्थ्य बीमा की सुविधा ही दी जाती है। मूल कारण यह कि बाजार में श्रम की आपूर्ति मांग से बहुत अधिक है, इसलिए उद्योगों तथा विनिर्माण क्षेत्र में कम वेतन पर भी मजदूर मिल जाते हैं। एक ही काम के लिए जब 'दस हाथ' मिल जाते हैं, तो नियोक्ता की 'पौ बारह' हो जाती है। नतीजतन वह मजदूरों को औने-पौने वेतन या मजदूरी पर कार्य कराता है, उनका शोषण करता है।

भारत में वर्ष 1991 में व्यापक आर्थिक सुधार किए गए। श्रम कानूनों को लचीला बनाया गया। निर्मित नीतियों से नियोक्ताओं को कानूनी पाबंदियों से कुछ छूट मिल गई। परिणामस्वरूप मजदूरों का शोषण बढ़ता ही गया। अधिकांश मजदूरों में तकनीकी कौशल या औपचारिक शिक्षा न के बराबर होती है। उनके उपेक्षित होने का यह भी अहम कारण है। तात्पर्य यह कि समाज को समर्पित मजदूरों को 'समाज' ने ही तिरस्कृत कर रखा है।

मिल मालिकों द्वारा मजदूरों के शोषण आधारित बालीवुड फिल्में पहले खूब बना करती थीं। मजदूरों के संघर्षों तथा गानों को निर्देशक इतनी संवेदनशीलता के साथ दिखाते थे कि हाल में बैठा दर्शक अपने को मजदूर या मजदूरों का हितैषी ही मान बैठता था। यही हाल आज भी है। भारत में मजदूरों की दशा पर महान उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की कलम खूब चली। उन्होंने मजदूरों के शोषण पर आधारित फिल्म 'मिल मज़दूर' (1934) की पटकथा लिखी, एक छोटी सी भूमिका भी निभाई थी। बताते हैं कि फिल्म का एक डायलाग मजदूरों के हित में इतना असरदार था कि तत्कालीन टेक्सटाइल हब बंबई (अब मुंबई) में श्रमिकों ने मिल मालिकों के खिलाफ जमकर आंदोलन किया था।

एक दौर ऐसा भी था, जब निजी क्षेत्र के मिल मालिकों तथा सरकारी उद्योगों के प्रबंधनों के खिलाफ मजदूर संगठन आक्रोश व्यक्त करते रहते थे। मजदूर संगठनों में शामिल श्रमिकों के साथ जब-जब शोषण की बात सामने आई, तो आंदोलन हुआ। 'जनता जिंदाबाद, इंकलाब जिंदाबाद, हर जोर-जुल्म की टक्कर में, संघर्ष हमारा नारा है, चाहे जो मजबूरी हो, हमारी मांगे पूरी हों, अभी तो अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है, जो हम से टकराएगा, चूर-चूर हो जाएगा, जैसे जोशीले नारे उद्योगों तथा सरकारी तंत्र के गलियारों में आज भी गूंजते हैं।

असंगठित क्षेत्र का, जीडीपी व रोजगार में योगदान के मामले में भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रमुख स्थान है। देश के कुल श्रमिकों में से शहरी क्षेत्रों में लगभग 72 प्रतिशत मजदूर असंगठित क्षेत्र में लगे हुए हैं। शहरी विकास में तो इनका योगदान अत्यधिक है। आर्थिक सर्वेक्षण-2025 के अनुसार भारत में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप में लगभग 50 करोड़ श्रमिक हैं, जो देश के कुल कार्यबल का करीब 90 प्रतिशत है।

फैक्ट्रियां, औद्योगिक इकाइयां, होटल, रेस्तरां और कई अन्य प्रतिष्ठान असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की बदौलत ही चलते हैं। इसमें ऊबर और ओला ड्राइवर, राजमिस्त्री, बढ़ई, फूड डिलीवरी बॉय, पेंटर, प्लंबर आदि भी शामिल हैं। कुछ दिन पहले यूपी सरकार ने न्यूनतम मजदूरी की दर तय करते हुए मजदूरों को राहत दी है, लेकिन मजदूरों के लिए अभी भी काफी कुछ किया जाना शेष है। औद्योगिक स्थलों पर उनकी सुविधाओं की दरकार तो है ही, सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा के भी वे हकदार हैं।

हालिया दिनों में केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने श्रमिकों के लिए ठोस व तार्किक कार्य किए हैं। श्रम सुधारों को नव स्वरूप दिया है, लेकिन निर्मित गाइडलाइंस तभी प्रासंगिक है, जब उसका लाभ मजदूरों तक सही रूप में प्राप्त हो। चूंकि, असंगठित क्षेत्रों में मजदूरों की अधिकता है, अतएव उनके हितों के लिए निर्मित नियमों का अपेक्षित क्रियान्वयन जरूरी है। उपेक्षा का शिकार बने मजदूरों के लिए आमजन को भी अपनी सोच बदलनी होगी। देश की समृद्धि के लिए अपना खून-पसीना बहाने वाले मजदूरों को उनका अधिकार व मान देने में हमें कोई हर्ज तो नहीं होना चाहिए।

### आमने



17 अप्रैल का दिन ऐतिहासिक बन सकता था, लेकिन विपक्ष ने इसे 'काला पन्ना' बना दिया। कांग्रेस ने लंबे समय तक शासन करने के बावजूद महिलाओं को उनका उचित अधिकार नहीं दिया। अब समय बदल रहा है और महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुकी हैं।

–भजनलाल शर्मा
मुख्यमंत्री, राजस्थान

### सामने



वर्ष 2023 में संसद द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को अब तक लागू नहीं किया जाना सरकार की नीयत पर सवाल खड़े करता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश की जनता को जवाब देने से बच रहे हैं और दिल्ली से तय एजेंडे के अनुसार काम कर रहे हैं।

–टीकाराम जूली
नेता प्रतिपक्ष, राजस्थान

## वैश्विक उथल-पुथल से निवेशकों में उलझन



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

साल 2026 निवेशकों के लिए चुनौतीपूर्ण और अनिश्चितता भरा समय लेकर आया है। ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। इसके साथ ही तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, सोना-चांदी जैसी कमोडिटी में तेजी और गिरावट ने निवेश को और मुश्किल बना दिया है। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बाहरी देशों पर निर्भर हैं, इन परिस्थितियों से सीधे प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में हर निवेशक के मन में एक सवाल है- 2026 में पैसा कहां लगाएं?

मध्य-पूर्व में चल रहे तनाव के कारण तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। तेल महंगा होता है, तो परिवहन और उत्पादन की लागत भी बढ़ जाती है। इससे महंगाई बढ़ जाती है। महंगाई बढ़ने से निवेश से मिलने वाला असली फायदा (रियल रिटर्न) कम हो जाता है। दूसरी तरफ, सोना और चांदी जैसे सुरक्षित माने जाने वाले निवेश भी इस समय पूरी तरह स्थिर नहीं हैं।

कभी इनकी कीमतें तेजी से बढ़ती हैं, तो कभी अचानक गिर जाती हैं। इससे यह साफ हो जाता है कि केवल एक ही जगह निवेश करना आज के समय में सही नहीं है। ऐसी स्थिति में निवेश का सबसे अच्छा तरीका है- विविधता (Diversification), सुरक्षा (Protection) और विकास (Growth)। इसका मतलब है कि आपको अपना पैसा अलग-अलग जगहों पर लगाना चाहिए, ताकि एक जगह नुकसान हो तो दूसरी जगह से फायदा मिल सके। एक संतुलित पोर्टफोलियो ही इस समय सबसे सुरक्षित और समझदारी भरा विकल्प है।

> साल 2026 निवेशकों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण और अनिश्चितता भरा समय लेकर आया है। ऐसे में हर निवेशक के मन में एक ही सवाल है– 2026 में पैसा कहां लगाएं?

इक्विटी यानी शेयर बाजार अभी भी लंबी अवधि में पैसा बढ़ाने का सबसे अच्छा माध्यम है, लेकिन 2026 में सही सेक्टर चुनना बहुत जरूरी है। रक्षा (Defence), नवीकरणीय ऊर्जा (Renewable Energy), बैंकिंग और टेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। युद्ध की स्थिति में रक्षा कंपनियों की मांग बढ़ती है, जबकि तेल महंगा होने पर नवीकरणीय ऊर्जा का महत्व बढ़ता है। टेक्नोलॉजी और AI से जुड़ी कंपनियां भविष्य में तेजी से बढ़ सकती हैं।

निवेशकों को अच्छी और मजबूत कंपनियों में धीरे-धीरे SIP के माध्यम से निवेश करना चाहिए, ताकि बाजार के उतार-चढ़ाव का असर कम हो सके। सोना और चांदी आज भी निवेश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये पूरी तरह स्थिर नहीं हैं, लेकिन मुश्किल समय में आपके पोर्टफोलियो को सुरक्षा देते हैं। निवेशकों को फिजिकल गोल्ड खरीदने की बजाय Gold ETF या Sovereign Gold Bond जैसे विकल्प चुनने चाहिए।

फिक्स्ड इनकम निवेश जैसे बैंक FD, सरकारी बॉन्ड और डेट म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो को स्थिरता देते हैं। जब शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव ज्यादा होता है, तब ये निवेश नियमित आय और सुरक्षा प्रदान करते हैं। खासकर उन लोगों के लिए यह जरूरी है, जो कम जोखिम लेना चाहते हैं। इसके अलावा, थोड़ा पैसा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में निवेश करना भी अच्छा होता है। इससे आपका जोखिम कम होता है और आपको दूसरे देशों की ग्रोथ का फायदा मिलता है। आप इंटरनेशनल म्यूचुअल फंड या ETF के जरिए यह निवेश कर सकते हैं। कुछ निवेश जैसे REITs और InvITs भी पोर्टफोलियो में शामिल किए जा सकते हैं। ये आपको अलग तरह का रिटर्न देते हैं और निवेश को और संतुलित बनाते हैं, हालांकि इनमें बहुत ज्यादा निवेश नहीं करना चाहिए।

आज के समय में एक और महत्वपूर्ण पहलू है- लिक्विडिटी यानी जरूरत पड़ने पर तुरंत पैसा उपलब्ध होना, इसलिए निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो का एक हिस्सा लिक्विड फंड या सेविंग इंस्ट्रूमेंट्स में रखना चाहिए, ताकि किसी आपात स्थिति में उन्हें परेशानी न हो। इसके साथ ही, बीमा (Insurance) को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। हेल्थ इंश्योरेंस और टर्म इंश्योरेंस आपकी वित्तीय सुरक्षा का आधार होते हैं और अनिश्चित समय में बहुत मददगार साबित होते हैं।

इसके अतिरिक्त, निवेशकों को कर योजना (Tax Planning) पर भी ध्यान देना चाहिए। सही निवेश विकल्प जैसे ELSS, PPF या टैक्स सेविंग बॉन्ड न केवल आपको टैक्स बचाने में मदद करते हैं, बल्कि दीर्घकाल में अच्छा रिटर्न भी प्रदान करते हैं। बदलते आर्थिक माहौल में वित्तीय जागरूकता और सही जानकारी होना उतना ही जरूरी है, जितना निवेश करना। निवेश करते समय सबसे जरूरी चीज है धैर्य और अनुशासन। बाजार ऊपर-नीचे होता रहेगा, लेकिन आपको घबराकर गलत फैसले नहीं लेने चाहिए।

लंबे समय तक निवेश बनाए रखना और समय-समय पर अपने पोर्टफोलियो को संतुलित करना सफलता की कुंजी है। (यह लेख जानकारी के लिए है। निवेश करने से पहले अपने वित्तीय सलाहकार से सलाह जरूर लें।)

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## परवरिश का असर

महाभारत पर लिखा गया भैरप्पा का बेहद प्रसिद्ध उपन्यास है 'पर्व'। इसमें सारे चमत्कारों को हटाकर महाभारत की कहानी को वास्तविकता के निकट लाकर लिखा गया है।

इसमें कंस के जन्म की कहानी है। कंस राजा उग्रसेन का बेटा था, तो फिर वो राक्षस कैसे हो गया? यहां लेखक ने बच्चे के मनोविज्ञान को ध्यान में रखते हुए कल्पना की है।



अनुरोध शर्मा
लेखक

उग्रसेन की पत्नी जंगल के सरोवर के निकट शिकार पर जाती थी और वहां उसकी मुलाक़ात द्रोमिल नाम के राक्षस से हो गई। दोनों में संबंध बने। अब तक उग्रसेन की पत्नी जो गर्भवती नहीं हो पाती थी, उस राक्षस के बच्चे की मां बन गई। ये बच्चा हुआ 'कंस' जिसे उग्रसेन ने सब कुछ जानते हुए भी बदनामी के डर से पाला। बाद में उग्रसेन की पत्नी अपने पति उग्रसेन से कई और बच्चों की भी मां बनी, लेकिन राक्षस का बेटा होने की वजह से कंस और बच्चों से कहीं अधिक शक्तिशाली था।

पर क्या सिर्फ़ राक्षस की संतान होने से ही कंस राक्षस हो गया? लेखक का जवाब है, नहीं।

कहानी आगे कहती है कि क्यूंकि उग्रसेन ये जानता था कि कंस उसकी संतान नहीं है, तो उसने कंस को कभी पिता का प्यार दिया ही नहीं। दूसरे बच्चों की तरह कंस भी पिता की गोद में बैठना चाहता था, लेकिन उग्रसेन उसे बैठने न देता। बाकी भाई-बहनों को जो स्नेह मिलता, वो कंस के हिस्से कभी न आया।

कंस के मन में जो पिता के प्रति नफ़रत भरी उसकी वजह पिता ही थे। उनका कंस के प्रति आचरण था। पिता द्वारा दी गई परवरिश थी।

आखिरकार बड़े होकर कंस ने अपने पिता को जेल में डाल दिया और खुद राजा बन बैठा। कंस को राक्षस कहा गया, लेकिन किसी ने इस बात की पड़ताल करने की कोशिश नहीं की कि कंस के राक्षस होने की वजह क्या रही।

परवरिश, माहौल, संगत और विचार बच्चे के कोमल मन पर बहुत असर डालते हैं। आज के माहौल में बच्चे जिस तरह बड़े हो रहे हैं, जिस तरह हम उन्हें बड़ा कर रहे हैं, उसके बाद अगर वो रोबोट बन रहे हैं, तो किसकी गलती है?

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## महिला विधेयक जनगणना बाद ही अब होगा लागू

2029 के लोकसभा चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा नहीं मिल पाएगी, क्योंकि सरकार ये संशोधन इसलिए ला रही थी, ताकि आरक्षण जल्द से जल्द लागू हो सके। फिलहाल नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 लागू है। इसमें प्रावधान है कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण अगली जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन के आधार पर लागू होगा। ऐसे में माना जा रहा है कि जनगणना के अंतिम परिणाम 2027 में आएंगे। तब कहीं जाकर पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया संभव होगी। इस परिसीमन को लेकर ही संशोधन विधेयक अटक गए हैं, हालांकि सत्ता पक्ष ने भरोसा दिलाया था कि सीटें बढ़ेंगी, तभी महिलाओं के लिए आरक्षण का सही लाभ मिलेगा और सभी राज्यों में एक समान रूप से 50 प्रतिशत सीटों की बढ़ोत्तरी होगी। अमित शाह ने इस दलील को विधेयक में दर्ज करने की मंशा भी प्रकट कर दी थी।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

विपक्ष की यह आशंका बनी रही कि परिसीमन के बहाने सीटों की संरचना कुछ इस तरह से निर्धारित होगी कि भाजपा समर्थित वोट बड़ी संख्या में क्षेत्र में समा जाएं। विपक्ष को सरकार द्वारा जताया गया कोई भी फार्मूला रास नहीं आया, दरअसल जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होता है, तो दक्षिण और पूर्वोत्तर के राज्यों के दल प्रमुखों ने यह अंदाजा लगा लिया कि इन प्रांतों में जनसंख्या कम होने के कारण राजनीतिक रूप से वे नुकसान में रहेंगे। अतएव तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तो परिसीमन को लेकर दक्षिण में मोर्चाबंदी भी शुरू कर दी थी।

राज्य में काले झंडे लेकर प्रदर्शन करने का एलान तक कर दिया था। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने इस पहल को संघीय ढांचे को कमजोर करने और दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक आवाज को दबाने वाला कदम बता दिया था और तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री शिवकुमार ने कहा था कि इतना बड़ा संवैधानिक बदलाव सभी दलों की सहमति के बिना संभव नहीं है। इन साझा आवाजों की बुलंदी ने इन विधेयकों को पारित नहीं होने दिया।

इन विधेयकों को अटकाने के लिए विपक्ष ने कोटे में कोटा देने का उपाय की भी मांग कर डाली। मायावती ने इस विधेयक का स्वागत करते हुए कहा कि 33 प्रतिशत कोटे में एससी-एसटी और ओबेसी की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था हो।

हमारे देश में विकास को आंकड़ों और व्यक्तिगत उपलब्धि को संख्या बल की दृष्टि से देखने-परखने की आदत बन गई है। इस नाते हम मानकर चल रहे हैं कि 543 सदस्यीय लोकसभा में 181 महिलाओं की आमद दर्ज होने और 28 राज्यों की कुल 4123 विधानसभा सीटों में से महिलाओं के खाते में 1374 सीटें चली जाने से देश की समूची आधी आबादी की शक्ल बदल जाएगी अथवा स्त्रीजन्य विषमताएं व भेदभाव समाप्त हो जाएंगे।

लोकसभा में 74 महिलाएं सांसद हैं। यह भागीदारी लगभग 14 प्रतिशत बैठती है। वहीं राज्यसभा में 42 महिला सांसद हैं, जो मात्र 17% है। एक तिहाई आरक्षण लागू होने के बाद लोकसभा में महिलाओं की संख्या बढ़कर 181 और राज्यसभा में 73 हो जाएगी। 1952 में गठित पहली लोकसभा में सिर्फ 4.4 प्रतिशत यानी 489 में से महज 22 महिलाएं सांसद थीं। विधानसभाओं में महिला विधायकों की उपस्थिति केवल नौ फीसदी है। अब 2027 में 2011 की जनगणना के आंकड़े आने के बाद नए परिसीमन में लोकसभा और विधानसभाओं की सीटें अप्रत्याशित रूप में बढ़ सकती हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# अंतस्



# प्रभु नाथ धामः जहां पहुंच कर श्रद्धालु होते हैं धन्य

नेपाल अपनी उत्पत्ति काल से ही देवर्षि, महर्षियों तथा अनेक देव स्थलों का देश रहा है। यहां आज भी अनेक पौराणिक स्थल, सिद्ध संत तथा महात्माओं की जन्मभूमि और कर्मभूमि अभी मौजूद हैं, जहां नेपाल ही नहीं भारत के भी हजारों श्रद्धालु आते रहते हैं। यहां की पवित्र भूमि पर भारत से भी कई साधक संत आए और यहीं के होकर रह गए। ऐसा ही एक पवित्र स्थल स्वर्ग द्वारी है, जिसे प्रभु नाथ धाम के नाम से भी जाना जाता है। प्रभु नाथ धाम नेपाल के सुदूर पशिचम प्यूठान जिले में ऊंचे पहाड़ पर स्थित है।



यशोदा श्रीवास्तव
लेखक

## स्फूर्ति के संचार की अनुभूति

यूं तो यहां सावन मास में श्रद्धालुओं का रेला लगता है, लेकिन हाल के वर्षों से हर महीने यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु आने लगे हैं। यहां आने के लिए मुख्यतः दो रास्ते हैं। यूपी के बहराइच जिले से होकर नेपाल के बांके से होकर आ सकते हैं। इस रास्ते करीब 150 किमी दूरी तय कर भिंगरी होते हुए प्रभु नाथ धाम तक पहुंचा जा सकता हैं। दूसरा रास्ता सिद्धार्थनगर जिले के बढ़नी नेपाल सीमा पार कर कृष्णा नगर से आना होता है, जहां से बसें, छोटी बसें यहां तक आती हैं। लोग अपने निजी साधनों से भी आते हैं। बसों का किराया प्रति व्यक्ति 500 से 700 रूपए तक है। नेपाल के भालू बांग से पहाड़ के दुर्गम रास्तों से होकर भिंगरी पहुंचना होता है। भिंगरी से प्रभु नाथ धाम तक के करीब 30 किमी तक पहाड़ी मार्ग बहुत ही घुमावदार है, जिसे पूरा कर पाना बेहद कठिन है। इन कठिन मार्ग को पूरा कर श्रद्धालु प्रभु नाथ धाम के निकट वहां तक पहुंचते हैं, जहां से 700 सीढ़ी चढ़ कर इस पवित्र और पूज्यनीय स्थल तक पहुंचना होता है। जाहिर है इतनी विकट और पहाड़ की लंबी यात्रा से थकान और सुस्ती से चूर हो जाना लाजिमी है, लेकिन चमत्कार यह है कि यहां पहुंचते ही गजब की स्फूर्ति के संचार की अनुभूति होती है। प्रभुनाथ आश्रम का वृतांत अनंत है। यहां ऋषि-मुनियों की तपस्या के भी ढेरों उदाहरण हैं। इस पुण्य भूमि का खास महत्व एक चमत्कारिक संत 1008 महा प्रभु हंसानंद महराज से जाना जाता है। यह तपस्वी संत 75 वर्ष पूर्व यहीं ब्रम्हलीन हुए थे। यहीं पर उनकी समाधि है। इस स्थल की बढ़ती महत्ता को देखते हुए स्थानीय नगरपालिका प्रशासन और नेपाल सरकार ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर इंतजाम कर रखें हैं। सरकारी अस्पताल, धर्म शाला, गौशाला सब कुछ यहां उपलब्ध है।




## लोकमान्यता

प्रभु हंसानंद के महात्म्य की अनेक कहानियां है। यहां मौजूद पुजारी और आसपास के लोग इसे कहानी नहीं उनका प्रताप मानते हैं। नेपाल ही नहीं भारत के प्रयागराज, हरिद्वार,काशी आदि जगहों तक उनके भक्त विराजमान हैं। प्रभु हंसानंद के विपत्ति में अपने भक्तों की मदद करने के ढेर सारी किंवदंतियां यहां हर जुबान पर हैं। बताते हैं कि सदियों पूर्व किसी ऋषि ने भविष्यवाणी की थी कि सल्यान जिले के रुमटी गांव में गौतमवंश में भगवान का अवतार होगा। उसका कर्म क्षेत्र प्युठान जिले का दुर्गम पहाड़ी होगा। आगे चलकर लोग इसे स्वर्गद्वारी के नाम से जानेंगे और यह एक सिद्धपीठ तीर्थ स्थल होगा। प्रभु हंसानंद महराज का जन्म रुमटी गांव में ही हुआ था। वे यहां आए, वर्षों तक तपस्या की और यहीं ब्रह्मलीन हुए। प्रभु हंसानंद महाराज को लोग अवतारी पुरुष मानते हैं। आगे चलकर उनके द्वारा किए गए शुभ-अशुभ भविष्यवाणियों से भी यह सिद्ध होता है। कुछ वर्ष पूर्व नेपाल में आए विनाशकारी भूकंप की भविष्यवाणी उन्होंने दशकों पूर्व की थी। यहां के पुजारी बताते हैं कि स्वर्गद्वारी के महाप्रभु हंसानंद महाराज जी यज्ञों के साथ गोपालात्मा बनकर भगवान कृष्ण के समान हजारों गायों को पालने और उन्हें चराने का काम स्वयं करते थे। यहां आश्रम पर आज भी सैकड़ों गायों का पालन होता है। बताते हैं कि यहां आकर सच्चे मन और पवित्र भाव से मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है। यहां आसपास के लोग बताते हैं कि भाव और श्रद्धा से जो भी स्मरण किया सबके कष्ट अवश्य ही दूर होते हैं।



## पौराणिक कथा

# हृदय रूपी मंदिर का रहस्य



एक बार भगवान दुविधा में पड़ गए। कोई भी मनुष्य जब मुसीबत में पड़ता है, तब मेरे पास भागा-भागा आता है। मुझे सिर्फ अपनी परेशानियां बताने लगता है। मेरे पास आकर कभी भी अपने सुख या अपनी संतुष्टि की बात नहीं करता। मेरे से कुछ न कुछ मांगने लगता है।

भगवान ने इस समस्या के निराकरण के लिए देवताओं की बैठक बुलाई और बोले- "हे देवों, मैं मनुष्य की रचना करके कष्ट में पड़ गया हूं। कोई न कोई मनुष्य हर समय शिकायत ही करता रहता है, जबकि मैं उन्हें उसके कर्मानुसार सब कुछ दे रहा हूं। फिर भी थोड़े से कष्ट में ही मेरे पास आ जाता है, जिससे न तो मैं कहीं शांतिपूर्वक रह सकता हूं, न ही शाश्वत स्वरूप में रहकर साधना कर सकता हूं। आप लोग मुझे कृपया ऐसा स्थान बताएं, जहां मनुष्य नाम का प्राणी कदापि न पहुंच सके।"

प्रभु के विचारों का आदर करते हुए देवताओं ने अपने-अपने विचार प्रकट करने शुरू किए। गणेश जी बोले- "आप हिमालय पर्वत की चोटी पर चले जाएं।" भगवान ने कहा- "यह स्थान तो मनुष्य की पहुंच में हैं।" उसे वहां पहुंचने में अधिक समय नहीं लगेगा। इंद्रदेव ने सलाह दी- "आप किसी महासागर में चले जाएं।" वरुण देव बोले- "आप अंतरिक्ष में चले जाइए।"

भगवान ने कहा- "एक दिन मनुष्य वहां भी अवश्य पहुंच जाएगा।" भगवान निराश होने लगे थे। वह मन ही मन सोचने लगे- "क्या मेरे लिए कोई भी ऐसा गुप्त स्थान नहीं हैं, जहां मैं शांतिपूर्वक रह सकूं"। अंत में सूर्य देव बोले- "प्रभु! आप ऐसा करें कि मनुष्य के हृदय में बैठ जाएं। मनुष्य अनेक स्थान पर आपको ढूंढने में सदा उलझा रहेगा, क्योंकि मनुष्य बाहर की प्रकृति की तरफ को देखता है। दूसरों की तरफ को देखता है खुद के हृदय के अंदर कभी झांककर नहीं देखता। इसलिए वह यहां आपको कदापि तलाश नहीं करेगा। करोड़ों में कोई एक जो आपको अपने हृदय में तलाश करेगा। वह आपसे शिकायत करने लायक नहीं रहेगा, क्योंकि उसकी बाहरी इच्छा शक्ति खत्म हो चुकी होगी।"


ईश्वर को सूर्य देव की बात पसंद आ गई। उन्होंने ऐसा ही किया और भगवान हमेशा के लिए मनुष्य के हृदय में जाकर बैठ गए। उस दिन से मनुष्य अपना दुख व्यक्त करने के लिए ईश्वर को मंदिर, पर्वत-पहाड़, कंदरा-गुफा ऊपर, नीचे, आकाश, पाताल में ढूंढ रहा है, पर वह मिल नहीं रहें हैं। परंतु मनुष्य कभी भी अपने भीतर ईश्वर को ढूंढने की कोशिश नहीं करता है। इसलिए मनुष्य 'हृदय रूपी मंदिर' में बैठे हुए ईश्वर को नहीं देख पाता और ईश्वर को पाने के चक्कर में दर-दर घूमता है, पर अपने हृदय के दरवाजे को खोलकर नहीं देख पाता। हृदय रूपी मंदिर में बैठे हुए ईश्वर को देखने के लिए मन रूपी द्वार का बंद होना अति आवश्यक है, क्योंकि मन रूपी द्वार संसार की तरफ खुला हुआ है और हृदय रूपी मंदिर की ओर बंद है।

*-सतीश कुमार गर्ग*



# सेहतमंद समाज और धार्मिक संस्थाओं की भूमिका

पृथ्वी का लगभग संपूर्ण मानव समाज किसी-न-किसी धर्म से जुड़ा हुआ है। मनुष्य का स्वास्थ्य, आचरण एवं व्यवहार तथा स्वास्थ्य से जुड़ी सामाजिक मान्यताएं कहीं-न-कहीं धार्मिक आस्था पर आधारित हैं। मंदिर, मठ, गुरुद्वारा, मस्जिद, गिरजाघर, आदि जैसे धार्मिक स्थल न केवल व्यक्ति की पूजा के पवित्र स्थान होते हैं, बल्कि वे समुदाय के लोगों की दैनिक दिनचर्या से जुड़े उनके सामाजिक, सार्वजनिक पहलुओं का आधार भी होते हैं। विश्वभर में प्रचलित अनेक धार्मिक संस्थाओं के बीच कुछ-न-कुछ समानता अवश्य देखी जाती है। लोगों का अपने धार्मिक स्थलों के साथ पारंपरिक अथवा औपचारिक तौर पर गहरा जुड़ाव देखा जाता है। लोगों का व्यक्तिगत अथवा समुदाय का सामूहिक स्वास्थ्य और बीमारी से जुड़े आचरण उनकी धार्मिक संस्थाओं की शक्ति से प्रभावित होने के संकेत मिलते हैं।



विगत वर्षों में सामान्य स्वास्थ्य को बढ़ावा देने तथा रोगों से बचने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों और आस्था से जुड़े अनेक समूहों एवं अन्य धार्मिक संस्थाओं के बीच एक सहयोग देखा जाता था। परंतु सरकारों द्वारा, खासकर कोविड-19 जैसे स्वास्थ्य संकट के दौरान मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, गिरजाघर जैसे पवित्र पूजा स्थलों के माध्यम से न केवल रोगियों, बल्कि समुदाय के सभी पीड़ित व्यक्तियों की आपातकालीन आवश्यकताओं की पूर्ति करने, आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराने, मौत की कगार पर खड़े रोगियों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था, ऑक्सीजन सिलेंडरों को उपलब्ध कराने जैसी अनेक गतिविधियों में सहायता प्रदान की गई।

इनके अलावा, स्थानीय रूप से व्याप्त रोगों पर नियंत्रण रखने के लिए धर्म एवं आध्यात्मिक गुरुओं द्वारा स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति शुरुआती जागरूकता उत्पन्न करने, रोग की समस्या से जुड़ी अवधारणाएं को दूर करने अथवा उन्हें मिटाने तथा रोग एवं रोगी की पहचान करने में समुदाय के लोगों की भागीदारी को बढ़ाने में बढ़-चढ़ कर सहायता प्रदान की जाती है। कोविड-19 महामारी के दौरान अनेक धार्मिक संस्थाओं द्वारा बेघर, बेरोजगार, पीड़ित-लाचार व्यक्तियों के लिए निःशुल्क भोजन, आवास एवं विकास पोषण की व्यवस्था की गई थी, जो उनकी सेवा समर्पित भावना के अद्वितीय उदाहरण हैं। टीबी और कई प्रकार के अन्य संचारी रोगों की स्थिति में भी धार्मिक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। समुदाय में व्याप्त कुछ प्रकोपों को रोकने एवं उन पर काबू पाने में सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन में धार्मिक संस्थाओं की भूमिका पर कुछ अध्ययन किए गए हैं, परंतु सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए संचालित कार्यक्रमों में पूजा स्थलों की भूमिका की जांच पर प्रामाणिक जानकारी का अभाव रहा है। इन पहलुओं पर जानकारी समुदाय आधारित सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों को बढ़ाने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ समावेशी स्वास्थ्य सम्मत प्रणालियां विकसित करने में सहायक होगी। इसमें मौजूदा सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों द्वारा प्रदान की जाने वाली समावेशी स्वास्थ्य सेवाएं सम्मिलित हैं। समावेशी स्वास्थ्य एक ऐसा दृष्टिकोण है, जो गंभीर अभाव और गहरे सामाजिक बहिष्कार के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाली अत्यधिक स्वास्थ्य असमानताओं को रोकने और उनका समाधान करने के लिए बनाया गया है। यह मूल रूप से अंतः विषयक होता है, जिसमें व्यापक पेशेवर और व्यक्तिगत अनुभव वाले विशेषज्ञों के योगदान की आवश्यकता होती है।



डॉ. कृष्णा नंद पांडेय
लेखक



विश्व के अधिकांश लोग किसी-न-किसी धर्म के अनुयायी होते हैं। प्रायः लोग नियमित रूप से अथवा विशेष अवसरों पर धार्मिक स्थलों पर एकत्रित होते हैं। ये धार्मिक स्थल सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े प्रयासों के माध्यम से समुदाय के लोगों में रोगों पर नियंत्रण रखने के प्रति न केवल जागरूकता पैदा कर सकते हैं, बल्कि विकट स्थितियों में यथासंभव रोगियों और उनके परिजनों को सहायता भी उपलब्ध कराने में सक्षम होते हैं। रोगियों की नकारात्मक मनोदशा को दूर करने, उन्हें भावनात्मक और मानवीय सहायता प्रदान करने, समुदाय के साथ अनुकूल संबंधों को बढ़ावा देने के माध्यम से उनमें आत्मविश्वास पैदा करने में भी सहायता प्रदान करते हैं। व्यक्तियों में हेल्दी बिहेवियर यानी स्वास्थ्य संवर्धक आदतें विकसित करने, रोगों की व्यापकता फैलने से रोकने के लिए व्यक्तियों को बेहतर जानकारी उपलब्ध कराने, समुदाय के लोगों तथा स्वास्थ्य सुरक्षा प्रणालियों के बीच विश्वासपूर्ण संबंध विकसित करने के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच से दूर सुदूर स्थित समुदायों को भी सहायता प्रदान करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के अधिकारियों को जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सहायता प्रदान करने हेतु प्रेरित करने में भी इन धार्मिक स्थलों की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कुल मिलाकर ये सारी गतिविधियां समुदाय के लोगों को रोग से संबंधित गंभीर परिस्थितियों से निपटने के प्रति आत्मविश्वास पैदा करने तथा उनकी क्षमता को बढ़ाने में धार्मिक स्थलों का एक महत्वपूर्ण योगदान होता है।

## बोध कथा

# समय और भाग्य



एक सेठ थे, जिनके पास काफी दौलत थी। सेठ जी ने अपनी बेटी की शादी एक बड़े घर में की थी। परंतु बेटी के भाग्य में सुख न होने के कारण, उसका पति जुआरी, शराबी निकल गया, जिससे सब धन समाप्त हो गया। बेटी की यह हालत देखकर सेठानी जी रोज सेठ जी से कहती कि आप दुनिया की मदद करते हो, मगर अपनी बेटी परेशानी में होते हुए उसकी मदद क्यों नहीं करते हो? सेठ जी ले कहा- "जब उनका भाग्य उदय होगा, तो अपने आप सब मदद करने को तैयार हो जाएंगे।" एक दिन सेठ जी घर से बाहर गए थे कि तभी उनका दामाद घर आ गया। सास ने दामाद का आदर-सत्कार किया और बेटी की मदद करने का विचार उसके मन में आया कि क्यों न मोतीचूर के लड्डूओं में अशर्फियां रख दी जाएं।

यह सोचकर सेठानी ने लड्डूओं के बीच में अशर्फियां दबाकर रख दीं और दामाद को टीका लगाकर विदा करते समय पांच किलो शुद्ध देशी घी के लड्डू, जिनमें अशर्फियां थीं, दिए। दामाद लड्डू लेकर घर से चला, दामाद ने सोचा कि इतना वजन कौन लेकर जाए! क्यों न यहीं मिठाई की दुकान पर बेच दिए जाएं। दामाद ने वह लड्डूओं का पैकेट मिठाई वाले को बेच दिया और पैसे जेब में डालकर चला गया। उधर सेठ जी बाहर से आए तो उन्होंने सोचा घर के लिए मिठाई की दुकान से मोतीचूर के लड्डू लेता चलूं और सेठ जी ने दुकानदार से लड्डू मांगे। मिठाई वाले ने वही लड्डूओं का पैकेट सेठ जी को वापिस बेच दिया। सेठ जी लड्डू लेकर घर आए। सेठानी ने जब लड्डूओं का वही पैकेट देखा तो सेठानी ने लड्डू फोड़कर देखे, अशर्फियां देखकर अपना माथा पीट लिया।

सेठानी ने सेठ जी को दामाद के आने से लेकर जाने तक और लड्डूओं में अशर्फियां छिपाने की बात कह डाली। सेठ जी बोले-"भाग्यवान मैंनें पहले ही समझाया था कि अभी उनका भाग्य नहीं जागा। देखा मोहरें न तो दामाद के भाग्य में थी और न ही मिठाई वाले के भाग्य में। इसलिये कहते हैं कि भाग्य से ज्यादा और समय से पहले न किसी को कुछ मिला है और न मीलेगा।" कथा से सीख मिलती है कि ईश्वर जितना दे उसी मैं संतोष करना चाहिए।

*-ऋतु गुप्ता*

# झूठ और मिथ्याचार के जंगलों में मत भटकिए



हमारी अंतरात्मा जिस कार्य को उचित कहती या स्वीकार करती है, उस आचरण को करने वाला ईमानदार कहा जाता है। वास्तव में सदचरित्र का संबंध मानव के गुप्त मन से होता है। सही कार्य करने में हमें अंदर से ही एक गुप्त शांति और संतोष का अनुभव होता है। इसके विपरीत आत्मा का हनन कर छल-कपट व गलत तरीके से कार्य करने पर हमारा गुप्त मन हमें अंदर ही अंदर कचोटता रहता है। हमें शांति नहीं मिलती। हमेशा यह गुप्त भय रहता है कि हमारे इस गलत कार्य या चोरी किसी को किसी दिन किसी भी समय पता न चल जाए। हनन की हुई आत्मा ही हमें गलत की ओर जाने देती है और दुष्कर्म कराती है। असत्य या बेईमानी के कार्य द्वारा असत्य कार्य करने, रिश्वत, चोर बाजारी आदि चोरियां करने से धीरे-धीरे हमारी अंतरात्मा मर जाती है। हनन की हुई आत्मा में सत्य-असत्य, धर्म-अधर्म, उचित-अनुचित का विवेक नहीं रहता।

बहुत से व्यक्ति चोरी करते हुए भी बाहर से संतुष्ट से दिखते हैं, पर बुरे कार्यों की सूक्ष्म रेखाएं अंतश्चेतना के ऊपर अंकित होती रहती हैं और मन पर सदा आघात करती हैं। एक न एक दिन पाप प्रकट होता ही है और करनी का फल भुगतना ही पड़ता है। सही मार्ग के साथ आपको आत्मा की दैवी शक्तियों का भी सहयोग मिलता रहेगा। सच्चे व्यक्ति को कभी किसी गुप्त भेद के प्रकट होने का कोई भय नहीं होता। वह तो खरा है। चाहे किसी कसौटी पर कस लीजिए, सदैव चमकता ही रहेगा। सत, चित, आनंदस्वरूप आत्मा इसीलिए इस धरती पर भेजा गया है कि वह सत्य का अनुसरण करे, असत्य या झूठ के अंधकार से बचा रहे, जो व्यक्ति यह समझता है कि बेईमानी से, लोगों की आंखों में धूल झोंककर बढ़ता रहेगा, वह वास्तव में बड़ी भूल करता है। बेईमानी, चोरी, रिश्वत, छल-कपट तो एक प्रकार की अग्नि है। वह कब छिपती है? उसे चाहे सौ पर्दों में रखा जाए, एक न एक दिन पर्दों को जलाकर प्रकट हो ही जाती है। धोखा या बेईमानी चार दिन ही फलती-फूलती सी दिखती है। वास्तव में वह नीचे की ओर गिरता जाता है। दीपक जब बुझने को होता है, तब तेजी से चमक कर शान्त हो जाता है।



डॉ. प्रदीप द्विवेदी 'रमण'
आध्यात्मिक लेखक

इसी प्रकार इन सबसे क्षणभर के लिए समृद्धि प्रतीत होते है, पर चोरी के प्रकट होते ही वे ऐसे गहरे गड्ढे में गिर पड़ते हैं, जिससे निकलना असंभव सा हो जाता है। वे दीर्घकाल तक असत्य के अंधकार में भटकते रहते हैं। सच्चे और ईमानदार गरीब होकर भी पूजे जाते हैं, झूठे और बेईमान ठगी से अमीर होकर भी तिरस्कृत होते हैं। आप सत्य के यात्री हैं। सत्यस्वरूप आत्मा हैं। झूठ और मिथ्याचार के सुहावने दिखने वाले भयानक जंगलों में मत भटकिए। ध्यान रहे जो पैसा दूसरों को रूलाते हुये हड़प लिया जाता है, वह लेने वाले को नष्ट करके ही विदा होता है। सत्यता और ईमानदारी धर्मात्मा मनुष्य के भूषण हैं। ये ईश्वर की सत्ता के द्योतक हैं। मरते दम तक इन दिव्य गुणों का ह्रास मत होने दीजिएगा। यदि हमारी आजीविका झूठ, अन्याय, छल, कपट से कमाई हुई है, तो उस पर पलने वाली हमारी संतान भी उसका उपयोग करने पर अधिकाधिक अन्याय, झूठ और धूर्तता की ओर बढ़ती जायेगी और हमारी आने वाली पीढ़ी को भी दुखी बना डालेगी। ऐसी कमाई कमाईए, जिससे दुनिया के किसी व्यक्ति के सामने आंखें नीची न करनी पड़ें।

असत्यभाषण, क्रोध, काम इत्यादि दुष्ट मनोविकारों के वशीभूत होकर हम कई गलतियां, बेईमानी, कपट, मिथ्याचार किया करते हैं। ये दोष मन के मन में ही रह जाते हैं। मन ही चोरी से हमें पथभ्रष्ट करता है। मन के ये राक्षस किसी न किसी काने में छिपकर उभर उठने की प्रतीक्षा किया करते है। यदि हम इन्हें मन में छिपाए रहें तो हमें सदा यह भय रहता है कि न जाने ये कब उठकर हमें गिरा देंगे। इसीलिए प्रतिदिन अपना निरीक्षण करते रहना चाहिए।

## बिजनेस ब्रीफ

### रेनो डस्टर को मिली 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग

नई दिल्ली। भारतीय बाजार में फिर से लॉन्च हुई रेनो डस्टर एसयूवी ने 'भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम' के क्रैश टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग हासिल की है। रेनो इंडिया के अनुसार, डस्टर ने वयस्क सुरक्षा में 32 में से 30.49 अंक और बच्चों की सुरक्षा श्रेणी में 49 में से 45 अंक प्राप्त किए। कंपनी के इंजीनियरिंग प्रमुख वी. विक्रमन ने बताया कि वाहन को भारतीय सड़कों की वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप कड़े परीक्षणों से गुजारा गया है, जिससे यह उपलब्धि हासिल हुई।

### मिनी कारों की बिक्री दोगुनी करेगी बीएमडब्ल्यू

नई दिल्ली। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने साल 2026 में अपने प्रीमियम ब्रांड मिनी की बिक्री को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ हरदीप सिंह बरार ने सोमवार को कहा कि स्थानीय उत्पादन, नए मॉडल्स और बिक्री नेटवर्क के विस्तार के दम पर यह मुकाम हासिल किया जाएगा। आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में मिनी की 730 इकाइयां बिकी थीं, जबकि 2026 की पहली तिमाही में ही 42% की उछाल के साथ 213 कारें बिक चुकी हैं। कंपनी इस साल के मध्य तक भारत में निर्मित 'मिनी कंट्रीमैन' लॉन्च करने और नौ विशेष संस्करण पेश करने की तैयारी में है। बरार के अनुसार, यदि लक्ष्य पूरा हुआ तो यह भारत में मिनी के लिए अब तक का सबसे सफल साल होगा।

### कोलकाता से कुनमिंग के बीच शुरू हुई विमान सेवा

नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच हवाई संपर्क को मजबूती देते हुए चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस ने कोलकाता और कुनमिंग के बीच अपनी सीधी उड़ान सेवाएं फिर से शुरू कर दी हैं। सोमवार को एयरलाइंस ने बताया कि 19 अप्रैल को दोनों शहरों के बीच पहली सीधी उड़ान संचालित की गई। कोरोना काल के बाद दोनों देशों के बीच हवाई सेवाओं को धीरे-धीरे बहाल किया जा रहा है। पिछले साल दिल्ली-शंघाई मार्ग के बाद अब कोलकाता-कुनमिंग मार्ग पर सेवाएं शुरू की गई हैं, जो सप्ताह में छह दिन उपलब्ध होंगी। कोलकाता हवाई अड्डे पर आयोजित उद्घाटन समारोह में चीन के महावाणिज्य दूत शू वेई और एयरलाइन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। कुनमिंग-कोलकाता मार्ग रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### जिंदल स्टेनलेस का खुदरा बाजार में कदम

नई दिल्ली। देश की बड़ी स्टील कंपनी जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (JSL) ने सोमवार को खुदरा बाजार में उतरने का एलान किया। कंपनी ने निर्माण क्षेत्र के लिए 'जिंदल इन्फिनिटी' ब्रांड नाम से स्टेनलेस स्टील सरिया पेश किया है। इस रणनीतिक विस्तार के जरिए कंपनी अब सीधे आम उपभोक्ताओं, बिल्डरों और कारीगरों तक अपनी पहुंच बनाएगी।

# कोर सेक्टर का उत्पादन मार्च में 0.4 प्रतिशत गिरा

## अर्थव्यवस्था सुस्तः 5 महीने की बढ़त पर लगा ब्रेक

नई दिल्ली, एजेंसी



- वित्त वर्ष 2025-26 की कुल वृद्धि घटकर 2.6% रही, कोरोना के बाद का सबसे निचला स्तर

**एक नजर में आंकड़े**

मार्च में किसका कैसा रहा प्रदर्शन

- उर्वरक: -24.6% ↓
- कच्चा तेल: -5.7% ↓
- कोयला: -4.0% ↓
- बिजली: -0.5% ↓
- प्राकृतिक गैस: +6.4% ↑
- सीमेंट: +4.0% ↑
- इस्पात: +2.2% ↑
- रिफाइनरी उत्पाद: +0.1% ↑

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के 'इंजन' कहे जाने वाले आठ प्रमुख उद्योगों (Core Sector) को तगड़ा झटका लगा है। मार्च महीने में इन उद्योगों के उत्पादन में सालाना आधार पर 0.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। पिछले साल मार्च में यह 4.5 प्रतिशत और इस साल फरवरी में 2.8 प्रतिशत बढ़ा था।

**चार क्षेत्रों में सुस्ती, चार में बढ़तः** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, आठ प्रमुख क्षेत्रों में से आधे (चार क्षेत्रों) में उत्पादन घटा है। सबसे बुरा असर उर्वरक उत्पादन पर पड़ा, जिसमें 24.6% की भारी कमी आई है। इसके अलावा कच्चे तेल का उत्पादन 5.7%, कोयला 4% और बिजली उत्पादन 0.5% घटा है। वहीं, प्राकृतिक गैस (6.4%), सीमेंट (4%), इस्पात (2.2%) और रिफाइनरी उत्पादों (0.1%) में मामूली बढ़त दर्ज की गई।

**कोरोना काल के बाद सबसे कमजोर सालः** अक्टूबर 2025 के बाद यह पहली बार है जब कोर सेक्टर का उत्पादन नकारात्मक रहा है। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें, तो कुल वृद्धि दर 2.6 प्रतिशत रही। यह वित्त वर्ष 2020-21 (कोरोना काल) के बाद का सबसे निचला स्तर है, जब 6.4% की गिरावट दर्ज की गई थी। तुलनात्मक रूप से, वित्त वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि 4.5 प्रतिशत रही थी।


## जायद फसलों की 69.06 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई

**नई दिल्ली, एजेंसीः** देश में ग्रीष्मकालीन यानी जायद फसलों का रकबा इस साल अब तक हल्की बढ़त के साथ 69.06 लाख हेक्टेयर हो गया है, जिसमें सबसे अधिक क्षेत्र धान के तहत है। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

जायद फसलें फरवरी से जून महीने के बीच बोई जाती हैं। रबी (सर्दियों) की फसलों की कटाई और खरीफ (मानसून) फसलों की बुवाई के बीच के समय में जायद फसलों की खेती होती है। पिछले साल इसी अवधि में 66.14 लाख हेक्टेयर में जायद फसलों की बुवाई हुई थी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 17 अप्रैल तक धान की बुवाई 30.64 लाख हेक्टेयर में हुई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 32.31 लाख हेक्टेयर थी।

# अमेरिका में भारतीय सामान बेचना होगा आसान, सरकार कर रही है खास तैयारी

नई दिल्ली



- वाशिंगटन में भारतीय टीम की अहम बैठकः पीयूष गोयल बोले-समझौता अंतिम चरण में

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत अमेरिका के साथ अपने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि भारतीय अधिकारियों का एक दल इस समय वाशिंगटन में है, जो अमेरिकी बाजार में घरेलू उत्पादों के लिए 'तरजीही बाजार पहुंच' सुनिश्चित करने पर चर्चा करेगा।

गोयल ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (Trade Deal) का पहला चरण लगभग तैयार है। उन्होंने कहा कि हम ऐसी व्यवस्था बनाना चाहते हैं जिससे हमारे व्यापारियों को अमेरिकी बाजार में अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में ज्यादा लाभ मिले। गौरतलब है कि अमेरिका में हाल ही में शुल्क (टैरिफ) परिदृश्य में आए बदलावों के बाद दोनों देश समझौते की रूपरेखा पर पुनर्विचार कर रहे हैं।

**क्या है मामला?**

फरवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्कों के खिलाफ वहां के उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाया था। इसके बाद ट्रंप प्रशासन ने 24 फरवरी से सभी देशों पर 10% शुल्क लगा दिया। पुराने समझौते के तहत अमेरिका भारत पर शुल्क 50% से घटाकर 18% करने और रूसी तेल खरीद के कारण लगे 25% अतिरिक्त शुल्क को हटाने पर सहमत था। अब बदले हुए नियमों के बीच वाशिंगटन में हो रही तीन दिवसीय वार्ता में इन दरों को फिर से तय किया जाएगा।

# राज्यों के पूंजीगत व्यय की रफ्तार होगी धीमी

मुंबई, एजेंसी

- चेतावनीः बढ़ते राजस्व खर्च और भू-राजनीतिक तनाव से घटेगा बुनियादी ढांचा निवेश

रेटिंग एजेंसी केयरएज रेटिंग्स ने सोमवार को राज्यों के वित्तीय स्वास्थ्य पर एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में राज्यों के पूंजीगत व्यय की वृद्धि दर घटकर 8-10 प्रतिशत रह सकती है। यह पिछले वित्त वर्ष की 17 प्रतिशत की वृद्धि दर के मुकाबले एक बड़ी गिरावट को दर्शाता है।

रेटिंग एजेंसी के अनुसार, पूंजीगत व्यय में इस सुस्ती का मुख्य कारण राजस्व व्यय में बढ़ोतरी और राजस्व वृद्धि की धीमी रफ्तार है। रिपोर्ट में आगाह किया गया है कि राजस्व घाटाः सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) का राजस्व घाटा, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 0.8 प्रतिशत था, 2026-27 तक बढ़कर 1.2 प्रतिशत तक पहुँच सकता है। राज्यों की राजस्व प्राप्तियां वित्त वर्ष 2025-26 में 6.2% और 2026-27 में 7.9% बढ़ने का अनुमान है, जो जीएसडीपी की सामान्य वृद्धि दर से भी कम है।

केयरएज रेटिंग्स के सह निदेशक प्रसन्ना कृष्णन ने बताया कि केंद्र से मिलने वाले अनुदान में कमी और वैश्विक चुनौतियों के कारण राज्यों की आय मध्यम रहेगी। इसके अलावा, पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ऊर्जा की बढ़ती कीमतें राज्यों के खजाने पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती हैं, जिससे विकास कार्यों के लिए उपलब्ध धन कम हो सकता है।

कल्याणकारी योजनाओं और निवेश के बीच संतुलन की चुनौती रिपोर्ट के मुताबिक, सामाजिक योजनाओं पर निरंतर खर्च, विभिन्न योजनाओं में राज्यों की बढ़ती हिस्सेदारी और वस्तु एवं ईंधन की ऊँची कीमतों के कारण राजस्व व्यय ऊँचा बना रहेगा। ऐसे में राज्यों के सामने जनकल्याणकारी खर्च और बुनियादी ढांचे के निवेश के बीच संतुलन बनाए रखते हुए वित्तीय अनुशासन का पालन करना एक कड़ी चुनौती होगी।

**उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन रहा बेहतर**

चुनौतियों के बावजूद, रिपोर्ट में कुछ प्रमुख राज्यों की सराहना की गई है जिन्होंने बुनियादी ढांचा विकास पर अपना ध्यान केंद्रित रखा है। इनमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और तेलंगाना शामिल हैं। केयरएज ने यह विश्लेषण देश के उन 15 प्रमुख राज्यों के आंकड़ों के आधार पर किया है, जिनकी भारत की कुल जीएसडीपी में 89 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 25 सितंबर से, तैयारी शुरू

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2026 का चौथा संस्करण 25 से 29 सितंबर 2026 तक आयोजित होगा। तैयारियों को लेकर लोक भवन में अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आयोजन बड़े पैमाने पर होगा और प्रस्तुतीकरण को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। सरकार ने जनसंचार रणनीति मजबूत करने के निर्देश दिए हैं, ताकि मीडिया और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों की भागीदारी बढ़े। ट्रेड शो को "ग्लोबल सोर्सिंग प्लेटफॉर्म" के रूप में विकसित करने पर जोर है, जिससे प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक बाजार मिल सके। स्टॉल दरें 7,500 से 8,000 रुपये तय की गई हैं। "सीएम युवा" पवेलियन का विस्तार कर स्टार्टअप और नवाचार आधारित उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाएगा।

## पंचायतों को 1000 करोड़ की पहली किस्त जारी

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने पंचायतीराज संस्थाओं को वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत अप्रैल माह के लिए 1000 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी है।

पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के आधार पर यह धनराशि जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायतों के बीच निर्धारित अनुपात में वितरित की जाएगी।

## व्यापार निगरानी रिपोर्ट की चेतावनीः बढ़ सकता है व्यापार घाटा, रुपए पर बढ़ेगा दबाव

# पश्चिम एशिया संकट से भारत की आर्थिक स्थिरता को खतराः नीति आयोग

नयी दिल्ली, एजेंसी




नीति आयोग ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को लेकर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चिंता जताई है। सोमवार को जारी 'व्यापार निगरानी' रिपोर्ट में कहा गया है कि इस क्षेत्र में अस्थिरता के कारण 'चालू खाते का घाटा' बढ़ने और मुद्रा के विनिमय मूल्य पर दबाव पड़ने से भारत की व्यापारिक और व्यापक आर्थिक स्थिरता को जोखिम हो सकता है।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया के संकट ने भारत और खाड़ी देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते की प्रगति को धीमा कर दिया है। इससे भारतीय उत्पादों के लिए नए बाजारों की पहुंच और व्यापार के विस्तार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यापारिक समझौते दोनों पक्षों के हितों पर आधारित होते हैं। यदि हम विदेशी बाजारों तक पहुंच चाहते हैं, तो हमें भी अपने बाजार में दूसरों का स्वागत करना चाहिए। उनके अनुसार, आयात ही घरेलू उद्योगों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए प्रेरित करते हैं। सुमन बेरी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का सेवा व्यापार और वस्तु व्यापार मजबूत बना हुआ है। पिछले दो दशकों में भारत की छह प्रतिशत की औसत विकास दर इसकी आर्थिक मजबूती का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

रिपोर्ट में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को मजबूती देने के लिए पूंजी की लागत कम करने और वित्तीय संसाधनों के विस्तार पर जोर दिया गया है। आयोग ने छोटे उद्यमियों को बिना किसी सुरक्षा के ऋण उपलब्ध कराना, उद्योगों के लिए ऋण गारंटी योजना और ब्याज दर में छूट देने और माल की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष धन की व्यवस्था करने के सुझाव दिए हैं।

भारत के रत्न एवं आभूषण निर्यात को वैश्विक स्तर पर और अधिक मूल्यवान बनाने के लिए रिपोर्ट में नीतिगत बदलावों की सिफारिश की गई है। इसके तहत साधारण आभूषणों के स्थान पर 'उच्च मूल्य' वाले निर्यात और विशेष बनावट वाले विनिर्माण पर ध्यान देने को कहा गया है। साथ ही क्षेत्रीय पहचान वाले (जीआई) उत्पादों और पुरुषों के आभूषणों के बाजार को बढ़ाने का सुझाव दिया गया है।

**प्रशासनिक सुधारों के लिए सुझाव**

व्यापार को सहज बनाने के लिए रिपोर्ट में कुछ प्रशासनिक सुधारों की बात कही गई है। इनमें सीमा शुल्क और व्यापार महानिदेशालय की प्रक्रियाओं को सरल और सुगम बनाना। माल के दोबारा आयात या निर्यात की कानूनी जटिलताओं को दूर करना। बेहतर नीतियां बनाने के लिए रत्न एवं आभूषण क्षेत्र से संबंधित सटीक और अलग आंकड़े तैयार करना शामिल है।

## रुपया 25 पैसे टूटकर 93.16 प्रति डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसीः** पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने के बीच अमेरिकी डॉलर की मांग में तेजी और कच्चे तेल में मजबूती रहने से सोमवार को रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर 25 पैसे टूटकर 93.16 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर गतिरोध बने रहने से वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई है और ईरान एवं अमेरिका के बीच ताजा टकराव के कारण डॉलर की मांग बढ़ने से रुपये पर दबाव बना रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.73 पर खुला और कारोबार के दौरान 92.70 के उच्च स्तर तक गया। हालांकि, कारोबार के दौरान रुपये ने 93.24 प्रति डॉलर के निचले स्तर को भी छुआ।



पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव **महासंग्राम**



# नायडू ने महिला आरक्षण विधेयक रोकने के लिए द्रमुक-कांग्रेस की आलोचना की

कोयंबटूर, एजेंसी



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने महिला आरक्षण विधेयक को रोकने के लिए तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी द्रमुक, कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के सभी दलों पर सोमवार को हमला बोला। विजयवाड़ा से आज दोपहर यहां पहुंचे नायडू अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले राजग उम्मीदवारों के प्रचार के लिए आये थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसद में पेश किये गये परिसीमन प्रस्तावों और महिला आरक्षण विधेयक जैसे महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध करने के लिए विपक्षी दलों पर महिलाओं के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि इन विधेयकों का विरोध करके द्रमुक और उसके सहयोगियों ने राजग को नहीं, बल्कि महिलाओं को हराया है। नायडू ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के वास्तविक इरादे से लाया गया था लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस-द्रमुक ने राजनीतिक कारणों से इसे पारित होने से रोक दिया। उन्होंने आगे कहा कि इस विधेयक को अवरुद्ध कर, कांग्रेस और द्रमुक ने उन महिलाओं के साथ अन्याय किया है जो लंबे समय से समान प्रतिनिधित्व का इंतजार कर रही थीं। उन्होंने मांग की कि द्रमुक महिला आरक्षण विधेयक का विरोध करने पर अपना रुख स्पष्ट करे और महिलाओं के अधिकारों के प्रति अपने दृष्टिकोण की व्याख्या करे।

राजग गठबंधन की सहयोगी तेदेपा अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया से आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे दक्षिणी राज्यों में संसदीय सीटें बढ़ जातीं।

## गृहमंत्री जातीय जनगणना पर अपने इरादे स्पस्ट करें: तेजस्वी

पटना, एजेंसी

राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जनगणना-2027 की स्व-गणना प्रक्रिया के तहत अपना पंजीकरण सोमवार को पूरा किया और कहा कि गृहमंत्री को यह स्पस्ट करना चाहिए कि वह जातीय जनगणना के विषय पर क्या इरादा रखते हैं।

यादव ने कहा कि जातीय जनगणना पर संसद में अपनी बात कहते समय देश के गृहमंत्री अमित शाह को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वर्ण-व्यवस्था में बँटे भारतीय समाज में जाति के नाम पर मकान ही नहीं बल्कि मोहल्ले टोले, इलाके और संपूर्ण गांव भी होते है। देश के अधिकांश राज्यों में असंख्य गांवों के नाम ही जातिसूचक है।

## संघ प्रमुख त्रिपुरा यात्रा पर पहुंचे

**अगरतला, एजेंसी :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भगवत दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को त्रिपुरा पहुंचे। इस दौरान वह मोहनपुर क्षेत्र में एक मंदिर का उद्घाटन करेंगे। प्रदेश के पश्चिम त्रिपुरा जिले में स्थित एक धार्मिक संगठन चिन्मय मिशन के परिसर में मां सौदर्य चिन्मयी मंदिर स्थित है जो देवी त्रिपुर सुंदरी को समर्पित है।

# बंगाल में भाजपा दुर्गा स्क्वाड बनाएगी सातवां वेतन आयोग लागू करेगी : राजनाथ

सैंथिया (पश्चिम बंगाल),एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को तृणमलू कांग्रेस पर पश्चिम बंगाल को अराजकता के दौर में धकेलने का आरोप लगाया। उन्होंने वादा किया कि अगर बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनती है, तो महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा स्क्वाड का गठन किया जाएगा और राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए सातवां वेतन आयोग लागू किया जाएगा।

राजनाथ ने बीरभूम जिले के सैंथिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल पर बंगाल में भय, भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल कायम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि असुरक्षा और सरकारी समर्थन की कमी के कारण उद्योग और निवेशक राज्य छोड़कर जा रहे हैं। राजनाथ ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से पूछा कि देश के अन्य हिस्सों में विकास के बावजूद उनका राज्य क्यों पिछड़ रहा है। राजनाथ ने कहा कि तृणमूल सरकार के तहत भ्रष्टाचार बढ़ा है, भूमि माफिया बढ़े हैं और भाई-भतीजावाद बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा राज्य में सरकार बनाती है, तो गुंडे और अपराधी या तो जेल में होंगे या अपने घरों में छिपते फिरेंगे।



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार को पश्चिम बंगाल के बीरभूम में एक जनसभा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह (बीच में) का भाजपा नेता स्वागत करते हुए।

रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि जहां अन्य राज्यों में बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है, वहीं गुंडों और अपराधियों की मौजूदगी तथा राज्य सरकार से सुरक्षा के अभाव के कारण निवेशक बंगाल आने से हिचकिचा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल के शासन में बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति में तेजी से गिरावट आई है और राज्य में महिलाएं अब सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। राजनाथ ने ममता के बांग्ला निजेर मेयेकेई चाय का जिक्र करते हुए कहा कि आज बंगाल की माताएं, बहनें और बेटियां भी सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। हत्या, लूटपाट और अन्य अपराध खुलेआम हो रहे हैं। उन्होंने वादा किया कि भाजपा सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए दुर्गा स्क्वाड का गठन करेगी। राजनाथ ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार के लिए हम दुर्गा स्क्वाड बनाएंगे। महिलाओं को परेशान करने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में भय का माहौल है और लोग भाजपा के लिए खुले तौर पर समर्थन व्यक्त करने से डरते हैं। राजनाथ ने कहा कि राजनीति "न्याय और मानवता" पर आधारित होनी चाहिए, न कि धर्म या जाति पर।

उन्होंने बेरोजगारी को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि बंगाली युवा काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। राजनाथ ने बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का वादा करते हुए कहा कि भाजपा राज्य में पांच साल में पांच लाख नौकरियां उपलब्ध कराएगी। उन्होंने राज्य सरकार के कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि भाजपा सत्ता संभालने के डेढ़ महीने के भीतर सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करेगी।

बांग्लादेश से घुसपैठ के मुद्दे का जिक्र करते हुए राजनाथ ने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के काम में देरी की है। उन्होंने दावा किया कि जब मैं केंद्रीय गृह मंत्री था, तब मैंने भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन की मांग की थी। राज्य सरकार ने जमीन उपलब्ध कराने का वादा किया था, लेकिन लंबे समय तक ऐसा नहीं किया। अंततः अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा और तभी जमीन उपलब्ध कराई गई।

राजनाथ ने कहा कि भाजपा घुसपैठ रोकने के लिए कड़े कदम उठाएगी और सीमा पर बाड़ लगाने का काम भी पूरा करेगी।

## विपक्ष नहीं चाहता महिलाओं की भागीदारी बढ़े: सम्राट

**पटनाः** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समेत अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया



कि विपक्षी पार्टियां नहीं चाहतीं कि सामान्य और गरीब वर्ग की महिलाएं सांसद और विधायक बनें। चौधरी ने कहा राहुल गांधी केवल अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा और राजद नेता लालू प्रसाद यादव अपनी बेटी को सांसद देखना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के महिला मोर्चा के आह्वान पर निकाली गई जन-आक्रोश महिला पदयात्रा में भाग लेने के बाद आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यह पदयात्रा महिला आरक्षण संशोधन अधिनियम, यानी लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक के लोकसभा में पारित नहीं हो पाने के विरोध में आयोजित की गई।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक विधेयक नहीं है, यह देश की आधी आबादी से जुड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

अमृत विचार



## वर्ल्ड ब्रीफ

### मादक पदार्थों की तस्करी कर रही नौका पर हमले में तीन मरे

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने कैरेबियाई सागर में मादक पदार्थ ले जा रही एक नौका पर रविवार को हमला किया जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। अब तक ऐसे हमलों में लगभग 181 लोग मारे जा चुके हैं। इसी तरह के हमले पूर्वी प्रशांत महासागर में भी हुए हैं। ईरान युद्ध के बावजूद पिछले करीब एक सप्ताह में इस तरह के हमले फिर तेज हुए हैं। इससे संकेत मिलता है कि पश्चिमी गोलार्ध में मादक पदार्थ आतंकवाद को रोकने के लिए अमेरिका के आक्रामक कदमों में कोई कमी नहीं आई है। अमेरिकी सेना ने हालांकि यह साबित करने के लिए कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि जिन पोतों को निशाना बनाया गया, उनमें मादक पदार्थ थे।

### लंदन : यहूदी उपासना गृह में आगजनी के आरोप में दो गिरफ्तार

**लंदन।** ब्रिटिश पुलिस ने उत्तर-पश्चिमी लंदन के एक यहूदी उपासना गृह में सप्ताहांत हुई आगजनी की घटना के सिलसिले में दो किशोरों को गिरफ्तार किया है। यहूदी समुदाय के नेताओं ने अपने संस्थानों को निशाना बनाकर किए जा रहे हमलों की बढ़ती घटनाओं पर गहरी चिंता जताई है। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस सेवा के उपायुक्त मैट ज्यूक्स ने सोमवार को बताया कि हैरो स्थित केंटन यूनाइटेड सिनैगॉग पर हुए हमले में 17 और 19 वर्ष के दो किशोरों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों में यहूदी ठिकानों और ईरान सरकार के आलोचक एक फारसी मीडिया संगठन पर हुए छह हमलों के संबंध में अब तक 15 गिरफ्तारियां की जा चुकी हैं।

### राजस्थान में हवाई हमले से बचाव के लिए होगा ब्लैक आउट

**अलवर।** राजस्थान के अलवर जिले में नागरिक सुरक्षा तैयारियों के मद्देनजर बाहरी/हवाई आक्रमण से बचाव एवं आवश्यक तैयारियों के तहत मंगलवार को सायं साढ़े छह बजे से अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया अभ्यास बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय में होगा और ब्लैक आउट रात करीब पौने आठ बजे से इसी महाविद्यालय के आसपास के क्षेत्र जिसमें कर्मचारी कॉलोनी, अशोक विहार, रेलवे पुलिया के निकट क्षेत्र में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ब्लैक आउट किये जाने वाले क्षेत्र में रात्रि के समय सायरन बजा कर स्थानीय नागरिकों को ब्लैक आउट की सूचना दी जाएगी।

# प्रधानमंत्री के हाथों उद्घाटन से ऐन पहले राजस्थान की रिफाइनरी में भीषण आग

## फायर ब्रिगेड की 20 से ज्यादा टीमों ने घंटों मशक्कत के बाद पाया काबू, जांच का आदेश

**जयपुर/नई दिल्ली, एजेंसी**

राजस्थान के बालोतरा जिले में स्थित पचपदरा रिफाइनरी की एक यूनिट में सोमवार को भीषण आग लग गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मंगलवार को इस रिफाइनरी का उद्घाटन करना था। फायर ब्रिगेड की 20 से ज्यादा गाड़ियों और कई आपातकालीन टीमों ने कई घंटे तक मशक्कत करने के बाद आग को काबू तो कर लिया है लेकिन फिलहाल प्रधानमंत्री का दौरा रद्द कर उद्घाटन कार्यक्रम को टाल दिया गया है। घटना की उच्चस्तरीय जांच का आदेश दिया गया है।

आग गने की शुरुआत रिफाइनरी की कच्चे तेल की डिस्टिलेशन इकाई के पास हुई जो कुछ ही देर में काफी भीषण हो गई। इस घटना से रिफाइनरी में अफरा-तफरी की स्थिति पैदा हो गई। चना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू बुझाना शुरु कर दिया। कुछ घंटों बाद आपातकालीन टीमों ने विकराल आग पर पर काबू पा लिया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक दमकल की गाड़ियों ने करीब दो घंटे में आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि आग बुझाने

### घटना के बाद मोदी का दौरा टला उद्घाटन कार्यक्रम स्थगित

के बाद अब इससे हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पुलिस और प्रशासन के कई अधिकारी एवं उनकी टीमें मौके पर पहुंची है जो हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

पचपदरा रिफाइनरी का मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नरेंद्र के हाथों उद्घाटन किया जाना था जिसे आग लगने की घटना के बाद स्थगित कर दिया गया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस रिफाइनरी का लोकार्पण कार्यक्रम फिलहाल टाल दिया गया है और नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी।

इस घटना के कारण रिफाइनरी में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सोमवार का प्रस्तावित रद्द भी कर दिया गया। मुख्यमंत्री शर्मा ने रिफाइनरी में आग लगने की घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। शर्मा ने बताया कि रिफाइनरी में वर्तमान में स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है। घटना की उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं।



पचपदरा की रिफाइनरी में आग लगने के बाद आसमान में उठता काले धुएं का गुबार।

### 9,450 करोड़ की परियोजना, सालाना क्षमता 90 लाख टन

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक बालोतरा के पचपदरा में स्थित 79,450 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली यह परियोजना देश के ऊर्जा और पेट्रोरसायन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। साथ ही यह भारत का पहला नया एकीकृत रिफाइनरी सह पेट्रोरसायन परिसर भी है। इसी कारण प्रधानमंत्री मोदी के हाथों मंगलवार को इस रिफाइनरी का लोकार्पण कार्यक्रम तय किया गया था। यह परियोजना हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और राजस्थान सरकार के संयुक्त उपक्रम के रूप में विकसित की गई है। इसकी सालाना क्षमता 90 लाख टन होगी।

### सुरक्षा मानकों की अनदेखी हो सकती है कारण: कांग्रेस

इस बीच, विपक्षी दल कांग्रेस ने इस घटना को सुरक्षा में चूक का संकेत बताया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इस घटना को गंभीर और चिंताजनक बताते हुए कार्यक्रम से पहले तैयारियों पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोजन की जल्दबाजी में सुरक्षा मानकों से समझौता किया गया और परियोजना के क्रियान्वयन में देरी भी हुई। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सभी की सुरक्षा की कामना की।

# केजरीवाल को झटका, जज का खुद को सुनवाई से अलग करने से इन्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली हाईकोर्ट की न्यायाधीश स्वर्ण कांता शर्मा ने सोमवार को आबकारी नीति मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने से इन्कार करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और अन्य लोगों की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी वादी को बिना किसी सबूत के न्यायाधीश पर फैसला करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है और न्यायाधीश किसी वादी के पूर्वाग्रह के निराधार डर को दूर करने के लिए खुद को मामले से अलग नहीं कर सकते हैं।

एक घंटे से अधिक समय तक हुई सुनवाई में न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि किसी राजनीतिक नेता को बिना किसी आधार के किसी संस्था को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जा सकती क्योंकि किसी न्यायाधीश पर व्यक्तिगत हमला न्यायपालिका पर ही हमला होता है। न्यायमूर्ति शर्मा ने निष्कर्ष निकाला कि उन्हें हटाने की याचिकाओं में वर्णित विवरण अनुमानों और कथित झुकावों पर आधारित था। न्यायाधीश ने कहा, यह अदालत अपने और संस्था के लिए खड़ी रहेगी, मैं खुद को इस





● आप संयोजक से कहा- आपके तर्क अनुमानों पर आधारित, खारिज की याचिका

मामले से अलग नहीं करूंगी।

केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले में अपनी रिहाई के खिलाफ सीबीआई की याचिका की सुनवाई कर रही न्यायाधीश के खिलाफ कई आपत्तियां उठाई थीं, जिनमें यह भी शामिल था कि उन्होंने पहले उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उन्हें राहत देने से इन्कार कर दिया था और मनीष सिसोदिया और के. कविता सहित अन्य आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर राहत देने से भी इन्कार कर दिया था। केजरीवाल के अलावा आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक ने भी न्यायाधीश को मामले से अलग करने के लिए आवेदन दायर किए थे।

## रवि शंकर को यूनान में भारत के नया राजदूत नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ राजनयिक रवि शंकर को यूनान में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि रवि शंकर अपना नया पद भार जल्द ही संभालेंगे। भारतीय विदेश सेवा के 1995 बैच के अधिकारी रवि शंकर इस समय यूक्रेन में भारत के राजदूत हैं। वह विदेश मंत्रालय के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण पदों पर पर काम कर चुके हैं।

## उत्तर कोरिया में अब क्लस्टर बमों का परीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने सोमवार को इस महीने दूसरी बार क्लस्टर बमों से लैस बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया है, जिसे अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई रक्षा प्रणालियों से मुकाबला करने के लिए देश की क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। इस प्रक्षेपण के दौरान उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और उनकी बेटी भी मौजूद रहे।

उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण कोरिया, जापान और अमेरिका ने उत्तर कोरिया के पूर्वी तट से दूर कई बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण का पता लगाया है। केसीएनए की ओर से जारी तस्वीरों में उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और उनकी बेटी एक तटीय निगरानी क्षेत्र से पानी के ऊपर से गुजरते हुए एक प्रक्षेपास्त्र को देखते नजर आ रहे हैं।

इस दौरान दोनों ने काले रंग की चमड़े की जैकेट पहनी हुई है। दक्षिण कोरिया की खुफिया सेवा ने हाल में कहा था कि किम की बेटी का नाम किम जू ऐ है और वह किम की उत्तराधिकारी बन सकती हैं।

# द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए भारत-अमेरिका के बीच वार्ता शुरू

**वाशिंगटन, एजेंसी**

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर सोमवार को वाशिंगटन में तीन दिनों की अहम बैठक शुरू हो गई। बुधवार तक चलने वाली इस वार्ता का मकसद दोनों देशों के बीच कारोबार के रास्ते में आने वाली रुकावटों को दूर करना है। यह बातचीत ऐसे समय में हो रही है जब पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण पूरी दुनिया में ऊर्जा का संकट बना हुआ है।

अमेरिकी व्यापार नीति में हाल ही में हुए बदलावों के कारण यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है। दरअसल अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति



● कारोबार में आने वाली रुकावटों पर वाशिंगटन में शुरू हुई चर्चा

डोनाल्ड ट्रंप की आपातकालीन शक्तियों (1977 का कानून) के तहत लगाए गए आयात शुल्क को रद्द कर दिया था, जिसके बाद ट्रंप प्रशासन ने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत का एक समान शुल्क लागू कर दिया है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव और मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन कर रहे हैं। 12 सदस्यों वाली इस टीम में वाणिज्य, सीमा शुल्क और विदेश मंत्रालय के अधिकारी शामिल हैं।

अक्टूबर 2025 के बाद दोनों देशों के बीच यह पहली आमने-सामने की बैठक है। सात फरवरी 2026 में जारी किए गए मसौदे को अमेरिकी टैरिफ नीति में आए बदलावों के बाद अब फिर से नए सिरे से तैयार करने की जरूरत है। फरवरी के मसौदे में अमेरिका ने भारतीय सामानों पर आयात शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर लगभग 18 प्रतिशत करने और कुछ विशेष क्षेत्रों से आयात शुल्क को हटाने का प्रस्ताव दिया था।

## पूर्वी चीन सागर में चीनी निर्माण पर भड़का जापान

**टोक्यो।** जापान सरकार ने पूर्वी चीन सागर में नये ढांचे निर्माण करने की चीन की कोशिशों पर सोमवार को कड़ा विरोध दर्ज कराया है। दोनों एशियाई देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच यह नया विवाद सामने आया है।

जापान के विदेश मंत्रालय ने कहा, चीन पिछले कुछ वर्षों से पूर्वी चीन सागर में प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के लिए गतिविधियों में तेजी ला रहा है। जापान ने पुष्टि की है कि दोनों देशों के बीच की भौगोलिक मध्य रेखा (इक्विडिस्टेंस लाइन) के चीनी हिस्से में अब तक कुल 23 ढांचे बनाए जा चुके हैं। हाल ही में जापान ने इसी क्षेत्र के पश्चिमी हिस्से में चीन द्वारा एक नया ढांचा स्थापित करने की गतिविधि की पहचान की है।

# एक्स पर बाल यौन शोषण की तस्वीरें, मस्क फ्रांस में तलब

**पेरिस।** फ्रांस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बाल यौन उत्पीड़न की तस्वीरें और डीपफेक कंटेंट साझा किए जाने से जुड़े आरोपों की जांच के सिलसिले में सोमवार को अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क को समन भेजा है। पेरिस के अभियोजन कार्यालय के मुताबिक मस्क और एक्स की पूर्व सीईओ लिंडा याकारिनो को स्वैच्छिक पूछताछ के लिए तलब किया गया है, एक्स के अन्य कर्मचारियों को इस सप्ताह गवाह के रूप में पेश होना है।



● एक्स की सीईओ लिंडा याकारिनो को भी जारी किया गया समन

मस्क को फरवरी में एक्स के फ्रांस स्थित दफ्तरों में हुई छापेमारी के बाद तलब किया गया था। यह छापेमारी जनवरी 2025 में पेरिस अभियोजक कार्यालय की साइबर अपराध इकाई द्वारा शुरू की गई जांच के तहत ली गई थी। मस्क और याकारिनो उस समय एक्स का प्रबंधन संभाल रहे थे। याकारिनो मई 2023 से जुलाई 2025 तक कंपनी की सीईओ रहीं। अभियोजकों ने कहा, ये पूछताछ उन्हें तथ्यों पर स्थिति स्पष्ट करने का अवसर देने के लिए हैं। इस चरण में जांच की प्रक्रिया एक रचनात्मक दृष्टिकोण के तहत जारी है, जिसका अंतिम उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एक्स फ्रांस में काम करते समय फ्रांसीसी कानूनों का पालन करे।

## एक बंद आंख भी आपको हर वक्त देखती है

# आपके मोबाइल फोन का कैमरा





**आपके मोबाइल फोन का कैमरा एक ऐसी आंख है जो आप पर हर वक्त नजर रखती है। तब भी जब वह बंद है। कल्पना करिए, आप अपने बेडरूम में अकेले हैं, आपका फोन साइड टेबल पर उल्टा रखा है। ऐसे में आप अगर सुरक्षित महसूस कर रहे हैं तो शायद नहीं जानते कि साइबर दुनिया में कैमरा हाइजैकिंग और विजुअल मेटाडेटा के जरिए आपकी प्राइवेसी एक पारदर्शी कांच के घर जैसी बन चुकी है।**

### जासूसी जो आप नहीं देखते

- हम सोचते हैं कि कैमरा तभी काम करता है जब हम एप खोलते हैं लेकिन सच यह है कि कई एप्स बैकग्राउंड परमिशन के जरिए आपके कैमरे का इस्तेमाल एनवायरनमेंट मैपिंग के लिए करते हैं।
- दुनिया की बड़ी टेक कंपनियां एआई का इस्तेमाल करके यह पता लगाती हैं कि आपके कमरे में किस ब्रांड का सोफा है, आपके पीछे कौन सी पेंटिंग लगी है, या आपकी कलाई पर कौन सी घड़ी है।
- आप इस बात पर चौंक सकते हैं कि आपने कभी सर्च नहीं किया, लेकिन आपको प्रीमियम घड़ियों के विज्ञापन आने लगते हैं, मगर वजह ये है कि आपके फोन ने आपकी कलाई पर उसे देख लिया था।





**कैमरे की नजर से खुद को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि बहुत ही निजी जगहों पर फोन को तकिए के नीचे या दराज के अंदर रखें।**

### आपकी फोटो की जन्म कुंडली

- जब आप एक सुंदर सूर्यास्त की फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर डालते हैं तो आप सिर्फ तस्वीर नहीं भेजते। उस फोटो के पीछे छिपा एक्सिफ डेटा बहुत कुछ बता देता है।
- आपकी जीपीएस लोकेशन भले बंद हो, पता लगता है कि तस्वीर किस समय ली गई और उस वक्त आपके फोन की ऊंचाई क्या थी। सेंसर डेटा से इसका अंदाजा लगता है।

### डिजिटल प्राइवेसी को कैसे लॉक करें

- कैमरा कवर सबसे पुराना और सबसे कारगर तरीका है। एक छोटा सा प्लास्टिक स्लाइडर अपने फ्रंट और बैक कैमरे पर लगाएं। जब तक आप उसे खुद नहीं खोलेंगे दुनिया की कोई ताकत आपको देख नहीं पाएगी। मार्क जुकरबर्ग भी अपने लैपटॉप पर टेप लगाकर रखते हैं)
- एंड्रॉइड फोन के डेवलपर ऑप्शंस में जाकर सेंसर ऑफ का बटन शॉर्टकट में जोड़ें। इसे दबाते ही कैमरा और माइक्रोफोन ब्लॉक हो जाते हैं। देखें कि किन एप्स को कैमरे की परमिशन मिली हुई है। कैलकुलेटर या टॉर्च एप को कैमरे की जरूरत क्यों है। उसे डोंट अलाउ करें।

### आई ट्रैकिंग...आपकी कमजोरी पर नजर

कुछ भविष्यवादी एल्गोरिदम अब आपकी पुतलियों की हरकत को ट्रैक कर रहे हैं। जब आप फोन पर स्क्रॉल करते हैं तो फ्रंट कैमरा यह नोट करता है कि आपकी आंखें किस विज्ञापन या किस तरह की इमेज पर ज्यादा देर तक रुकीं। अगर आपकी पुतलियां किसी डिस्काउंट सेल को देखकर फैलती हैं तो एआई समझ जाता है कि आपको कब और कैसे लालच देना है।

### एक चौंकाने वाला तथ्य ...

एक रिसर्च के अनुसार, हैकर्स क्लिकजैकिंग के जरिए एक इनविजिबल लेयर बना देते हैं। आप स्क्रीन पर किसी गेम के बटन को दबाते हैं लेकिन असल में आप बैकग्राउंड में अपने कैमरे को फोटो खींचने की परमिशन दे रहे होते हैं। लिहाजा अगली बार जब आप फोन के सामने मुस्कुराएं भी तो याद रखें कि हो सकता है कोई और भी उस मुस्कुराहट को देख रहा हो सकता है। तकनीक लगातार आपको अपनी प्राइवेसी बचाए रखने की चुनौती दे रही है।

## यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के मुंबई व चेन्नई परिसरों के लिए आवेदन शुरू

**मुंबई।** यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया (यूडब्ल्यूए) के मुंबई और चेन्नई स्थित परिसरों के लिए आवेदन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। यूडब्ल्यूए इसके साथ ही एक ही समय में भारत में दो परिसर स्थापित करने वाला एकमात्र विदेशी विश्वविद्यालय बन गया है।

विश्वविद्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक इच्छुक छात्र अब उद्योग-सुसंगत तथा तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के चयनित विकल्पों में दाखिला ले सकते हैं। उपलब्ध पाठ्यक्रमों में कॉम्प्यूटर साइंस, साइबर सिक्युरिटी, डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिजनेस मैनेजमेंट, ग्लोबल बिजनेस, एंटरप्राइजेज एंड इनोवेशन, इकोनॉमिक्स, मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) तथा मास्टर ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी शामिल हैं। यूडब्ल्यूए के कुलपति प्रो. अमित चकमा ने कहा, भारत में हमारे परिसरों के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होना यूडब्ल्यूए की यात्रा का एक महत्वपूर्ण चरण है। मुंबई और चेन्नई के माध्यम से अधिकाधिक भारतीय विद्यार्थियों को देश में रहकर वैश्विक स्तर की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

● भारत में एक साथ दो परिसर शुरू करने वाला पहला विदेशी विश्वविद्यालय

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आपको अपनी गति थोड़ा नियंत्रित रखनी होगी। तेजी से काम करने से नुकसान हो सकता है। दिन के अंत में राहत महसूस होगी।

**वृष** — आज आपके लिए दिन मजबूत रहेगा। आप अपने फैसलों पर टिके रहेंगे। काम में स्थिरता आएगी और लोग आपकी बात को महत्व देंगे।

**मिथुन** — आज हर बात में तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। शांत रहकर काम करने से बेहतर परिणाम मिलेंगे। व्यापार में बड़ी साझेदारी हो सकती है।

**कर्क** — आज लोगों के साथ जुड़कर काम करने से लाभ मिलेगा। किसी पुराने संपर्क से भी मदद मिल सकती है।

**सिंह** — आज काम को लेकर ज्यादा जिम्मेदारी लेनी पड़ सकती है। कोई महत्वपूर्ण काम आपके भरोसे आ सकता है।

**कन्या** — आज आपके लिए कुछ नया सीखने का दिन है। अलग तरीके से काम करने का मौका मिलेगा। बदलाव को अपनाने से फायदा होगा।

**तुला** — आज का दिन कारोबारियों के लिए अच्छा नहीं है। किसी बात को लेकर मन अस्थिर हो सकता है। निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें।

**वृश्चिक** — आज व्यापार में बड़ा लाभ मिल सकता है। अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। यात्रा मंगलमय रहेगी।

**धनु** — आज का दिन नया प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए अनुकूल है। शांतिपूर्वक अपना काम करने का प्रयास करें। दर्द की शिकायत हो सकती है।


**मकर** — आज का दिन सकारात्मक रहेगा। कोई रचनात्मक काम आपको आगे बढ़ा सकता है। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है।

**कुंभ** — आज शंकालु स्वभाव के कारण परेशानी होगी। अपनी योजनाओं को जल्दबाजी में क्रियान्वित न करें। अपनी रुचि के अनुसार काम करें।

**मीन** — आज छोटे मौके को नजरअंदाज न करें। कोई नई बात आपके काम आ सकती है। आपके घर में रिश्तेदार आ सकते हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com





**आज की ग्रह स्थिति :** 21 अप्रैल, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी 22 अप्रैल 01.19 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।

**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**- मृगशिरा 23 .58 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

### सुडोकू - 125 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 8 | 1 | 6 | 3 | 5 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | 3 | 6 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 7 | 1 | 6 |
| 9 | 5 | 7 | 6 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 4 | 3 | 9 | 1 | 8 | 6 | 7 | 5 |

### सुडोकू -126

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 9 | 3 | 7 | 6 | | |
| | | | | 8 | | 2 | | |
| 5 | | 9 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | 6 | | 7 | | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | | 2 | | | | 9 | | 6 |
| | | 4 | | 5 | | | | |
| 3 | | 6 | | 2 | 9 | | | 5 |

## बुजुर्ग महिला का 250 ग्राम सोना चुराने वाली गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के केशवपुरम इलाके में 82 वर्षीय महिला के घर से लगभग 250 ग्राम सोने के आभूषण चुराने के आरोप में 40 वर्षीय घरेलू सहायिका को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान सुखवती के रूप में हुई है, जो लॉरेंस रोड पर झुग्गी में रहती है। उसके घर से चोरी का सारा सोना बरामद कर लिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक के घर से सोने के आभूषणों की चोरी के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई, जिसके बाद केशव पुरम थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई और जांच शुरू की गई।

**मुश्किल चुनौती** | तनाव और संघर्ष की वैश्विक स्थितियों को माना जा रहा है कम नामांकन का कारण, पिछले चुनाव में थे 13 दावेदार

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के लिए सिर्फ चार उम्मीदवार

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र का अगला महासचिव बनने के लिए चार उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है और वे अपनी दावेदारी पेश करने के लिए इस सप्ताह संगठन के 193 सदस्यों के राजदूतों के प्रश्नों के उत्तर देंगे। यह संख्या 10 वर्ष पहले जब अंटोनियो गुटारेस का संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के रूप में चयन हुआ था, तब की तुलना में काफी कम है।

चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बेचेलेट मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के राजदूतों के समक्ष तीन घंटे के प्रश्नोत्तर सत्र में सबसे पहले



शामिल होंगी। इस पद के उम्मीदवारों में बेचेलेट समेत दो महिलाएं और लातिन अमेरिका के तीन उम्मीदवार शामिल हैं। बेचेलेट के बाद अर्जेंटीना के संयुक्त राष्ट्र परमाणु प्रमुख राफेल मारियानो ग्रोसी का नंबर आएगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार प्रमुख रेबेका ग्रिंसपैन बुधवार को महासभा कक्ष में प्रश्नों का उत्तर देंगी और अंत में सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी साल पेश होंगे। इस पद के लिए 2016 में 13 उम्मीदवार मैदान में उतरे थे और मुकाबला काफी कड़ा था। इस बार संख्या कम होने पर सवाल उठ रहे हैं।

एक कारण यह है कि 2026 की दुनिया गहरे ध्रुवीकरण और संघर्षों से घिरी हुई है और मौजूदा परिस्थितियां 2016 के शांत वैश्विक माहौल से काफी अलग हैं। यह भी माना जा रहा है कि इसका कारण संयुक्त राष्ट्र की घटती साख भी है। यह संस्था एक दशक पहले जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए पेरिस जलवायु समझौते को साकार करने में अपनी भूमिका और वैश्विक आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने, पर्यावरण रक्षा करने तथा अमीर-गरीब देशों के बीच बढ़ती खाई कम करने के लिए 17 लक्ष्यों पर विश्व के नेताओं की सहमति बनने को लेकर उत्साहित थी।

### हिचकिचाहट... सरकारों को चीन और अमेरिका की नाराजगी का ख्याल

संयुक्त राष्ट्र मामलों के जानकार और 'इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप' के कार्यक्रम निदेशक रिचर्ड गोवान ने कहा कि अंटोनियो गुटारेस के उत्तराधिकारी की दौड़ पर मौजूदा भू राजनीतिक स्थिति का असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि 10 वर्ष पहले कई उम्मीदवार यह जानते हुए भी मैदान में उतरे थे कि उनके जीतने की संभावना बहुत कम है। इस बार संभावित उम्मीदवार और उन्हें नामित करने वाली सरकारें अधिक सतर्क हैं। अब यह भावना है कि यदि कोई उम्मीदवार कोई गलती कर बैठा और उसने अमेरिका या चीन को नाराज कर दिया तो इससे कूटनीतिक नुकसान हो सकता है। गुटारेस का पांच वर्षीय दूसरा कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा है।





स्टेडियम

कानपुर, मंगलवार, 21 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## IPL 2026

### आज के मुकाबले

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
दिल्ली कैपिटल्स

समय - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप





- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-283 रन
- शुभमन गिल गुजरात-251 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु-247 रन

### पर्पल कैप





- अंशुल कंबोज चेन्नई - 13 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात - 12 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ- 11 विकेट

# मुंबई की आधी टीम पैवेलियन लौटने पर उतरे तिलक वर्मा का शतकीय प्रहार


## आईपीएल-2026 : गुजरात टाइटंस को दिया 200 रनों का लक्ष्य

अहमदाबाद, एजेंसी

तिलक वर्मा के नाबाद तूफानी शतक से मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ पांच विकेट पर 199 रन बनाए। तिलक ने आईपीएल के अपने पहले शतक के दौरान 45 गेंद में आठ चौकों और सात छक्कों से नाबाद 101 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान हार्दिक पंड्या (15 रन, 16 गेंद, एक चौका) के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 और नमन धीर (45) के साथ चौथे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी भी की।

तिलक की पारी की बदौलत मुंबई की टीम अंतिम चार ओवर में 73 रन जोड़ने में सफल रही। टाइटंस की ओर से कागिसो रबाडा सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 33 रन देकर तीन विकेट चटकाए। मोहम्मद सिराज ने 25 जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 54 रन देकर एक-एक विकेट हासिल किया।

शुभमन गिल ने टॉस जीतकर मुंबई इंडियन्स को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया जिस फैसले को रबाडा ने सही साबित करते हुए चौथे ओवर में 25 रन तक दोनों सलामी बल्लेबाजों क्विंटन डिकॉक (13) और दानिश मालेवार (02) को पवेलियन भेज दिया। रबाडा ने पारी के दूसरे ओवर में टी20 क्रिकेट में पदार्पण कर रहे मालेवार को पगबाधा किया और फिर अगले ओवर में डिकॉक को अपनी ही गेंद पर लपका। अच्छी फॉर्म में चल रहे नमन धीर ने मोहम्मद सिराज पर लगातार दो चौकों के साथ शुरुआत की। सूर्यकुमार यादव (15) ने भी रबाडा की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा लेकिन इस तेज गेंदबाज ने इसी ओवर में उन्हें बोल्ड कर दिया।



शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते तिलक वर्मा। एजेंसी

मुंबई इंडियन्स ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 46 रन बनाए। नमन और तिलक वर्मा ने इसके बाद पारी को संभाला। नमन ने अशोक शर्मा पर लगातार दो चौके जड़ने के बाद वाशिंगटन सुंदर की लगातार गेंदों पर भी छक्का और चौका मारा।

मुंबई को इसके बाद बड़ा झटका लगा जब प्रसिद्ध कृष्णा की धीमी गेंद को पुल करने की कोशिश में नमन ने डीप स्क्वायर लेग बाउंड्री पर रबाडा को कैच थमा दिया। उन्होंने 32 गेंद का सामना करते हुए छह चौके और एक छक्का मारा। मुंबई के रनों का शतक 14वें ओवर में पूरा हुआ।

तिलक ने प्रसिद्ध की लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके जड़कर तेवर दिखाए। उन्होंने 18वें ओवर में अशोक की लगातार गेंदों पर तीन छक्के और दो चौके से 26 रन बटोरे और इस दौरान 33 गेंद में मौजूदा सत्र का अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। अगले ओवर में सिराज की गेंद पर ग्लेन फिलिप्स ने पंड्या का शानदार कैच लपका। तिलक ने प्रसिद्ध के अंतिम ओवर में दो छक्कों और दो चौकों के साथ 45 गेंद में शतक पूरा किया।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 0.599 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.566 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.310 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.018 |
| 7. | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -0.780 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -1.173 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |
| 10. | मुंबई इंडियंस | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | -1.076 |

## हम एक-दूसरे से छोटी-छोटी चीजें सीखते हैं : कोनोली

मुल्लांपुर, एजेंसी

पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कूपर कोनोली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी टीम के अब तक के अजेय अभियान का श्रेय टीम के अंदर सकारात्मक माहौल और एक दूसरे से छोटी-छोटी चीज सीखने को दिया। कोनोली की 46 गेंद पर 87 रन की पारी और सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (37 गेंदों में 93 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 182 रन की साझेदारी की मदद से पंजाब किंग्स ने रविवार को यहां सात विकेट पर 254 रन बनाए और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 54 रन की आसान जीत दर्ज की।कोनोली ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा हम सभी इस बात पर चर्चा करते हैं कि एक-दूसरे के लिए क्या कारगर है। हम एक-दूसरे से छोटी-छोटी बातें सीखते हैं। हमें एक-दूसरे से छोटी-छोटी चीजें सीखने का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा हम सभी बेहतर होने की कोशिश कर रहे हैं। खेल का यही उद्देश्य होता है। सर्वश्रेष्ठ टीम बनना। हम एक टीम के रूप में बेहतर होने के लिए एक-दूसरे से सीख लेते हैं। कोनोली ने कप्तान श्रेयस अय्यर की टीम का शानदार तरीके से नेतृत्व करने के लिए सराहना की। पंजाब ने अब तक पांच मैच जीते हैं जबकि उसका एक मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। वह अभी छह मैचों में 11 अंकों के साथ आईपीएल तालिका में शीर्ष पर है। कोनोली ले कहा वह (श्रेयस) खुद एक उदाहरण पेश करके नेतृत्व करते हैं। वह हमेशा यह कोशिश करते हैं कि टीम के सभी खिलाड़ी सहज महसूस करें। वह खिलाड़ियों को हमेशा बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि सभी खिलाड़ी खुश होकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। प्रियांश के साथ अपनी साझेदारी के बारे में कोनोली ने कहा प्रियांश पिछले साल से ऐसा प्रदर्शन कर रहा है। मुझे उसे बल्लेबाजी करते देखना अच्छा लग रहा था। मुझे लगता है कि पहले बल्लेबाजी करने पर खेल में ज्यादा बदलाव नहीं आता। आप बस अच्छे क्रिकेट शॉट खेलने की कोशिश करते हैं, गेंदबाजी आक्रमण पर दबाव बनाते हैं और ढीली गेंदों का फायदा उठाते हैं।



### हाईलाइट

## गोल्फर हन्ना ग्रीन ने जीती जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप



**लॉस एंजिलिस।** जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप में हन्ना ग्रीन ने प्रतियोगिता का खिताब जीता। उन्होंने अंतिम दौर में चार अंडर 68 के स्कोर से कुल 17 अंडर 271 का स्कोर बनाया। इस प्रतियोगिता में भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में चार ओवर 76 के स्कोर से संयुक्त 51वें स्थान पर रहीं। अदिति ने अंतिम दौर में एक बर्डी की लेकिन वह दो बोगी और एक ट्रिपल बोगी कर गईं जिससे उनका स्कोर चार ओवर रहा। वर्ष 2017 में लेडीज पीजीए से जुड़ने वाली अदिति को टूर पर अपनी पहली जीत का इंतजार है।

## लखनऊ सुपर जाएंट्स से जुड़ सकते हैं जॉश इंग्लिस

**लखनऊ।** मुश्किलों से जूझ रही लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए सत्र के बीच में एक बड़ी राहत की खबर है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के तूफानी बल्लेबाज जोश इंग्लिस चार मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले आईपीएल मैच से पहले टीम में शामिल हो सकते हैं। अपनी शादी की वजह से 31 साल के इंग्लिस ने सत्र के पहले हाफ में नहीं खेलने का फैसला किया था। 18 अप्रैल को शादी के बंधन में बंधने के बाद इंग्लिस के कुछ समय के ब्रेक के बाद भारत आने की उम्मीद है। उन्हें लखनऊ ने आठ करोड़ 60 लाख रुपये में खरीदा था।

# मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को हरा खिताबी दौड़ को रोमांचक बनाया

### प्रीमियर लीग

मैनचेस्टर, एजेंसी

स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड कि दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को 2-1 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को रोमांचक बना दिया है। इस जीत से इस सिटी के 32 मैच में 67 अंक हो गए हैं जबकि शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के 33 मैच में 70 अंक हैं। तीसरे और चौथे नंबर पर काबिज मैनचेस्टर यूनाइटेड और एस्टन विला के समान 58 अंक हैं।

मैनचेस्टर सिटी को रेलीगेशन के खतरे से जूझ रही बर्नली के खिलाफ मैच खेलना है और संभावना है कि पेप गार्डियोला की टीम इस मैच में जीत हासिल करके आर्सेनल की बराबरी पर पहुंच जाएगी और पांच दौर के मैच शेष रहते हुए बढ़त हासिल कर लेगी।

हालैंड ने 65वें मिनट में गोल किया जो उनका लीग में 23वां गोल है और वह इस प्रतियोगिता के मौजूदा सत्र में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। रायन चेर्की ने 16वें मिनट में सिटी को बढ़त दिलाई, लेकिन आर्सेनल ने दो मिनट बाद ही काई हावर्ट्ज के गोल से बराबरी कर दी थी। इस बीच लिवरपूल और एस्टन विला ने स्टॉपेज टाइम में विजयी गोल दागने के बाद चैंपियंस लीग में जगह बनाने की तरफ कदम बढ़ाए।





आर्सेनल टीम को चकमा देकर गोल का प्रयास करता मैनचेस्टर सिटी का खिलाड़ी।

वर्जिल वैन डाइक ने अतिरिक्त समय के 10वें मिनट में हेडर से गोल करके लिवरपूल को एवर्टन के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाई। इस मैच में मोहम्मद सलाह ने रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला गोल किया। उन्होंने लिवरपूल की तरफ से 1992 (प्रीमियर लीग युग) के बाद सर्वाधिक गोल करने के स्टीवन जेरार्ड के बराबरी की। सलाह इस सत्र के बाद लिवरपूल छोड़ देंगे।

# घरेलू परिस्थितियों का लाभ लेना चाहेगा हैदराबाद

- दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला आज

हैदराबाद, एजेंसी

पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दोनों टीम के अभी छह-छह अंक है लेकिन सनराइजर्स का नेट रन रेट बेहतर है और इसलिए वह चौथे स्थान पर काबिज है। कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में सनराइजर्स की गेंदबाजी कमजोर नजर आ रही थी लेकिन उसने धीरे-धीरे इसमें सुधार कर लिया है। कमिंस भी टीम से जुड़ गए हैं लेकिन वह इस मैच में नहीं खेल पाएंगे।

सनराइजर्स की तरफ से पिछले दो मैच में अपेक्षाकृत कम चर्चित खिलाड़ियों प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन और शिवांग कुमार ने मौकों का पूरा फायदा उठाया है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हिंगे के शानदार प्रदर्शन के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ ईशान मलिंगा की अगुवाई में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उसकी टीम जीत हासिल करने में सफल रही। बल्लेबाजी सनराइजर्स का मजबूत पक्ष रहा है लेकिन पिछले कुछ मैच में उसके प्रमुख बल्लेबाज जैसे ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बनाए रख पाए हैं।



अभ्यास सत्र के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा (बाएं से दूसरे) और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल (दाएं से दूसरे। एजेंसी

### दिल्ली कैपिटल्स में निरंतरता की कमी

दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाई है। केएल राहुल, पथुम निसांका और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाजों ने रन बनाए हैं, लेकिन टीम को उनसे और अधिक योगदान की जरूरत है। पहले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले समीर रिजवी पिछले तीन मैच में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पाए जो दिल्ली कैपिटल्स के लिए चिंता का विषय है। दिल्ली की गेंदबाजी में हालांकि विविधता है और पिछले साल टीम की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की अनुपस्थिति के बावजूद उसके गेंदबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने किफायती गेंदबाजी और विकेट लेने की क्षमता का बेहतरीन तालमेल बिठाते हुए गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया है। उन्होंने अब तक पांच मैचों में सात विकेट लिए हैं।

### टीम

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ईशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी.

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, मिचेल स्टार्क, टी नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।


### गर्व की बात

## अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक साल में 65 किग्रा भार वर्ग में अपराजेय हैं भारतीय पहलवान सुजीत कलकल

# ऐसा नहीं है कि कोई मुझे हरा नहीं सकता : सुजीत

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पिछले एक साल में 65 किग्रा भार वर्ग में लगभग अजेय रहे भारतीय पहलवान सुजीत कलकल स्वयं को अपना आदर्श और जीत का प्रबल दावेदार मानते हैं लेकिन इसके साथ ही वह एलीट वर्ग की प्रतियोगिताओं में परिणाम को लेकर अनिश्चितता क प्रति भी जागरुक हैं। सुजीत ने जून 2025 में अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में मिली जीत के बाद से सीनियर विश्व चैंपियनशिप को छोड़कर प्रत्येक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने हाल में बिश्केक में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उनका मानना है कि प्रदर्शन में निरंतरता और आत्मविश्वास उनकी सफलता की कुंजी रहे हैं।



सुजीत ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहामैं किसी खास व्यक्ति का अनुसरण नहीं करता। मुझे अपने मुकाबले देखना पसंद हैं, वह भी विशेषकर रविवार को। आप कह सकते हैं कि मैं खुद को अपना आदर्श मानता हूं। सुजीत भले ही किसी विशेष पहलवान को अपना आदर्श नहीं मानते, लेकिन वह योगेश्वर दत्त, बजरंग पूनिया और अमित धनकड़ जैसे दिग्गज पहलवानों की प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा मैं योगेश्वर दत्त और अन्य पहलवानों को देखता था। उनसे सहनशक्ति, गति और ताकत जैसी कई चीजें सीखने को मिलती हैं, लेकिन मैं अधिकतर अपने मुकाबलों का विश्लेषण करता हूं। हमारा कार्यक्रम व्यस्त रहता है, लेकिन रविवार या विश्राम के दिनों में मैं अपने और सीनियर पहलवानों के मुकाबले देखता हूं। इससे गलतियों की पहचान करने और उनमें सुधार करने में मदद मिलती है। सुजीत ने 65 किग्रा में अपने दबदबे के बावजूद यह मानने से इनकार कर दिया कि इस वजन वर्ग में उनका पूर्ण नियंत्रण है। उनसे पहले ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया इस भार वर्ग में भाग लेते थे। उन्होंने कहा ऐसा कुछ नहीं है कि कोई मुझे हरा नहीं सकता। हर कोई कड़ी मेहनत करता है। जिसका दिन अच्छा होता है, वही जीतता है। ईश्वर की कृपा से मैं अब तक जीतता आया हूं और आगे भी जीतता रहूंगा तथा अपने देश को गौरवान्वित करूंगा।

इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि आगामी एशियाई खेल में उनके प्रदर्शन की असली परीक्षा होगी। उन्होंने कहा मैं पिछले दो साल से किसी भारतीय पहलवान से नहीं हारा हूं। ईरान और जापान की बात करें तो एशियाई खेलों में हमें अपना स्तर पता चल जाएगा। अभी भी कुछ कमियां हैं और हम उन पर काम कर रहे हैं। अपनी मजबूत रक्षण और तीखे जवाबी हमले करने में माहिर सुजीत ने स्वीकार किया कि अब उनका ध्यान अपने आक्रामक खेल, सहनशक्ति और ताकत में सुधार करने पर है।

### कौशल को निखारने के लिए विभिन्न भार वर्गों में करते अभ्यास

सुजीत अपने कौशल को निखारने के लिए विभिन्न भार वर्गों में अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा हम ताकत और सहनशक्ति बढ़ाने के लिए अधिक वजन वाले पहलवानों तथा गति सुधारने के लिए 57 और 61 किग्रा भार वर्ग के पहलवानों के साथ अभ्यास करते हैं। इससे काफी मदद मिलती है। सुजीत ने कहा कि उनका ध्यान इस साल होने वाले एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप पर है क्योंकि दोनों प्रतियोगिताएं काफी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा एशियाई खेल चार साल में एक बार होते हैं और पिछली विश्व चैंपियनशिप में एक छोटी सी गलती के कारण मैं पदक से चूक गया था।

# विश्व एथलेटिक्स ने भारत को डोपिंग में बेहद जोखिम वाली श्रेणी में रखा

मोनाको, एजेंसी

पिछले दो वर्षों से डोपिंग के मामले में शीर्ष पर रहने के बाद विश्व एथलेटिक्स ने सोमवार को भारत को डोपिंग के मामले में बेहद जोखिम वाला देश करार दिया जिससे एथलीटों पर अधिक सख्त डोपिंग रोधी नियम लागू होंगे। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) बोर्ड ने हाल ही में लिए गए एक फैसले में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) को विश्व एथलेटिक्स के डोपिंगरोधी नियमों के नियम 15 के तहत श्रेणी बी से फिर से श्रेणी ए में रख दिया है।

एआईयू के अध्यक्ष डेविड हॉमन ने एक विज्ञप्ति में कहा भारत में डोपिंग की स्थिति लंबे समय से बेहद जोखिम वाली रही है और



दुर्भाग्य से घरेलू डोपिंग रोधी कार्यक्रम की गुणवत्ता डोपिंग के जोखिम के अनुपात में बिल्कुल भी नहीं है। उन्होंने कहा एएफआई ने हालांकि भारत में डोपिंग में सुधारों की वकालत की है लेकिन इसके बावजूद पर्याप्त बदलाव नहीं हुए हैं। एआईयू अब एएफआई के साथ मिलकर एथलेटिक्स खेल की अखंडता को बनाए रखने के लिए सुधार करने की दिशा में काम करेगा जैसा कि हमने श्रेणी ए में शामिल अन्य देशों के साथ किया है। भारत 2022 और 2025 के बीच एथलेटिक्स में डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघनों (एडीआरवी) के मामले में शीर्ष दो देशों में शामिल रहा है। एआईयू के अनुसार भारत में 2022 में 48 एडीआरवी (दूसरा स्थान), 2023 में 63 (दूसरा स्थान), 2024 में 71 (पहला स्थान) और 2025 में 30 एडीआरवी (पहला स्थान) दर्ज किए गए।

विश्व एथलेटिक्स डोपिंगरोधी नियमों के तहत एआईयू बोर्ड सभी सदस्य संघों को खेल में डोपिंग के जोखिम के आधार पर वर्गीकृत करता है। श्रेणी ए में उन सदस्य देश को रखा जाता है जहां डोपिंग का जोखिम सर्वाधिक होता है। इन देशों के प्रति डोपिंग के मामले में अधिक कड़ा रवैया अपनाया जाता है।